सूर्योदय 6:14 सूर्यास्त 6:37

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13.0 न्यू | 23.6 अधि |
| धर्मशाला | 17.3 न्यू | 26.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73651.35 |
| निफ्टी | 22326.90 |
| सोना | 67,310 |
| चांदी | 76,337 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 29 मार्च, 2024 | 16 चैत्र, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 100, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका: अवस्थी
- बागियों, निर्दलियों को गले लगाने से बदल रहे 'सियासी हालात'

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- तंबाकू बेचने पर 19 दुकानदारों के चालान
- कराल की सब्जी खाने से दूर होती हैं कई बीमारियां

पृष्ठ 4 पर पढ़ें



- विक्की चौहान के नाम रही होला मोहल्ला की पहली सांस्कृतिक संध्या
- कछुआ गति से चल रहा धरयार-नारग मरयोग सड़क के जीर्णोद्धार का कार्य

पृष्ठ 12 पर पढ़ें



- पूनम पांडे ने दिखाया अपना हॉट अंदाज
- आईपीएल का उद्घाटनी मुकाबला 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने देखा

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज का मैच



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु कोलकाता नाइट राइडर्स

स्थान: बेंगलुरु, समय : रात 7:30 बजे

# फिर चार दिन हिरासत में केजरीवाल

## झटका: राउज एवेन्यू कोर्ट ने ईडी की रिमांड अवधि एक अप्रैल तक बढ़ाई

- खुद की केस की पैरवी कहा- क्या गिरफ्तारी के लिए चार बयान काफी हैं?
- ईडी का मकसद गिरफ्तार करना था, यह राजनीतिक षड्यंत्र है
- बोले- 31 हजार पेज जमा किए, मेरा सिर्फ चार जगह जिक्र

एजेंसी, नई दिल्ली

**शराब** नीति केस में फंसे दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल चार दिन तक ईडी की हिरासत में ही रहेंगे। राउज एवेन्यू कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए केजरीवाल की रिमांड अवधि पहली अप्रैल तक बढ़ाने का फैसला सुनाया है।



केजरीवाल ने खुद अपने केस की पैरवी की। वह ऐसा करने वाले देश के पहले सिटिंग सीएम बन गए हैं। ईडी ने कोर्ट से केजरीवाल की सात दिन की कस्टडी और मांगी थी। केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी का विरोध करते हुए कहा कि इस केस में मेरा नाम सिर्फ चार जगह आया है। चार स्टेटमेंट दिए गए और उनमें से कोर्ट के सामने वह बयान लाया गया, जिसमें मुझे फंसाया गया। क्या ये चार स्टेटमेंट एक मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने के लिए काफी हैं? इसके जवाब में ईडी ने कहा कि मुख्यमंत्री कानून से ऊपर नहीं हैं। वहीं, कोर्ट में पेशी के लिए जाते वक्त उनसे पूछा गया कि एलजी ने कहा था कि सरकार जेल से नहीं चलेगी। इसके जवाब में केजरीवाल ने कहा कि ये पॉलिटिकल षड्यंत्र है, जनता इसका जवाब देगी।

### 100 करोड़ का घोटाला हुआ, तो पैसा कहां गया

**सीएम** केजरीवाल ने कोर्ट में कहा कि 22 अगस्त 2022 को ईडी ने ईसीआईआर दर्ज की और मुझको गिरफ्तार किया गया है। मुझे किसी कोर्ट में दोषी नहीं ठहराया गया है। ईडी अब तक 31 हजार पेज के दस्तावेज जमा कर चुकी है और मेरा सिर्फ चार बयान में जिक्र आता है। ऐसे में मेरा सवाल है कि क्या सिर्फ यह बयान ही मुझको गिरफ्तार करने के लिए काफी हैं? इस पर कोर्ट ने केजरीवाल से पूछा कि यह सब आप लिखित में क्यों नहीं दे रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि यह कथित घोटाला 100 करोड़ का बताया जा रहा है। ऐसे में यह पैसे है कहां? दरअसल घोटाला तो ईडी की जांच के बाद शुरू होता है। ईडी जितने दिन हमें रिमांड पर रखना चाहे वह मंजूर है। मुझे पता है कि ईडी के दो मकसद थे। पहला 'आप' को खत्म करना और दूसरा एक स्मोकस्क्रीन क्रिएट करना और जबरन वसूली कर वे पैसा इकट्ठा कर रहे हैं। यह एक राजनीतिक षड्यंत्र है और जनता इसका जवाब देगी।

### केजरीवाल के रिश्वत मांगने के सबूत हैं हमारे पास: ईडी

केजरीवाल के तमाम दलीलों के बाद ईडी ने कोर्ट के समक्ष अपनी बात रखी। ईडी के वकील ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने घूस ली और इसका इस्तेमाल गोवा के चुनाव में किया। हमारे पास इस बात के दस्तावेज मौजूद हैं कि हवाला रूट के जरिए इन पैसों का इस्तेमाल गोवा के चुनाव में किया गया। ईडी ने आगे कहा कि केजरीवाल ने बड़े-बड़े वकीलों को सुनवाई के लिए लगा रखा है। यह सुविधा हर आदमी के पास नहीं होती है, अगर किसी पर दबाव बनाकर बयान लिया गया है तो यह ट्रॉयल से जुड़ा हुआ मामला है। हमारे पास इस बात के पक्के सबूत हैं कि अरविंद केजरीवाल ने 100 करोड़ की रिश्वत मांगी।

### पत्नी सुनीता बोलीं ईडी कर रही परेशान

**केजरीवाल** की पत्नी सुनीता ने कहा कि उनकी हेल्थ ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री केजरीवाल को तंग किया जा रहा है, जनता जवाब देगी।

ईडी ने केजरीवाल को 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। केजरीवाल को कोर्ट ने सात दिन की कस्टडी में भेजा था। आज उनकी कस्टडी समाप्त होने वाली थी। इस पर ईडी ने उन्हें दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया।

### केजरीवाल को सीएम पद से हटाने की अर्जी खारिज

- हाई कोर्ट ने कहा उपराज्यपाल के संज्ञान में है मामला

**हाई** कोर्ट ने कहा कि अदालत राष्ट्रपति शासन का आदेश नहीं दे सकती है। उपराज्यपाल की सिफारिश पर ही राष्ट्रति शासन पर फैसला किया जा सकता है। हाई कोर्ट ने याचिकाकर्ता के वकील से पूछा कि क्या पद पर बने रहने को लेकर कोई कानूनी मनाही है? इस मामले में न्यायिक दखल की जरूरत नहीं है, अगर कोई संवैधानिक विफलता होती है, तो उसे उपराज्यपाल देखेंगे, उनकी सिफारिश पर ही राष्ट्रपति शासन को लेकर राष्ट्रपति निर्णय लेंगे। हाई कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में चल रहे घटनाक्रम पर हमने उपराज्यपाल का बयान अखबारों में पढ़ा है। यह पूरा मामला उनके संज्ञान में है, उन्हें ही इस मामले को देखने दीजिए। राष्ट्रपति शासन लगाने का आदेश कोर्ट नहीं देता है। हम याचिका में लगाए गए आरोपों पर कोई टिप्पणी नहीं कर रहे, लेकिन यह विषय ऐसा नहीं है कि इस पर कोर्ट आदेश दे। दिल्ली हाई कोर्ट में केजरीवाल को पद हटाने से मांग करने वाली याचिका सुरजीत कुमार नाम के शख्स ने दायर की थी। सुरजीत का कहना है कि हमने अरविंद केजरीवाल के खिलाफ जनहित याचिका दायर की थी। हमारा कहना है कि वह जेल से किस तरह से सरकार चला सकते हैं। हमने उन्हें पद से हटाने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने कहा कि उपराज्यपाल ही कार्रवाई करेंगे।

### मामला निर्दलीय विधायकों के त्याग पत्र का

## राज्यपाल बोले- स्पीकर ही मंजूर करेंगे इस्तीफे

**शिमला।** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने वीरवार को शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे मंजूर करना विधानसभा अध्यक्ष के हाथ में है। उन्होंने कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे मंजूर करने के मामले पर वह कोई निर्देश जारी नहीं कर सकते हैं, वह केवल सलाह ही दे सकते हैं, क्योंकि यह विधानसभा अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र का मामला है।



- विधानसभा अध्यक्ष के निर्णय से असंतोष, तो जा सकते हैं कोर्ट

तीनों निर्दलीय विधायकों को भी उन्होंने यही कहा है कि यह केवल विधानसभा अध्यक्ष का अधिकार क्षेत्र है। तीनों निर्दलियों ने पहले इस्तीफा विधानसभा सचिव को दिया और उसके बाद अध्यक्ष को भी व्यक्तिगत तौर पर मिलकर दिया। जो इस्तीफा अध्यक्ष को दिया गया है, उसकी एक प्रति तीनों निर्दलियों ने मुझे भी दी है, इसलिए ही इसे मैंने स्पीकर को भेजा है और इसमें मध्य प्रदेश और कर्नाटक के मामलों का भी उल्लेख किया है कि वहां पर सुप्रीम कोर्ट से इस तरह के निर्णय आए हैं कि इस्तीफे तुरंत स्वीकार किए जाएं। अगर विधायक व्यक्तिगत तौर पर स्पीकर को इस्तीफे सौंपते हैं तो यह मंजूर किए जाने चाहिए। उनके ध्यान में कोर्ट के फैसले लाए गए हैं। हालांकि, इस विषय पर वह केवल सलाह ही दे सकते हैं। उनका कोई भी संवैधानिक अधिकार नहीं है। विधानसभा अध्यक्ष के निर्णय से असंतोष है तो वे कोर्ट जा सकते हैं। उन्हें इस बात का संतोष है कि स्पीकर ने उन्हें जवाब भी भेजा है, जिसमें कुछ बातें की हैं, पर न्यायालय के फैसलों को देखते हुए वह यह मानते हैं कि यह इस्तीफे मंजूर किए जाने चाहिए।

## न्यूज शॉर्ट्स

### उत्तराखंड में गुरुद्वारे के कारसेवा प्रमुख की गोली मारकर हत्या



**रुद्रपुर।** उत्तराखंड में वीरवार को ऊधमसिंह नगर के गुरुद्वारे में कारसेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर बाइक पर सवार होकर आए और कई गोलियां बरसा दीं। बाबा तरसेम को इलाज के लिए खटीमा के निजी अस्पताल ले जाया गया है, जहां उनकी मौत हो गई।

### अफगानिस्तान में भूकंप से कांपी धरती, 4.2 रही तीव्रता



**काबुल।** अफगानिस्तान में वीरवार सुबह 4.2 तीव्रता का भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारत के राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने 'एक्स' पर अफगानिस्तान में आए ताजा भूकंप का ब्यौरा साझा किया है। भूकंप के लिहाज अफगानिस्तान बेहद संवेदनशील है। पिछले साल अक्तूबर में आए भूकंप से 2053 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी।

### आयकर पुनर्मूल्यांकन के खिलाफ कांग्रेस की याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने आयकर विभाग की कार्रवाई के खिलाफ कांग्रेस की याचिका खारिज कर दी है। कांग्रेस ने चार साल के लिए इनकम टैक्स की टैक्स पुनर्मूल्यांकन प्रोसिडिंग के खिलाफ याचिका दायर की थी। हाई कोर्ट की बेंच ने अपने आदेश में कहा कि कांग्रेस के खातों में कई बेहिसाब लेनदेन थे। आयकर अधिकारियों के पास उनके पुनर्मूल्यांकन की कार्रवाई शुरू करने के लिए पर्याप्त और ठोस सुबूत मौजूद थे। इनके आधार पर कार्रवाई शुरू की गई। कांग्रेस ने साल 2014-15, 16 और 17 तक के आयकर विभाग द्वारा पुनर्मूल्यांकन कार्रवाई को चुनौती दी गई थी।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

प्रूफ रीडर, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर एवं उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

डिजिटल मीडिया

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## गोविंदा की राजनीति में दोबारा एंट्री, शिवसेना शिंदे गुट में शामिल

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर गोविंदा शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गए हैं। गोविंदा वीरवार शाम महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ शिवसेना ऑफिस पहुंचे और थोड़ी देर बाद उन्होंने पार्टी ज्वॉइन कर ली।



- मुंबई नॉर्थ-वेस्ट से लड़ सकते हैं चुनाव

गोविंदा मुंबई की नॉर्थ-वेस्ट लोकसभा सीट से चुनाव लड़ सकते हैं। इस सीट पर उद्धव गुट की शिवसेना ने अमोल कीर्तिकर को अपना प्रत्याशी बनाया है। गोविंदा ने 27 मार्च को पूर्व विधायक कृष्णा हेगड़े से मीटिंग की थी। इसके बाद से ही उनके चुनाव लड़ने के कयास लग रहे थे। शिंदे ने कहा कि जमीन से जुड़े और सभी की पसंद गोविंदा का आज शिवसेना में स्वागत करता हूं। गोविंदा ने कहा कि जय महाराष्ट्र...मैं सीएम शिंदे को धन्यवाद करता हूं। 2004-09 तक राजनीति में था, लेकिन 14 साल के वनवास के बाद शिंदे के रामराज्य में वापस आया हूं।

## मंडी से मनाली के बीच पुराने नेशनल हाई-वे की दयनीय स्थिति व्यथित कर देने वाली: हाई कोर्ट

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

- पिछले साल भारी बारिश के कारण हुए भू-स्खलन का मलबा नहीं हटाया गया
- एनएचएआई के अवैज्ञानिक तरीके से सुरंगें व राजमार्ग बनाने पर लिया संज्ञान

**प्रदेश** हाई कोर्ट ने मंडी से मनाली के बीच पुराने नेशनल हाई-वे की दयनीय स्थिति पर चिंता जताई है। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्सना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने कहा कि पुराने हाई-वे की स्थिति व्यथित कर देने वाली है।



मुख्य न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि उन्होंने हाल ही में कुल्लू-मनाली का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने पाया कि पुराने हाई-वे की स्थिति में कोई सुधार नहीं किया गया है। पिछले वर्ष जुलाई और अगस्त महीने में भारी बारिश से हुए भू-स्खलन का मलबा अभी तक नहीं हटाया गया है। सड़क को पहुंचे नुकसान की मरम्मत भी नहीं की जा रही है। कोर्ट ने कहा कि इस फोरलेन में बनी सुरंगें ठीक तो हैं, लेकिन सड़क की बुरी हालत गाड़ी चालकों की मुश्किलें बढ़ा रही है। कुछ स्थानों पर भू-स्खलन के कारण सड़क तंग हो गई हैं, जिस पर तुरंत प्रभावशाली कार्रवाई करने की जरूरत है।

### स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के आदेश

**कोर्ट** ने सभी मुद्दों पर एनएचएआई को अगली सुनवाई तक स्टेटस रिपोर्ट दायर करने के आदेश दिए। संभावित कदम उठाए जाने की जानकारी भी तलब की है। वहीं, एनएचएआई की ओर से अवैज्ञानिक तरीके से सुरंगें और राजमार्ग बनाने पर संज्ञान लिया है। कोर्ट ने अपने आदेशों में कहा था कि हाल ही में भारी बारिश के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। भू-स्खलन के कारण राजमार्गों को नुकसान हुआ है और विशेष रूप से चंडीगढ़-शिमला और चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग भू-कटाव के कारण यातायात के लिए बाधित रहता है।

### वरुण गांधी का भावुक पत्र

## पीलीभीत की जनता से नहीं होगा रिश्ता खत्म

**लखनऊ।** पीलीभीत से भाजपा के सांसद वरुण गांधी ने टिकट कटने के बाद पीलीभीत की जनता के नाम से एक मार्मिक पत्र लिखा है। पत्र में वरुण गांधी ने पीलीभीत से अपनी यादों को जिक्र करते हुए लिखा कि पीलीभीत से मेरा रिश्ता अंतिम सांस तक खत्म नहीं हो सकता। सांसद के रूप में नहीं तो बेटे के तौर पर ही सही, मैं आजीवन आपकी सेवा के लिए प्रतिबद्ध हूँ। मेरे दरवाजे हमेशा आपके लिए खुले रहेंगे। मैं राजनीति में आम आदमी की आवाज उठाने आया था और आज आपसे यही आशीर्वाद मांगता हूं कि सदैव वह कार्य करता रहूंगा भले ही उसकी कोई भी कीमत चुकानी पड़े।



### 600 वकीलों ने सीजेआई को लिखी चिट्ठी, न्यायिक अखंडता को कमजोर करने की हो रही कोशिश

## न्यायपालिका खतरे में, राजनीतिक दबाव से बचाना होगा

एजेंसी, नई दिल्ली

**देश** के पूर्व सॉलिसिटर जनरल हरीश साल्वे समेत 600 से ज्यादा वरिष्ठ वकीलों ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ को चिट्ठी लिखी है। वकीलों ने लिखा कि न्यायिक अखंडता को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। हम वे लोग हैं, जो कानून को कायम रखने के लिए काम करते हैं। हमारा यह मानना है कि हमें अदालतों के लिए खड़ा होना होगा।

- कहा- अब साथ आने और आवाज उठाने का वक्त

अब साथ आने और आवाज उठाने का वक्त है। उनके खिलाफ बोलने का वक्त है जो छिपकर वार कर रहे हैं। हमें निश्चित करना होगा कि अदालतें लोकतंत्र का स्तंभ बनी रहें। इन सोचे-समझे हमलों का उन पर कोई असर न पड़े।

### सौहार्द्र और विश्वास का वातावरण हो रहा खराब

**वकीलों** ने लिखा है कि न्यायपालिका पर दबाव डालने की कोशिश कर रहा है और राजनीतिक और व्यावसायिक दबाव से बचना होगा यह ग्रुप न्यायिक व्यवस्था को प्रभावित कर रहा है और अपने घिसे-पिटे राजनीतिक एजेंडा के तहत उथले आरोप लगाकर अदालतों को बदनाम करने की कोशिश कर रहा है। उनकी इन हरकतों से न्यायपालिका की पहचान बताने वाला सौहार्द्र और विश्वास का वातावरण खराब हो रहा है। राजनीतिक मामलों में दबाव के हथकंडे आम बात हैं, खासतौर से उन केसे में जिनमें कोई राजनेता भ्रष्टाचार के आरोप में घिरा है। यह हथकंडे हमारी अदालतों को नुकसान पहुंचा रही हैं और लोकतांत्रिक ढांचे के लिए खतरा हैं।

### डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति: मोदी



**पीएम** नरेंद्र मोदी ने देश के 600 से ज्यादा वकीलों से चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ को लिखी चिट्ठी पर प्रतिक्रिया दी है। पीएम ने 'एक्स' पर लिखा कि दूसरों को डराना-धमकाना कांग्रेस की पुरानी संस्कृति है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम ने लिखा कि पांच दशक पहले ही उन्होंने 'प्रतिबद्ध न्यायपालिका' का आह्वान किया था। कांग्रेस बेशर्मी से अपने स्वार्थों के लिए दूसरों से प्रतिबद्धता चाहते हैं, लेकिन राष्ट्र के प्रति किसी भी प्रतिबद्धता से बचते हैं। ऐसे में इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि 140 करोड़ भारतीय उन्हें अस्वीकार कर रहे हैं।

## सरकार जरूरत पड़ने पर अग्निवीर योजना में करेगी बदलाव: राजनाथ

एजेंसी, नई दिल्ली

- कहा- युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने के लिए केंद्र सरकार गंभीर

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने वीरवार को कहा कि उनकी सरकार जरूरत पड़ने पर अग्निवीर भर्ती योजना में बदलाव के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अग्निवीरों का भविष्य सुरक्षित रहे।



सेना को युवाओं की जरूरत है। मुझे लगता है कि युवा उत्साह से भरा होता है। वे टेक-लवर होते हैं। हमने इस बात का उचित ध्यान रखा है कि उनका भविष्य भी सुरक्षित रहे। जरूरत पड़ी तो हम बदलाव भी करेंगे। अग्निवीर स्कीम लागू होते ही विवादों में आ गई थी। इस स्कीम में सिर्फ चार साल की सर्विस को विपक्ष ने युवाओं के साथ धोखा बताया था। कांग्रेस के चुनावी कैंपेन में अग्निवीर स्कीम को मुख्य मुद्दा बनाया है।

### 2022 में शुरू की थी अग्निवीर स्कीम

**केंद्र** सरकार ने 14 जून 2022 को सेना की तीनों शाखाओं थलसेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं की बड़ी संख्या में भर्ती के लिए अग्निपथ भर्ती योजना शुरू की थी। इस स्कीम के तहत नौजवानों को सिर्फ चार साल के लिए डिफेंस फोर्स में सेवा देनी होगी।

**तैयारी** सैटेलाइट बेस्ड होगा टोल कलेक्शन, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने 'एक्स' पर दी जानकारी

# हाई-वे पर अब किलोमीटर के हिसाब से टोल टैक्स

एजेंसी, नई दिल्ली

**नेशनल** हाई-वे पर सफर करने के दौरान लोगों को टोल टैक्स देना पड़ता है, लेकिन अब कुछ बदलाव होने वाले हैं। टोल टैक्स को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने 'एक्स' पर एक जानकारी साझा की है। सरकार जल्द ही टोल खत्म करने का प्लान बना रही है, जिसकी जगह नया सिस्टम काम करेगा।

- बैंक अकाउंट से ऑटोमैटिक कट जाएगा टोल टैक्स

व्हीकल ऑनर जितनी देर हाई-वे पर चलेंगे, उनसे उतना ही टोल टैक्स कलेक्ट किया जाएगा। यह टोल टैक्स बैंक अकाउंट से ऑटोमैटिक कट जाएगा। इससे यूजर्स को सेविंग का भी मौका मिलेगा। नया टोल कलेक्शन सिस्टम सैटेलाइट बेस्ड होगा और



इसे जल्द ही शुरू किया जाएगा। हालांकि, अभी कोई डेडलाइन सामने नहीं आई है। इस सिस्टम के मुताबिक, यूजर्स हाई-वे पर जितने किलोमीटर की दूरी तय करेंगे उनसे उस हिसाब से उतना ही टोल टैक्स वसूला जाएगा। यह टोल टैक्स, बैंक अकाउंट से ऑटोमैटिक कट जाएगा।

### ऐसे काम करेगा सिस्टम

**नई** टोल संग्रह प्रणाली सीधे उपयोगकर्ता के बैंक खाते से शुल्क काट लेगी। टोल की राशि इस बात पर निर्भर करेगी कि वाहन ने कितनी दूरी तय की है। ये सारी जानकारी जीपीएस के जरिए जुटाई जाएगी। वर्तमान में वाहन की ओर से तय की गई दूरी की परवाह किए बिना हर प्लाजा पर टोल शुल्क तय है।

### अभी है फास्टैग सिस्टम

**मौजूदा** समय में टोल पेमेंट के लिए फास्टैग सिस्टम है। यह एक इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम था, जो ऑटोमैटिक टोल प्लाजा पर टोल टैक्स की पेमेंट करता है। इसकी मदद से टोल प्लाजा पर वेटिंग टाइम घटकर औसतन 47 सेकंड पर आ गया है, जो इससे पहले औसतन 714 सेकंड पर था।

### एक्सप्रेस-वे और एनएच पर पहली अप्रैल से बढ़ेंगी पांच फीसदी टोल दरें

**वाराणसी।** टोल टैक्स अब एक्सप्रेस-वे और नेशनल हाई-वे पर सफर करने वाले लोगों की जेब पर बोझ बढ़ने जा रहा है। नेशनल हाई-वे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की स्वीकृति के बाद पहली अप्रैल से टोल दरें बढ़ाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। नई दरें 31 मार्च की आधी रात के बाद से प्रभावित होंगी। वर्तमान दरों के हिसाब से टोल पांच फीसद बढ़ेंगे, जो हर एक्सप्रेस-वे और नेशनल हाई-वे के हिसाब से अलग-अलग है। बनारस में प्रतिदिन दिल्ली, लखनऊ, गाजीपुर, जौनपुर, प्रयागराज, बिहार व झारखंड समेत कई राज्यों के लिए हाई-वे से निजी-कमर्शियल वाहनों का आवागमन होता है। इसके साथ ही मासिक पास भी 10 रुपए प्रति महीने के हिसाब से महंगा हो गया है।

# केंद्र ने बढ़ाई मनरेगा मजदूरी

## तीन से 10 फीसदी का किया इजाफा, पहली अप्रैल से लागू होंगी नई दरें

एजेंसी, नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने 'महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना' (मनरेगा) के तहत काम करने वाले मजदूरों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने मनरेगा मजदूरी दर में तीन से 10 फीसदी तक का इजाफा किया है।

इस संबंध में वीरवार को नोटिफिकेशन जारी की है। लोकसभा चुनाव से पहले बढ़ाई गई मजदूरी दर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए है। नई वेतन दरें पहली अप्रैल, 2024 से लागू होंगी। उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 2023-24 की तुलना में 2024-25 के लिए मजदूरी दर में सबसे कम तीन फीसदी का इजाफा हुआ है। गोवा में सबसे ज्यादा मजदूरी बढ़ाई गई है। यहां मनरेगा की मजदूरी दरों में 10.6 फीसदी तक का इजाफा हुआ है। गोवा में अब दिहाड़ी 356 रुपए होगी। कर्नाटक में मनरेगा दर 349 रुपए हो गई है, जो पहले 316 रुपए थी। मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मनरेगा मजदूरी 243, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में 230 रुपए से बढ़कर 237 रुपए हो गई है। हरियाणा, असम, मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, राजस्थान, केरल और लक्षद्वीप के मनरेगा श्रमिकों की दरों में सात फीसदी का इजाफा हुआ है।



- लोकसभा चुनाव से पहले तोहफा, नोटिफिकेशन जारी

### चुनाव आयोग से मिली इजाजत

**ग्रामीण** विकास मंत्रालय ने मजदूरों दरों को नोटिफाई करने से पहले चुनाव आयोग से इसकी इजाजत मांगी थी। इसकी वजह यह है कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर इस वक्त पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है। एक बार जब आयोग से हरी झंडी मिल गई, तो मंत्रालय ने तुरंत बढ़ी हुई मजदूरी का नोटिफिकेशन जारी कर दिया।

# प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की राष्ट्र निर्माण में अहम भूमिका : अवस्थी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष, सीपीएस और अर्की के विधायक संजय अवस्थी वीरवार को अनंत ज्ञान कार्यालय सोलन पहुंचे। अनंत ज्ञान टीम ने उनका वेलकम कर समाचार पत्र के प्रकाशन संबंधित जानकारी दी।

अवस्थी ने अनंत ज्ञान की पूरी टीम को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। अनंत ज्ञान समाचार पत्र में पूरे प्रदेश की खबरों का समायोजन है। इससे लोगों को अपने जिले के अलावा प्रदेश के अन्य जिलों की खबरें भी आसानी से पढ़ने को मिल रही है।

उन्होंने कहा कि आज के दौर में निष्पक्ष पत्रकारिता को महत्व दिया जाना चाहिए और ताकि समाज में मीडिया के प्रति विश्वास बना रहे। कार्यकारी अध्यक्ष बनने के बाद संजय अवस्थी वीरवार को सोलन पहुंचे। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर सोलन जिला पत्रकार संघ के पदाधिकारी व सदस्य भी मौजूद रहे।



सोलन कार्यालय पहुंचने पर अनंत ज्ञान समाचार पत्र को लेकर जानकारी हासिल करते हुए सीपीएस और कांग्रेस के नवनियुक्त कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी।

# पोस्को एक्ट के तहत एक वर्ष का कारावास व जुर्माना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

एलडी विशेष न्यायाधीश हमीरपुर विकास भारद्वाज ने आरोपी उमेश कुमार पुत्र सतपाल निवासी भरठियान तहसील झंडूता, जिला बिलासपुर को पोक्सो एक्ट सेक्शन 12 में दोषी पाए जाने पर एक वर्ष के कठोर कारावास और 10 हजार रुपए के जुर्माने की सजा सुनाई। पोक्सो अधिनियम की धारा 12 के तहत अपराध के लिए जुर्माना अदा न करने पर दो महीने की अतिरिक्त सजा और आईपीसी की धारा 354-डी के तहत दंडनीय अपराध के लिए एक वर्ष के कठोर कारावास और 10,000 रुपए का जुर्माना की सजा सुनाई है।

जानकारी के अनुसार आरोपी पीड़ित बच्चे का पीछा करता था और पीड़ित बच्चे की तस्वीरें फेसबुक और इंस्टाग्राम अकाउंट पर अश्लील टिप्पणियों के साथ पोस्ट करता था और इन तस्वीरों को पीड़ित के रिश्तेदारों को भी पोस्ट करता था। मामले को साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष ने 20 गवाहों से पूछताछ की। परीक्षण का संचालन जिला न्यायवादी हमीरपुर संदीप संदीप अग्निहोत्री द्वारा किया गया।



**आरोपी पीड़ित बच्चे की तस्वीरें फेसबुक पर अश्लील टिप्पणियों के साथ पोस्ट करता था**

# आज से ऊंची चोटियों पर बर्फबारी व मैदानी क्षेत्रों में बारिश का ऑरेंज अलर्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश में सूखे पड़ने के बाद अब किसानों व बागवानों को राहत मिल सकती है। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता से मौसम में यह बदलाव आने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार राज्य के मैदानी, मध्य व उच्च पर्वतीय भागों में 31 मार्च तक मौसम खराब रहने के आसार हैं। इस दौरान ऊंची चोटियों पर बर्फबारी व अन्य क्षेत्रों में बारिश के आसार हैं। वहीं 29 व 30 मार्च को भारी बारिश और अंधड़ चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी हुआ है।

एक व दो अप्रैल को उच्च पर्वतीय एक-दो स्थानों को छोड़कर अन्य में मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान है। 3 अप्रैल को मौसम फिर बिगड़ सकता है। आज भी कई स्थानों पर बारिश-बर्फबारी की संभावना है। इसके अलावा कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि होने का भी पूर्वानुमान है। शिमला में हल्की धूप खिलने के साथ बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग ने चंबा, कांगड़ा, कुल्लू, मंडी, शिमला जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।

जबकि सोलन, सिरमौर, किन्नौर, लाहौल-स्पीति, हमीरपुर, बिलासपुर व ऊना के लिए येलो अलर्ट जारी हुआ है। बता दें कि शिमला में न्यूनतम तापमान 13.0, सोलन 14.8, भुंतर 13.0, कल्पा 5.2, धर्मशाला 17.3, ऊना 16.6, नाहन 17.3, केलांग 2.3, पालमपुर 14.5, सोलन 13.6, मनाली 11.1, कांगड़ा 16.8, मंडी 14.2, बिलासपुर 17.6, चंबा 16.8, डलहौजी 10.5, जुब्बड़हट्टी 15.2, कांगड़ा 11.6, नारकंडा 9.0, रिकांगपिओ 9.3, सेऊबाग 12.6, धौलाकुआं 18.2, बरठीं 16.2, कसौली 17.0, पांवटा साहिब 20.0, सराहन 7.0 और देहरागोपीपुर में 18.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग से छेड़छाड़ के दोषी को 3 साल का कठोर कारावास

**मंडी ।** विशेष न्यायाधीश पोक्सो जिला मंडी की अदालत ने नाबालिग के साथ छेड़खानी करने के दोषी को विभिन्न धाराओं में कठोर कारावास की सजा के साथ जुर्माने की सजा सुनाई है। जिला न्यायवादी मंडी विनोद भारद्वाज ने बताया कि 14 अगस्त 2022 को 13 वर्षीय पीड़िता के पिता और भाई ने पुलिस थाना करसोग में शिकायत दर्ज करवाई कि 14 अगस्त की सायं पीड़िता राशन लाकर घर लौट रही थी कि रास्ते में एकांत जगह पर दोषी निवासी करसोग ने उसके साथ छेड़छाड़ की और वहां से भाग गया। पुलिस थाना करसोग में दोषी के खिलाफ मामला दर्ज हुआ था। छानबीन पूरी होने पर थानाधिकारी द्वारा मामले के चालान को अदालत में दायर किया था। इस मामले में अभियोजन पक्ष ने अदालत में 12 गवाहों के बयान कलमबंद करवाए गए। सरकार की ओर से मामले की पैरवी उप जिला न्यायवादी नितिन द्वारा की गई। अभियोजन एवं बचाव पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने दोषी को 1 वर्ष के साधारण कारावास की सजा के साथ 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई व जुर्माना अदा न करने की सूरत में अदालत ने दोषी को 2 माह के अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई। पोक्सो अधिनियम की धारा 8 के तहत 3 वर्ष के कठोर कारावास की सजा के साथ 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई और जुर्माना अदा न करने की सूरत में अदालत ने दोषी को 6 माह के अतिरिक्त कठोर कारावास की सजा भी सुनाई।

### अवैध शराब बरामद की, मामला दर्ज

**नाहन।** सिरमौर पुलिस ने गश्त के दौरान चीड़ावाली के समीर खान की मोहल्ला अमरपुर स्थित जनरल स्टोर से 20 बोतल देसी शराब बरामद की। एक अन्य मामले में पुलिस थाना पांवटा साहिब की टीम ने गश्त के दौरान गुरदेव सिंह निवासी गांव बेहडेवाला के कब्जे से 20 लीटर शराब बरामद की। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज कर लिया है। एसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा ने मामले की पुष्टि की है।

### अफीम की अवैध खेती, केस दर्ज

**ऊना।** जिले में हरोली उपमंडल के दुलैहड़ गांव में एक घर के समीप अफीम की अवैध खेती का भंडाफोड़ हुआ है। गुप्त सूचना पर पुलिस ने इस गांव के वार्ड नंबर दो में दबिश दी तो रेखा देवी नाम की महिला के घर के समीप अफीम डोडे के पौधे लगे हुए थे। पुलिस ने मौके से 423 पौधे बरामद किए हैं। महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

### हिमस्खलन की चपेट में आया कांगड़ा का जेसीबी ऑपरेटर लापता, रेस्क्यू जारी



**मनाली ।** मनाली स्थित जगतसुख के कालू नाले में वीरवार को हिमस्खलन आने से जेसीबी ऑपरेटर बर्फ की चपेट में आने से लापता हो गया है। गौर रहे कि इस नाले में टॉप कंपनी पांच मेगावाट का विद्युत प्रोजेक्ट लगा रही है। यह व्यक्ति इसी प्रोजेक्ट में कार्यरत है। हिमस्खलन में लापता हुए व्यक्ति की पहचान रमेश कुमार पुत्र देश राज गांव मोरुछ डाकघर मोह, दरिणी जिला कांगड़ा उम्र 40 साल के रूप में हुई है। उधर, घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा और डीएसपी केडी शर्मा दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू कार्य शुरू करवा दिया है।

### शांकली के जंगल में मिला शव

**शिमला।** राजधानी के शांली जंगल में एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिला है। इस व्यक्ति की उम्र 30 से 35 वर्ष के बीच बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक शव को जंगल में लोगों के द्वारा देखा गया। तभी इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन में जुटी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है।

# बागियों, निर्दलियों को गले लगाने से बदल रहे 'सियासी हालात'

## डैमेज कंट्रोल को लेकर भाजपा अलर्ट, नेताओं को मनाने के लिए की जा रही जी तोड़ कोशिश

**जय ठाकुर, शिमला**



हिमाचल प्रदेश की राजनीति में बागियों और निर्दलियों को गले लगाने के बाद अब सियासी हालात लगातार बदल रहे हैं। प्रदेश के 9 विधानसभा क्षेत्रों में बड़े नेताओं द्वारा अब अपनी अनदेखी स्वीकार नहीं हो रही है। बदलते सियासी हालातों में पहाड़ को नापने की राह में फूल कम कांटे ज्यादा बिखरने लगे हैं। ऊना से लेकर हमीरपुर, कांगड़ा से लेकर लाहौल-स्पीति में बगावत सामने नजर आ रही है। नुकसान की संभावनाओं से सतर्क भाजपा ने उपचुनाव से जुड़े सभी नौ हलकों में डैमेज कंट्रोल की कोशिशें हालांकि तेज कर दी है और आला नेताओं को मान-मनौव्वल के मोर्चे पर झोंक तो दिया गया है लेकिन, बगावत आसानी से शांत होगी दावा नहीं किया जा सकता। वहीं प्रदेश कांग्रेस में अभी प्रत्याशियों को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। हालांकि कांग्रेस की को-ऑर्डिनेशन कमेटी ने मंडी में प्रतिभा सिंह और हमीरपुर से रायजादा का नाम जरूर तय किया गया है लेकिन इन नामों पर अंतिम मोहर लगना अभी बाकी है। दिल्ली कांग्रेस हाईकमान द्वारा ही इन नामों को लेकर अभी अंतिम निर्णय लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### कुटलैहड़ से वीरेंद्र को मनाना चुनौती

**प्रदेश** भाजपा संगठन के लिए कुटलैहड़ से अपने कद्दावर नेता पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर को मनाना बड़ी चुनौती है। कांग्रेस से बगावत कर आए भुट्टो को टिकट देने से वीरेंद्र पार्टी से नाराज चल रहे हैं। वीरेंद्र लगातार जनता के बीच जाकर अपना संवाद भी स्थापित कर रहे हैं। भाजपा भी भुट्टो के साथ खुलकर चलने से बच रही है। कांग्रेस से प्रदेश महासचिव विवेक शर्मा, देशराज मोदगिल व देशराज गौतम टिकट की दौड़ में हैं। बड़ा फैसला लेने की स्थिति में कंवर का विकल्प भी पार्टी ने खुला रखा है।

### गगरेट में भाजपा मंडल के इस्तीफे से भितरघात की परेशानी

**बागी** चैतन्य शर्मा को टिकट देने पर पूर्व विधायक राकेश कालिया समेत मंडल भाजपा, युवा मोर्चा व महिला मोर्चा के कई सदस्य इस्तीफा दे चुके हैं। पूर्व विधायक राजेश ठाकुर की चुप्पी भी संदेहास्पद बनी है। भितरघात की संभावना पार्टी को परेशान कर रही है।

### धर्मशाला में आसान नहीं उपचुनाव की 'जंग'

**भाजपा** के लिए धर्मशाला में उपचुनाव की जंग आसान नहीं रहने वाली है। कांग्रेस से आए सुधीर शर्मा को टिकट देने पर विरोध-बगावत के सुर लगातार उठ रहे हैं। भाजपा के पूर्व प्रत्याशी राकेश चौधरी इस्तीफा दे चुके हैं। किशन कपूर अपने बागी तेवरों के साथ हमलावर हैं। पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी, बीसीसी अध्यक्ष हरभजन सिंह भज्जी व विजय कर्ण टिकट की दौड़ में है।

### बड़सर में भाजपा की गुटबाजी दोहरी चुनौती

**बड़सर** विधानसभा क्षेत्र में इंद्रदत्त लखनपाल के लिए भाजपा में दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। यहां पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के करीबी पूर्व विधायक बलदेव शर्मा भाजपा के कदावर नेताओं में शामिल है। ऐसे में उन्हें साधना और भाजपा के बिखरे कुनबे को एक सूत्र में पिरोना भी एक चुनौती है। भाजपा की गुटबाजी उनके लिए चुनौती बनेगी।

### सुजानपुर में राजेंद्र राणा के सामने रणजीत की चुनौती

विधानसभा उपचुनाव में सुजानपुर से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा के सामने 2022 के प्रतिद्वंद्वी कैप्टन रणजीत राणा भी अब अपनी आगे की रणनीति तैयार कर रहे हैं। आगामी समय में वह भी पूरी तरह से चुनावी ताल ठोकने का दम भर चुके हैं। वहीं पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल के समर्थकों और मंडल भाजपा का खुले दिल से साथ पाना राजेंद्र राणा के लिए चुनौती से कम नहीं होगा।

### लाहौल-स्पीति में इस्तीफों से माहौल गर्म

भाजपा के दिग्गज नेता और पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय कांग्रेस से आए रवि ठाकुर को टिकट देने पर भाजपा से इस्तीफा दे चुके हैं। रामलाल मार्कंडेय ने उपचुनाव लड़ने का एलान भी कर दिया है। वहीं कांग्रेस हाईकमान भी उनपर अपनी पूरी नजर गड़ाए हुए हैं। ऐसे में दोनों दलों में इस्तीफों से अब शीत मरुस्थल भी सियासी माहौल में अब गर्म हो रहा है।

# नाराजगी छोड़ पार्टी हित में काम करें कार्यकर्ता : शांता कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि प्रदेश में भाजपा के कुछ निर्णयों से कार्यकर्ताओं में रोष पैदा हुआ है। इसके समाचार पढ़कर भी दुख हो रहा है और चिंता भी हो रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं से मेरा विशेष आग्रह है कि हम इस समय इतिहास के महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़े हैं। अनुच्छेद 370 हटाने जैसे असंभव कार्य संभव हो गए, राम मंदिर बन गया, पूरा भारत राममय हो गया है। साफ दिख रहा है कि इस लोकसभा चुनाव में इतिहास के सारे रिकार्ड तोड़ कर नरेंद्र मोदी तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री बनेंगे। अगले पांच सालों में भारत में विकास की दृष्टि से कोई भी कमी नहीं रहेगी।

भाजपा नेता ने प्रदेश के कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अब सब बातों को भूलकर वे पार्टी के निर्णय को स्वीकार करें और लोकसभा के चुनाव के लिए जुट जाएं।

# प्रतिभा सिंह ने हाईकमान पर छोड़ा चुनाव लड़ने का फैसला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने मंडी संसदीय सीट से चुनाव लड़ने को लेकर फिर हाईकमान के पाले में गेंद डाली है।

प्रतिभा सिंह ने गुरुवार को शिमला में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि उन्होंने अपनी बात को पार्टी के प्रभारी और मुख्यमंत्री के समक्ष रख दी है। अब हाईकमान का जो भी फैसला होगा वह सर्वोपरि रहेगा। कंगना को भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने पर उन्होंने कहा कि इस फैसले से भाजपा के कई वरिष्ठ नेता आहत है।

प्रतिभा सिंह ने दो नए प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर कहा कि मुख्यमंत्री ने संगठन को मजबूत करने के लिए दो विधायकों को यह जिम्मेदारी सौंपी है। जल्द ही सरकार और संगठन मिलकर चुनाव प्रचार शुरू करेंगे।

# शांत माहौल में कांग्रेस के बागियों को भाजपाइयों ने अपनाया

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

विधानसभा उपचुनाव के लिए कांग्रेस के बागियों को भाजपा द्वारा प्रत्याशी बनाए जाने के बाद पहले 'एंट्री' पर शांत माहौल के बीच पार्टी के भीतरी कुनबे में बड़े नेताओं के 'डैमेज कंट्रोल' का असर वीरवार को साफ दिखा। मंडल पदाधिकारी भी मौजूद हुए और स्वागत भी किया। बड़े नेताओं की मौजूदगी के बीच भाजपा के संगठनात्मक ढांचे में नाराजगी का माहौल वर्कर नहीं दिखा पाए। रोचक बात यह रही कि खुलकर कोई भी नेता तीनों क्षेत्रों में रत्ती भर भी विरोध की झलक प्रकट नहीं कर पाया।

बड़सर से आईडी लखनपाल और सुजानपुर से राजेंद्र राणा को उपचुनाव के लिए प्रत्याशी बनाए जाने के बाद हमीरपुर में भी निर्दलीय तैयार हो रहा था, उसमें बागी तेवर दिखाने का माहौल बनने लगा था, लेकिन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल के बीते रोज के दौरे ने इन संभावनाओं को दबा दिया है।

हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में भी निर्दलीय विधायक रहे आशीष शर्मा ने इस्तीफा देकर भाजपा का दामन थाम लिया है। हालांकि अभी उन्हें उम्मीदवार इसलिए नहीं बनाया जा सका है। क्योंकि विधानसभा अध्यक्ष ने उनका इस्तीफा मंजूर नहीं किया है, लेकिन भाजपा के संगठनात्मक ढांचे ने जिला में पार्टी राजनीति में दिखने वाले विपरीत हालात को शुरुआती दौर में ही काबू पाने में औपचारिक रूप में जो माहौल बनाया है। इसका असर तीनों क्षेत्रों के कार्यक्रमों में देखा गया।

### कांग्रेस के संभावित टिकटार्थी हाईकमान की राह देख रहे

भाजपा ने उपचुनावों के लिए प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। अब कांग्रेस के संभावित टिकटार्थी हाईकमान की राह देख रहे हैं। दरअसल कांग्रेस की हमीरपुर जिले में यहां त्रासदी रही है की प्रत्याशी घोषित करने को लेकर वह हमेशा ही लेट लतीफी की नीति पर सवार रही है ऐसे में कांग्रेस के उम्मीदवारों के लिए प्रचार के लिए सही समय नहीं मिल पाता है। मुख्यमंत्री के गृह जिले में पार्टी को कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

# कांग्रेस सरकार कुछ समय की मेहमान, प्रदेश में जल्द बनेगी भाजपा सरकार : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

**नालागढ़** विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी केएल ठाकुर ही होंगे। पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने पंजैहरा में हुए केएल ठाकुर के आगमन पर आयोजित समारोह में साफ कर दिया है। दिल्ली में भाजपा का दामन थामने के बाद पहली बार नालागढ़ पहुंचे केएल ठाकुर के समर्थन में भारी संख्या में लोग एकत्रित हुए।


जनसभा के दौरान जयराम ठाकुर, केएल ठाकुर व अन्य।

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी केएल के समारोह में पहुंचे जिन्होंने कहा कि केंद्र के साथ-साथ प्रदेश में भी जल्द ही भाजपा सरकार बनेगी। जयराम ने कहा कि कांग्रेस सरकार कुछ समय ही मेहमान है उनके खुद के मंत्री व विधायक की परेशान है और दोष भाजपा को दे रहे हैं। जयराम ने कहा कि प्रदेश से लोकसभा की चारों की चारों सीटों पर भाजपा का कब्जा होगा और उपचुनाव में सभी 9 प्रत्याशी भी जीत हासिल करेंगे और प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार आएगी।

केएल ठाकुर ने भी कांग्रेस सरकार पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस झूठ की सरकार है और सत्ता हासिल करने के लिए प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है। इस मौके पर शिमला संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सुरेश कश्यप, पूर्व मंत्री सुखराम चौधरी, पूर्व मंत्री डॉ राजीव सहजल, जिला सोलन भाजपा अध्यक्ष रतन पाल, पूर्व दून विधायक परमजीत समेत कई मौजूद रहे।

## हैप्पी बर्थडे


बालकृष्ण के यश को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।


टारना मंडी की मानवी को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

# हिमाचल के शिक्षक फिर जाएंगे सिंगापुर

## इंटरनेशनल एक्सपोजर विजिट पर 4 अप्रैल को 101 शिक्षक होंगे रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ावा देने के लिए शिक्षकों को सिंगापुर के इंटरनेशनल एक्सपोजर विजिट और ट्रेनिंग प्रोग्राम के लिए भेजा जा रहा है।

यह ऐसा दूसरा दल होगा, जो 4 अप्रैल से 9 अप्रैल तक सिंगापुर विजिट पर रहेगा, दल में कुल 101 शिक्षक शामिल हैं। इस एक्सपोजर विजिट और ट्रेनिंग प्रोग्राम का मकसद शिक्षकों के लिए सिंगापुर की शिक्षा प्रणाली, उत्कृष्टता के मानकों, शिक्षा में अपनाए जा रहे इनोवेटिव तौर तरीकों को सीखने का अवसर प्रदान करना है। इस विजिट का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में नए और अद्वितीय विचारों और प्रयासों को समझने के साथ-साथ विश्व स्तरीय शैक्षणिक अनुभव का लाभ उठाना है।



### छात्रों को मिलेगा लाभ

**समग्र** शिक्षा के परियोजना निदेशक राजेश शर्मा ने बताया कि प्रदेश में ऐसा पहली बार है कि शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशिक्षण के लिए भेजा जा रहा है। प्रदेश के इन शिक्षकों को इस इंटरनेशनल विजिट के दौरान उत्कृष्ट अनुभव और विशेष ज्ञान का लाभ होगा, जो उनके शैक्षिक करियर को आगे बढ़ाने में मदद करेगा। शिक्षकों के इस अनुभव का लाभ स्कूली छात्र भी उठाएंगे।

### फरवरी में गया था 102 शिक्षकों का दल

सिंगापुर एक्सपोजर विजिट और ट्रेनिंग प्रोग्राम पर जाने वाला यह 101 शिक्षकों का दूसरा दल है। इससे पहले फरवरी माह में 102 शिक्षकों को सिंगापुर भेजा गया था। ये शिक्षक सिंगापुर में शिक्षा के क्षेत्र में अपनाए जा रहे नए तौर तरीकों और शिक्षक ट्रेनिंग लेकर वापस लौट चुके हैं।

## हाई कोर्ट का ट्रायल अदालतों को निर्देश

# साइबर धोखाधड़ी पीड़ितों को पैसे दिलाकर मामलों का करें निपटारा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश ने राज्य की ट्रायल अदालतों को निर्देश पारित किए हैं कि साइबर धोखाधड़ी के लिए राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर पहले से ही दर्ज किए गए मामलों व शिकायतों में एफआईआर दर्ज न की जाए।

हाई कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया जाए कि संबंधित साइबर पुलिस स्टेशनों द्वारा मामले में दर्ज की जाने वाली कार्रवाई रिपोर्ट के साथ उक्त पोर्टल पर दर्ज की गई शिकायत की प्रति के आधार पर ऐसे अपराधों के पीड़ितों के पक्ष में धनराशि जारी करके ऐसे मामलों का निपटारा किया जाना चाहिए।

इससे पहले जब शिकायतकर्ता ने प्रासंगिक बैंक विवरण के साथ उक्त धनराशि जारी करने के लिए ट्रायल कोर्ट से संपर्क किया था, जिसमें पैसा फ्रीज होल्ड पर रखा गया था, तो ट्रायल कोर्ट ने इन मामलों में एफआईआर दर्ज करने पर जोर दिया, जिससे रिलीज में बहुत देरी और असुविधा हुई।



साइबर अपराध पीड़ितों को पैसा अब इन निर्देशों से राज्य के शिकायतकर्ताओं नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी और पीड़ित अपनी शिकायत दर्ज कराकर अपनी धनराशि आसानी से जारी करा सकेंगे।

# बेटी कंगना के खिलाफ कांग्रेस की पोस्ट पर भड़के पिता

## कहा-पोस्ट कांग्रेस की छोटी मानसिकता और बौखलाहट को दर्शाती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

फिल्म अभिनेत्री एवं मंडी संसदीय सीट से भाजपा की प्रत्याशी कंगना रनौत के पिता अमरदीप सिंह रनौत ने कहा कि उनकी बेटी के प्रति कांग्रेस नेत्री द्वारा सोशल मीडिया पर डाली गई पोस्ट कांग्रेस की छोटी मानसिकता और उनकी बौखलाहट को दर्शाती है।

उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में नारी की पूजा की जाती है और उसी नारी शक्ति के बल पर आज विश्व आगे बढ़ रहा है, लेकिन कांग्रेस ने उसी नारी शक्ति के खिलाफ अपनी छोटी सोच का परिचय दिया है। कांग्रेस का यह बयान किसी भी लिहाज से सहन करने योग्य नहीं है। उनके दादा स्वतंत्रता सेनानी थे जिसके बाद वह समाजसेवा में आए और उस वक्त सिर्फ कांग्रेस पार्टी ही होती थी जिसके वह सरकाघाट से विधायक रहे, लेकिन समय के साथ कांग्रेस ने उनका साथ छोड़ दिया।


पत्रकारों से बातचीत करते कंगना रनौत के पिता अमनदीप सिंह व अन्य।

अमरदीप ने कंगना को मंडी से टिकट देने के लिए प्रधानमंत्री मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और पूर्व सीएम जयराम ठाकुर का आभार जताया।

# जमीनी विवाद बन सकता है आशा कुमारी की टिकट में रोड़ा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया त्रिनेत ने मंडी संसदीय क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी कंगणा रनौत पर की गई विवादित टिप्पणी से भाजपा को एक बड़ा मुद्दा मिल गया है। अब कांग्रेस कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से पूर्व मंत्री आशा कुमारी को टिकट देकर एक और मुद्दा भाजपा को देने से बचना चाहेगी। यह कारण है कि कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से पूर्व मंत्री एवं दिग्गज कांग्रेस नेत्री आशा कुमारी टिकट की दौड़ से बाहर हो सकती हैं।

आशा कुमारी को टिकट की दौड़ से बाहर होने का सबसे बड़ा कारण उनका एक मामला हाई कोर्ट के विचाराधीन होना है और इस मामले में चंबा कोर्ट ने 26 जून 2016 को उन्हें एक साल की सजा भी सुनाई थी। हालांकि बाद में उन्होंने चंबा कोर्ट के फैसले को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। यह मामला 1998 का है और इस मामले में आशा कुमारी पर राजस्व विभाग के रिकॉर्ड से छेड़छाड़ व 24 एकड़ वन भूमि अपने पति ने नाम ट्रांसफर करने के आरोप लगे हैं। ऐसे में एक संगीन मामले में आरोपी होने के नाते उनका कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से टिकट मिलना खतरे में पड़ गया है।



आशा कुमारी को टिकट मिलने की सूरत में प्रदेश भाजपा इस मुद्दे पर उन्हें चुनावों में घेर सकती है। इसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ सकता है। सूत्रों की माने तो आशा कुमारी टिकट के लिए प्रयास कर रही हैं, लेकिन जमीन से संबंधित मामले में आरोपी होने के कारण कांग्रेस हाई कमान उनकी उम्मीदवारी को गंभीरता से शायद न ले। गौरतलब है कि कांग्रेस से राहुल गांधी पूरे देश में भ्रष्टाचार के खिलाफ अग्रणी भूमिका में हैं और भाजपा को भ्रष्टाचार के मामलों में घेरने का प्रयास कर रहे हैं। वहीं, हिमाचल प्रदेश में जारी राजनीतिक उथल-पुथल का जिम्मेदार मुख्यमंत्री भाजपा को मान रहे हैं और पैसे के एक बड़े खेल के आरोप लगा रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस हाई कमान टिकट आबंटन में किसी मामले में आरोपी नेता को टिकट देने से परहेज कर सकती है। इसके अतिरिक्त आशा कुमारी पर महिला पुलिस कर्मी के साथ नोकझोंक के आरोप भी लगे थे। बहरहाल, देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस हाई कमान कांगड़ा-चंबा से उनके नाम पर कितना विचार करती है।

# ज्वालाजी में चढ़ाया पौने बारह किलो चांदी का छत्र

## मनोकामना पूरी होने पर महाराष्ट्र से आए श्रद्धालु ने मां के चरणों में समर्पित किया छत्र

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

विश्व विख्यात शक्तिपीठ ज्वालामुखी मंदिर में महाराष्ट्र से आए एक श्रद्धालु परिवार नें मां के चरणों में चांदी का 11 किलो 716 ग्राम वजन का छत्र चढ़ाया। आपको बता दें की विश्व विख्यात शक्ति पीठ ज्वालामुखी मंदिर में पहले भी श्रद्धालुओं द्वारा लाखों के चांदी व सोने के आभूषण मां के चरणों में दान किए गए है।

इस मौके पर मंदिर अधिकारी अनिल कुमार सोंधी ने मां ज्वाला की फोटो और चुनरी देकर श्रद्धालुओं को सम्मानित किया। श्रद्धालुओं ने अपने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि मां ज्वाला के आशीर्वाद से उनकी मनोकामना पूर्ण हुई इसलिए उन्होंने मां के दरबार में आकर चांदी का छत्र भेंट किय। वहीं, मां ज्वाला का आशीर्वाद उनके परिवार पर सदा बना रहे ऐसी उन्होंने मां से प्रार्थना की है। (अनंत ज्ञान)



छत्र चढ़ाते हुए श्रद्धालु

### मंदिर अधिकारियों ने श्रद्धालु को किया सम्मानित

**मंदिर** अधिकारी अनिल कुमार सोंधी ने बताया कि महाराष्ट्र से आए एक मां के भक्त नें मां के चरणों में 11 किलो 716 ग्राम का चांदी का छत्र चढ़ाया गया जो व उनका मंदिर प्रशासन की ओर से मां की चुनरी व माता की फोटो समृद्धि चिन्ह देकर के मान सम्मान किया गया ।

# हम बिकाऊ नहीं, हमें कौन खरीद सकता है : सुधीर

## धर्मशाला आगमन पर कार्यकर्ताओं ने सुधीर शर्मा का किया जोरदार स्वागत; टिकट देने पर भाजपा हाईकमान का जताया आभार

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

भाजपा में शामिल हुए पूर्व कांग्रेस राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सुधीर शर्मा के धर्मशाला आगमन पर तपोवन स्थित जोरावर मैदान में एक विशाल रैली का आयोजन किया। यह स्वागत रैली भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। रैली स्थल पर करीब दो बजे पहुंचे सुधीर शर्मा को उनके समर्थकों एवं भाजपा के विभिन्न पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगारों के साथ जोरदार स्वागत किया। रैली स्थल पर पहुंचने से पूर्व सुधीर शर्मा ने श्री चामुंडा मंदिर में माथा टेका और वहां से रैली स्थल पर एक काफिले में निकले।

रैली में सभा को संबोधित करते हुए भाजपा से कांगड़ा-चंबा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज ने सुधीर शर्मा का भाजपा में स्वागत करते उन्हें अपना छोटा भाई कहा। उन्होंने सुधीर शर्मा की राजनीतिक उपलब्धियों को सराहा। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव बिंदल ने अपने संबोधन में कहा कि धर्मशाला से आगामी उपचुनावों में सुधीर शर्मा को टिकट दिया है। इसके लिए सभी कार्यकर्ता भाजपा हाईकमान के आभारी हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के सभी चुनावों में भाजपा प्रत्याशी भारी बहुमत से जीतेंगे। इस मौके पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार, प्रदेश भाजपा पदाधिकारी, धर्मशाला भाजपा मंडल व भाजपा महिला मोर्चा सहित भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। रैली के पश्चात सुधीर शर्मा भगवान इंद्रु नाग, अघंजर महादेव और हनुमान मंदिर में माथा टेकने पहुंचे। इसके बाद वह दाड़ी स्थित अपने कार्यालय में कार्यकर्ताओं से रू-ब-रू हुए। (अनंत ज्ञान)



रैली में पहुंचने पर सुधीर शर्मा का स्वागत करते पूर्व विधायक विशाल नैहरिया।



रैली में सुधीर शर्मा के साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल व अन्य नेता।



रैली में पहुंचने पर सुधीर शर्मा का स्वागत करते हुए कार्यकार्त।

### कार्यक्रम के दौरान मंच पर छलके सुधीर शर्मा के आंसू

**अपने** स्वागत में आयोजित रैली को सुधीर शर्मा ने जैसे ही संबोधित करना शुरू किया तो उनकी आंखों से आंसू निकल आए। सुधीर शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री बोलते रहे कि सुधीर शर्मा बिकाऊ है, यह कहते ही सुधीर शर्मा की आंखें नम हो गईं। उन्होंने कहा कि हम बिकाऊ नहीं हैं और हमें कौन खरीद सकता है। सुधीर शर्मा ने कहा कि राज्यसभा चुनाव में उन्होंने वोट दिखा कर डाला था, न कि छिपा कर। उन्होंने कहा कि में विकास के साथ हूं और मेरा सिर्फ इतना गुनाह था कि मैं केंद्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण के लिए और धर्मशाला के विकास के लिए लड़ाई लड़ रहा था। उन्होंने कहा कि यह वही मैदान है जहां मुख्यमंत्री ने मेरा हाथ अपने हाथ से छुड़ाया था। उन्होंने कहा कि मुझे बार-बार अपमानित किया गया और जहां मान-सम्मान न हो उस जगह को छोड़ देना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वर्णीम कार्यकाल एवं उनके नेतृत्व और भाजपा राष्ट्रीय भाजपा जगत प्रकाश नड्डा के समर्पण भाव को देख कर वह भाजपा में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि मैं जब तक जिंदा हूं तब तक भाजपा पार्टी में ही रहूंगा। सुधीर शर्मा ने कहा कि उनके पिता स्व. पंडित संत राम शर्मा ताउम्र कांग्रेस पार्टी में रहे और में अपनी माता को पूछ कर भाजपा में शामिल हुआ हूं। मेरी माता ने कहा कि मौजूदा कांग्रेस तुम्हारे पिता के जमाने की कांग्रेस नहीं रही है और मैं अपने परिवार से आशीर्वाद लेकर ही भाजपा में शामिल हुआ हूं। बकौल सुधीर शर्मा मैंने भाजपा में शामिल होने पर टिकट नहीं मांगा था, लेकिन मैं धन्यवादी हूं भाजपा शीर्ष नेतृत्व जिन्होंने मुझे धर्मशाला से पार्टी प्रत्याशी बनाया है।

# धर्मशाला की जनता ने सुधीर शर्मा को नकारा : देवेंद्र जग्गी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



सुधीर शर्मा ने जिस तरह विधानसभा चुनाव जीतने के बाद एक साल तक धर्मशाला की जनता को नकारा, उसी तर्ज पर धर्मशाला की जनता ने सुधीर शर्मा को नकार दिया है। सुधीर शर्मा के स्वागत में आयोजित हुई रैली से आम जनता ने कन्नी काट कर उन्हें मुंहतोड़ जवाब दिया है। कांग्रेस को धोखा देने वाले सुधीर शर्मा के लिए भाजपा द्वारा आयोजित स्वागत रैली पूरी तरह फ्लॉप रही है।

यह तीखा हमला धर्मशाला नगर निगम के पूर्व महापौर एवं दिग्गज कांग्रेस नेता देवेंद्र सिंह जग्गी ने किया है। उन्होंने कहा कि स्वागत रैली में बेहद कम लोग आने से सुधीर शर्मा रैली स्थल पर एक घंटा देर से पहुंचे और लोगों से मिली जानकारी के अनुसार इस से पूर्व वह एक होटल में बैठ कर अपने लोगों को फोन कर के रैली में आने का आग्रह करते रहे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने रैली में 15 हजार कार्यकर्ताओं के शामिल होने की बात कही थी, लेकिन 1500 लोग भी रैली में नहीं पहुंचे। उन्होंने सुधीर शर्मा पर तंज कसते हुए कहा कि जिस तरह गत विधानसभा चुनावों में सुधीर शर्मा ने अपने घर के दरवाजे लोगों के लिए बंद कर दिए थे, उसी तरह आज लोगों ने अपने दिल के दरवाजे सुधीर शर्मा के लिए बंद कर दिए हैं। जग्गी ने कहा कि धर्मशाला की जनता ने सुधीर शर्मा द्वारा की उनकी अनदेखी सहन की है लेकिन अब बारी जनता की है और जनता ने सुधीर शर्मा को एक अच्छा सबक सिखाने की जिद्द पकड़ ली है। पूर्व महापौर ने कहा कि विभिन्न महिला संगठनों व पूर्व में रहे उनके समर्थकों सहित भाजपा के विभिन्न प्रकोष्ठों को रैली में आने के लिए प्रलोभन तक दिए गए लेकिन आम जनता ने इन प्रलोभनों को नकार कर उन्हें आईना दिखाया है। बकौल, जग्गी हिमाचल प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सूक्खू के नेतृत्व में बेहतरीन कार्य कर रही है और उपचुनावों व लोक सभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी भारी मतों से जीतेंगे, इस बात का संदेश आज धर्मशाला की जनता ने दे दिया है। उन्होंने कहा कि जनता कभी नहीं चाहेगी कि प्रदेश में किसी भी सूरत में भाजपा सरकार बने और भाजपा सरकार बनते ही पुरानी पेंशन बहाली सहित जनहित की योजनाओं को बंद कर दिया जाए।

# बागियों को जनता सिखाएगी सबक : मल्ली

## कांग्रेस के प्रदेश सचिव बोले-बीजेपी में बगावत शुरू, जमकर साधा निशाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांग्रेस के प्रदेश सचिव व मीडिया समन्वयक पुनीत मल्ली ने कहा कि कांग्रेस की जनमत से बनी सरकार को गिराने के लिए रचे गए चक्रव्यूह में भारतीय जनता पार्टी खुद ही घिर चुकी है।

बागी विधायकों को शामिल करने के बाद भाजपा में शुरू हुई बगावत रुकने का नाम नहीं ले रही है। बागी पूर्व विधायकों के हलकों में भाजपा के नेता खुलेआम विरोध पर उतर आए हैं। सांसद किशन कपूर ने अपनी ही पार्टी के शीर्ष नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सत्ता हथियाने के लिए जो खेल भाजपा नेताओं ने रचा था, वो उन्हें भारी पड़ता नजर आ रहा है। कई नाराज नेता कांग्रेस में आने को तैयार बैठे हैं।



मल्ली ने जारी बयान में कहा कि वीरवार को धर्मशाला के जोरावर स्टेडियम में कांग्रेस के बागी पूर्व विधायक सुधीर शर्मा के स्वागत में भाजपा द्वारा आयोजित रैली से भाजपा कार्यकर्ताओं ने ही नहीं बल्कि धर्मशाला की आम जनता ने भी मुंह मोड़ लिया। रैली स्थल पर अधिकांश कुर्सियां खाली रहीं व भाजपा के स्थानीय नेताओं के मायूस पड़े चेहरे पूरी कहानी बयां कर रहे थे। कांग्रेस सचिव ने कहा कि अपने स्वार्थ के लिए कांग्रेस व उसकी विचारधारा को धोखा देकर भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायक सुधीर चाहे जितने मर्जी मगरमच्छी आंसू बहा लें, लेकिन धर्मशाला की जागरूक व ईमानदार जनता अब उनके बहकावे में नहीं आएगी। मल्ली ने कहा कि कांग्रेस धन-बल की राजनीति के आगे घुटने नहीं टेकेगी।

# भाजपा का खेल बिगाड़ सकते हैं पार्टी से नाराज नेता

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

देश के साथ-साथ प्रदेश मे भी लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव का बिगुल बज चुका है और इसी कड़ी के तहत भाजपा ने प्रदेश मे चुनाव लड़ने के लिए अपने योद्धाओं की घोषणा भी कर दी है। मगर उपचुनाव मे भाजपा ने अपने नेताओं को दरकिनार करके कांग्रेस से विद्रोह करके आए नेताओं पर विश्वास जताकर उन्हें मैदान मे उतारा है और इसकी घोषणा होते ही भाजपा मे विद्रोह की चिंगारी भड़क उठी है।



अब इन उपचुनावों मे भाजपा की नैया पार लगना इतना आसान नही होगा। बात अगर धर्मशाला, ज्वालामुखी, कुटलैहड़, लाहुल-स्पीति, नालागढ़, सुजानपुर की करे तो यहां से भाजपा के नेताओं ने भाजपा के खिलाफ विद्रोह का बिगुल बजा दिया है। ऐसी स्थिति मे भाजपा को अपनों से जख्म मिलना तय है। अगर इस बगाबत को शांत ना किया गया तो परिणाम कुछ भी हो सकते है। भाजपा से नाराज होने बाले नेताओं मे धर्मशाला से राकेश चौधरी, लाहुल-स्पीति से रामलाल मार्कंडा, ज्वालामुखी से रमेश धवाला, कुटलैहड़ से वीरेंद्र कंवर, सुजानपुर से रणजीत सिंह, नालागढ़ से लखविंद्र राणा शामिल है। वहीं, लोकसभा की टिकट पर भी भाजपा मे विद्रोह की चिंगारी सुलग चुकी है। इनमे कांगड़ा चंबा के सांसद किशन कपूर व पूर्व सांसद महेशवर सिंह ने अपनी ही पार्टी के निर्णय पर नाराजगी जताई है।

# होली मेला पपरोला में हिंदी पहाड़ी गानों पर झूमे दर्शक



पपरोला होली मेले के दौरान प्रस्तुतियां देते कलाकार।

**पंकज दीक्षित, पपरोला**

जिला स्तरीय होली मेला पपरोला की दूसरी संध्या में पहाड़ी व हिंदी गानों का तड़का लगा।

मेले की अंतिम संध्या एवं समापन अवसर पर एसडीएम देवी ठाकुर व डीएसपी पूर्ण चंद ठकुराल ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया। दोनों अतिथियों को मेला कमेटी ने सम्मानित किया। इस संध्या में गायक एसी भारद्वाज व जोनी ठाकुर ने अपने गानों से लोगों का दिल जीत लिया। इस मौके मेला कमेटी ने मेले के दौरान निकाली झांकियों के लिए उनके प्रतिनिधियों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर कमेटी के प्रधान विशाल सूद, मनोज सूद, गौरव सूद, सचिन शर्मा, शांति कोल, विनोद ग्रोवर, साहिल, राममूर्ति सोनी व जोनी खान आदि मौजूद रहे।

### चुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं से की चर्चा

**धर्मशाला।** धर्मशाला के चैतड़ू स्थित भारतीय जनता पार्टी कांगड़ा-चंबा संसदीय कार्यालय में कांगड़ा व चंबा के नेताओं व कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल ने एक अहम बैठक का आयोजन किया। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ आगामी लोकसभा चुनावों को लेकर रणनीति बनाई। राजीव बिंदल से सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को उनके चुनावी कार्यभार से अवगत करवाया। इस मौके पर कांगड़ा-चंबा से भाजपा प्रत्याशी राजीव भारद्वाज, चुराह से विधायक हंस राज ठाकुर, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार, विधायक पवन काजल, पूर्व मंत्री राकेश पठानिया, पूर्व मंत्री सरवीण चौधरी व नूरपुर विधायक रणवीर निक्का सहित विभिन्न पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खनियारा मैदान में पहुंची इंद्रु नाग देवता की छड़ी यात्रा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

खनियारा के ऐतिहासिक इंद्रु नाग देवता के छिंज मेले के दूसरे दिन वीरवार को श्री इंद्रु नाग देवता की छड़ी मुख्य मंदिर से कोटासनी माता मंदिर पहुंची यहां पर कन्या पूजन के बाद इंद्रु नाग देवता की छड़ी पटोला मैदान लाई गई।

विभिन्न भव्य झांकियों का भी आयोजन किया गया। ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष हरभजन सिंह भज्जी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। जबकि मनूनी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के प्रबंधक दिनकर शर्मा ने बतौर विशेष अतिथि शिरकत की। पटोला मैदान में दंगल का आयोजन किया गया, जिसमें हिमाचल प्रदेश सहित पंजाब, जम्मू-कश्मीर के पहलवानों सहित दिल्ली के पहलवानों ने जौहर दिखाया। इस मौके पर महिला कुश्ती का भी आयोजन किया गया। मेला कमेटी के प्रधान कैप्टन ईश्वर ठाकुर मुख्यातिथि का स्वागत किया और उन्हें मुख्य मंदिर से लेकर पटोला मैदान तक लेकर आए और यहां पर आकर्षक दंगल का आंनद लिया। यह जानकारी मेला कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नीरज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि 29 मार्च को बड़ी माली का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सांसद किशन कपूर बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे। जबकि शाम को सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। सुरों की संध्या को डा. सतीश ठाकुर सहित अन्य लोकगायक सजाएंगे। इस मौके पर युवा नेता विपिन नैहरिया बतौर मुख्यातिथि शिरकत कलाकारों को पुरस्कृत करेंगे।



कार्यक्रम के दौरान मेला कमेटी के सदस्य सामूहिक चित्र में।



द्रोणाचार्य शिक्षण स्नातकोत्तर महाविद्यालय रैत दो दिवसीय नवरंग इग्नाइट इंस्पायर एंड ट्रांसफॉर्म वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन कार्यक्रम की भव्य रूप से शुरुआत हुई। कार्यक्रम के आगाज के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में मुख्यातिथि के रूप में विकास सुरजेवाला प्रोजेक्ट डायरेक्टर राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि केवल सिंह पठानिया ने छात्रों को सम्मानित भी किया।

## न्यूज ब्रीफ

### 9000 एमएल अवैध देसी शराब बरामद

**लंबागांव।** पुलिस थाना लंबागांव के तहत मुकाम टीकरी में निर्मल कुमार पुत्र हस्त राम निवासी गाव टीकरी की दुकान से 9000 एमएल अवैध देसी शराब बरामद की गई है। इस संदर्भ में पुलिस ने हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, पुलिस थाना बैजनाथ के तहत लड़भडोल में मदन लाल पुत्र कृष्ण लाल निवासी गाव ढंडोल से 6000 एमएल अवैध देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने इस संदर्भ में मदन लाल के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### मारपीट व लड़ाई-झगड़े के छह मामले दर्ज

**धर्मशाला।** जिला कांगड़ा के तहत शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों में लड़ाई-झगड़े, गाली-गलौज और मारपीट के छह मामले दर्ज हुए हैं। पुलिस थाना कांगड़ा के तहत पप्पी पुत्र औंकार सिंह निवासी कोहाला ने अनिल राणा पुत्र अमर सिंह के साथ उनके घर जाकर लड़ाई-झगड़ा व मारपीट की । पुलिस थाना गगल के तमत अरुण कुमार पुत्र स्व हरवंस लाल ने बलराज पुत्र हेमराज निवासी रजोल के साथ लड़ाई-झगड़ा, मारपीट व गाली-गलौज की। पुलिस थाना शाहपुर के तहत काला व काकू ने विनोद कुमार निवासी हरनेरा का रास्ता रोककर लड़ाई-झगड़ा, मारपीट व गाली-गलौज किया। पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने शशी कुमार निवासी मंगवाल का रास्ता रोककर लड़ाई-झगड़ा व मारपीट की। पुलिस थाना लंबागांव के तहत ज्ञान चंद निवासी मझोटी ने लालमन निवासी मझोटी का रास्ता रोककर लड़ाई-झगड़ा व मारपीट की। उक्त सभी मामलों को पुलिस ने भारतीय दंड सहिंता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

**शुभारंभ** — एसडीएम नेत्रा मेती ने किया मेले का शुभारंभ, मेले के दौरान शोभायात्रा भी निकाली

# राज्य स्तरीय छिंज मेला सलियाणा का आगाज

**अजय पॉल, पंचरुखी**

एसडीएम पालमपुर एवं अध्यक्ष मेला समिति नेत्रा मेती ने वीरवार को राज्य स्तरीय छिंज मेला सलियाणा की शोभायात्रा में भाग लेकर मेले का शुभारंभ किया। शोभा यात्रा का आयोजन लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह से लेकर लखदाता मंदिर तक किया गया।

शोभा यात्रा के बाद एसडीएम ने लखदाता मंदिर में पूजा अर्चना के साथ टमक पर थाप से छिंज मेले शुभारंभ किया। इसके उपरांत उन्होंने मेला ग्राउंड में आयोजित बच्चो की दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्ण विधि विधान के साथ किया। एसडीएम ने कहा कि मेले व त्योहार हमारी संस्कृति के परिचायक हैं। मेले व त्योहार स्थानीय लोगों के आपसी मेल मिलाप के साथ-साथ सामुदायिक व व्यापारिक रूप से भी लोगो की आकांक्षाओं व आवश्यकताओं को पूर्ण करते हैं। उन्होंने कहा कि मेले मनोरंजन के साथ-साथ हमारी संस्कृति और परंपराओं को संजोय रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि मेले के आयोजन से प्रेम और आपसी भाईचारा बढ़ता है और पूरे प्रदेश में उत्सवों और त्योहारों के अवसर पर मेलों का आयोजन होता है। उन्होंने कहा कि मेलों में लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और खरीददारी इत्यादि करते हैं। उन्होनें कहा कि स्तरीय छिंज मेला सलियाणा में सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन 30, 31 मार्च और पहली अप्रैल को किया जाएगा। मेले में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का भी एसडीएम ने अवलोकन किया। इस दौरान नायब तहसीलदार पंचरुखी अरुण कुमार सांख्यान, कानूनगो अजय और मेला समिति सदस्यों के साथ स्थानीय लोगों ने शोभा यात्रा में भाग लिया। (अनंत ज्ञान)



राज्य स्तरीय छिंज मेला सालियाणा का टमक बजाकर आगाज करते हुए मुख्यातिथि।

### कार सवार से पुलिस ने पकड़ा 16 ग्राम चिट्टा

**देहरा।** डीएसपी देहरा अनिल कुमार के नेतृत्व में देहरा पुलिस द्वारा अवैध रूप से नशा माफिया के खिलाफ छेड़े गए अभियान मे एक के बाद एक कारोबारी उनके कड़े सिकंजे में फंसता जा रहा है। वीरवार को देहरा पुलिस द्वारा गांव दयाड़ा स्थित ब्यास पुल के पास एक कार सवार महिला से 16 ग्राम चिट्टा पकड़ा है। कार सवार दंपति अपने दो छोटे-छोटे मासूम बच्चों के साथ जालंधर पंजाब से कांगड़ा की ओर जा रहे थे। वहीं, नाके के दौरान पुलिस ने जब गाड़ी की तालासी ली तो उनके पास 16 ग्राम चिट्टा निकला। देखने वाली बात तो यह है कि उपरोक्त दंपत्ति लाखों रुपए का अवैध रूप से चिट्टा कहां लेकर जा रहा था । यह बात पुलिस के लिए जांच का विषय है। डीएसपी देहरा अनिल कुमार ने खबर की पुष्टि की है।

# शाहपुर में डॉक्टर राजीव भारद्वाज का मिठाई खिलाकर किया स्वागत

**सुभाष मिंटू, कांगड़ा**

आगामी समय में देश भर में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर नेताओं की बैठक और जनसभा का दौर जारी है। इसी कड़ी में चंबा और कांगड़ा संसदीय क्षेत्र के भाजपा के उम्मीदवार डॉक्टर राजीव भारद्वाज का गुरुवार को शाहपुर में भव्य स्वागत किया गया। डॉक्टर राजीव भारद्वाज का स्वागत जिला महामंत्री राकेश चौधरी के नेतृत्व में किया गया। सबसे पहले भाजपा महिला मोर्चा की महिलाओं ने डॉक्टर राजीव भारद्वाज को लड्डू खिलाकर टिकट मिलने पर बधाई दी।

इस मौके पर जिला महामंत्री राकेश ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की चारों लोकसभा सीटों पर भाजपा की जीत होगी। मोदी सरकार की योजनाओं और नीतियों ने प्रभावित होकर देश की जनता एक बार फिर नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने जा रही है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर राजीव भारद्वाज भाजपा के कर्मठ नेता हैं। लंबे समय से वह सक्रिय राजनीति में रहकर लोगों की सेवा कर रहे हैं। शाहपुर का हर कार्यकर्ता उन्हें जीतकर केंद्र में भेजेंगे। महामंत्री राकेश, जिला उपाध्यक्ष अशोक, वशिष्ठ जिला उपाध्यक्ष नैना देवी, मंडल अध्यक्ष रवि दत्त शर्मा, महामंत्री जन्म सिंह सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष सीमा, पवन शर्मा, जिला कार्यकारी सदस्य सुनीता चौधरी, सदस्य जरासंध, जिला आईटीआई के संयोजक जसविंद्र सिंह, प्रदेश महिला मोर्चा की सचिव रजनी ठाकुर, महिला सदस्य निशा शर्मा, महिला मोर्चा जिला की उपाध्यक्ष अरुणा रानी, युवा मोर्चा के अध्यक्ष अरुण कौशल, महिला मोर्चा की अध्यक्ष मोनी बाला, मोर्चा के अध्यक्ष सुजान सिंह, कोषाध्यक्ष संजय कुमार, मोर्चा के सचिव जय करण, महामंत्री सतीश, तिलक शर्मा, किसान मोर्चा की सचिव की तिरुपता देवी, नवनीत शर्मा, गगन सिंह गौरा आदि मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)


डॉ. राजीव भारद्वाज का स्वागत करते कार्यकर्ता।

## शिक्षक मदन जीत जाएंगे सिंगापुर

**गरली।** शिक्षा के क्षेत्र में अलग पहचान बना चुके गरली के शिक्षक मदन जीत सहित प्रदेश से 200 अध्यापक प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक धर्मशाला व निदेशक समग्र शिक्षा निदेशालय हिमाचल प्रदेश सरकार शिमला के सौजन्य से अगामी चार अप्रैल को टीचर्स एक्सपोजर विजिट के लिए सिंगापुर रवाना होंगे। विदित रहे की समग्र शिक्षानिदेशालय शिमला द्वारा विशेष योग्यता रखने वाले ऐसे 200 शिक्षकों का एक्सपोजर विजिट के लिए चयन किया गया है। जो शिक्षा के क्षेत्र में विशेष उपलब्धि प्राप्त हैं। बातचीत के दौरान शिक्षक मदन जीत ने बताया कि इस अवधि के दौरान चयनित किए गए अध्यापक विदेश में नई शिक्षा नीति को मजबूत बनाने के लिए एक प्रशिक्षण भी प्राप्त करेंगे, ताकि वहां सीखी गई शैक्षणिक गतिविधियों को अपने देश में भी लागू किया जा सके। वहीं, शिक्षा के क्षेत्र में विदेश में जाकर प्रशिक्षण प्राप्त करने तथा इस बड़ी उपलब्धि का श्रेय मदन जीत अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया।

# जयसिंहपुर में तीन दिन रही जिलास्तरीय होली मेले की धूम

## दिल्ली के रोहित पहलवान ने हरियाणा के नरेश को हराकर जीती बड़ी माली

**प्रवीण मिश्रा, जयसिंहपुर**

जयसिंहपुर में तीन दिन तक जिला स्तरीय होली मेले की धूम रही। वीरवार को मेले का विधिवत समापन एडीसी कांगड़ा सौरभ जस्सल ने किया। होली मेला 26 से 28 तक चला।

इस दौरान तीन सांस्कृतिक संध्याएं भी आयोजित की गई। वहीं, समापन समारोह से पूर्व छिंज का भी आयोजन किया गया। इसमें एसडीएम संजीव ठाकुर मुख्यातिथि रहे। इस छिंज में दिल्ली के रोहित पहलवान ने हरियाणा के नरेश पहलवान को हरा कर बड़ी माली जीत ली। एक महिला पहलवान और पुरुष पहलवान के बीच भी कुश्ती कराई गई, जिसका दर्शकों ने खूब आनंद उठाया। इस अवसर पर एसडीएम संजीव ठाकुर ने विजेता पहलवान रोहित को 31 हजार व उपविजेता नरेश को 21 हजार रुपए का इनाम देकर सम्मानित किया। इस दौरान एसडीएम संजीव ठाकुर ने एडीसी सौरभ जस्सल को शाल टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर तहसीलदार अभिषेक भास्कर, एक्सईएन विजय वर्मा सहित उपमंडल के अधिकारीगण मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

**एडीसी सौरभ जस्सल ने किया मेले का समापन**


मेले के दौरान महिला पहलवान को सम्मानित करते हुए।

**मेले हमारी संस्कृति के परिचालक : सौरभ जस्सल**

इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए एडीसी सौरभ जस्सल ने होली की बधाई देते हुए कहा कि मेले व त्योहार हमारी समृद्ध संस्कृति के परिचायक हैं। उन्होंने कहा कि इन मेलों में लोग बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं और अपनी संस्कृति को सहेजने में लगे हुए हैं। उन्होंने मेले के सफल आयोजन को मेला समिति को बधाई दी।

## न्यूज ब्रीफ

### ज्वालाजी में हथियारों पर रहेगा प्रतिबंध

**ज्वालामुखी।** श्री ज्वालाजी शक्तिपीठ में नौ से 18 अप्रैल तक चलने वाले चैत्र नवरात्र मेलों के दृष्टिगत ज्वालामुखी नगर परिषद् क्षेत्र में आठ से 19 अप्रैल तक सभी प्रकार के हथियार और विस्फोटक पदार्थों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। एसडीएम ज्वालामुखी डॉ. संजीव शर्मा ने इस संदर्भ में निर्देश जारी कर दिए हैं। उन्होंने बताया कि श्री ज्वालाजी शक्तिपीठ में यात्रियों एवं श्रद्धालुओं की सुरक्षा को देखते हुए चैत्र नवरात्र मेलों के दौरान यह निर्णय लिया गया है। एसडीएम ने कहा कि चैत्र नवरात्र सुव्यवस्थित और शांतिपूर्ण ढंग से बीते इसके लिए हर प्रकार की व्यवस्थाएं की गई हैं। अतः क्षेत्र के वासियों एवं आने वाले श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार के हथियार और असला बारूद को साथ न रखें। प्रशासन द्वारा इस प्रतिबंध का सख्ती से पालन किया जाएगा।

### भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने लिया मां चामुंडा का आशीर्वाद

**धर्मशाला।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल, कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र राजीव भारद्वाज व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार सहित विभिन्न भाजपा पदाधिकारी सुबह श्री चामुंडा माता मंदिर में माथा टेकने पहुंचे। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि श्री चामुंडा माता से आगामी लोकसभा और विधानसभा के उपचुनावों में भाजपा की जीत का आशीर्वाद लिया है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए नेताओं का स्वागत है और भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता नए प्रत्याशियों के साथ है। कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए पूर्व विधायकों को बागी कहे जाने पर राजीव बिंदल ने आपत्ति जताते हुए कहा कि बागी शब्द का प्रयोग किया जाना गलत है और अब वह नेता भाजपा के माननीय सदस्य हैं।

### स्वतंत्रता सेनानी की पत्नी पंचतत्व में विलीन

**गगल।** गगल के नजदीक गांव भड़ियारा में वीरवार को स्वतंत्रता सेनानी स्वर्गीय ढुनी चंद की पत्नी शीला देवी का गत रात्रि निधन हो गया। वीरवार को उनका गांव भड़यारा के पास बने श्मशानघाट में अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक शीला देवी के बड़े बेटे शशि पाल मनकोटिया ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर प्रशासन की ओर से कांगड़ा के नायब तहसीलदार परविंद्र पठानिया व एएसआई विनोद कुमार ने श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर पंचायत प्रधान रविंद्र सिंह, उपप्रधान मनोहर लाल, जालिम सिंह मनकोटिया, राजेंद्र पटियाल, हंसराज सैनी, संदीप मनकोटिया व सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### यज्ञोपवीत संस्कार समारोह आठ अप्रैल से

**लंबागांव।** प्रदेश ब्राह्मण कल्याण परिषद जयसिंहपुर इकाई की बैठक परिषद के अध्यक्ष जगदीश शर्मा की अध्यक्षता में परशुराम भवन सकोह में संपन्न हुई। इसमें आठ व नौ अप्रैल को परशुराम भवन सकोह में किए जाने वाले यज्ञोपवीत संस्कार पर चर्चा की गई व निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के ब्राह्मण समुदाय के जिन भी लोगों ने अपने बच्चों को यज्ञोपवीत संस्कार धारण करवाना हो वह परिषद के किसी भी सदस्य से संपर्क कर सकता है। इस मौके पर बिहारी लाल, देशराज शर्मा, कमलेश शर्मा, सोमदत्त, रमेश कुमार, खुशीराम शर्मा, शत्रुघ्न शुक्ला, बाबूराम, अनिल शर्मा, मनु शर्मा, पृथ्वी राज शर्मा, मनोज शर्मा व रवि शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### 30 से पहले जमा करवा दें बिजली का बिल

**लंबागांव।** विद्युत उपमंडल जयसिंहपुर के अंतर्गत आने वाले जिन उपभोक्ताओं ने बिजली का बिल नहीं भरा है। वह 30 मार्च से पहलें पहलें बिजली का बिल जमा करवा दें। अगर 30 मार्च से पहलें बिजली का बिल जमा नहीं करवाया, तो बिल न भरने वाले उपभोक्ताओं को अंधेरे में रहना पड़ सकता है। बिल न भरने वाले उपभोक्ताओं के बोर्ड द्वारा अब बिना सूचना दिए कनेक्शन काट दिए जाएंगे। जयसिंहपुर विद्युत मंडल के सहायक अभियंता सुशील शर्मा ने बताया कि इस समय क्षेत्र में 365 ऐसे बिजली उपभोक्ता हैं। जो बोर्ड के बार-बार आग्रह करने पर भी बिजली के बिलों की अदायगी नहीं कर रहे हैं। इन उपभोक्ताओं से बोर्ड को छह लाख 13 हजार रुपए लेना है। इन 365 उपभोक्ताओं में 110 व्यावसायिक व 255 घरेलू उपभोक्ता हैं। अगर इन उपभोक्ताओं ने 30 मार्च से पहले बिजली का बिल जमा नहीं करवाया तो बोर्ड द्वारा बिल न भरने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन अब बिना सूचना किाट दिए जाएंगे। काटे गए कनेक्शनों को पुनः चालू करने हेतु व्यावसायिक व घरेलू उपभोक्ताओं को 250 रुपए की अलग से अदायगी करनी होगी।

# इंदौरा कॉलेज में संजना मिस एंड मणिकर्ण को मिस्टर फेयरवेल चुना

**रोशन लाल, इंदौरा**

राजकीय महाविद्यालय इंदौरा में बीसीए के विद्यार्थियों द्वारा फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें दीपक पठानिया मिस्टर पर्सनालिटी, अंजाम मिस चार्मिंग, मणिकर्ण मिस्टर फेयरवेल, संजना मिस फेयरवेल चुनी गई।

इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। इस दौरान महाविद्यालय के प्राध्यापक ने सभी विद्यार्थियों को भविष्य में सही राह पर चलने के लिए अवगत किया।

उन्होंने कहा कि इसी उम्र में इनसान अपना भविष्य बन सकता है और बिगाड़ सकता है। क्योंकि स्कूल, कॉलेज के बाद आपको खुद ही अपनी राह पर चलना पड़ेगा। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को समझाया कि आज के दौर में नशा बहुत बढ़ चुका है। जो नशे के दलदल में फंस जाता है उसकी जिंदगी बर्बाद हो जाती है। इसलिए कोई भी विद्यार्थी नशे की ओर न जाए। इस उपलक्ष पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। (अनंत ज्ञान)


कार्यक्रम के दौरान उपस्थित इंदौरा कॉलेज के छात्र।

# तंबाकू बेचने पर 19 दुकानदारों के चालान

## शाहपुरकंडी में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने की छापेमारी, व्यापारियों में मचा हड़कंप

**ओपी वर्मा, शाहपुरकंडी**

दुकानदारों की ओर से खुलेआम 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बेचे जा रहे तंबाकू, सिगरेट एवं अन्य नशा युक्त पदार्थों की रोकथाम के लिए वीरवार को सिविल सर्जन पठानकोट के दिशा-निर्देशों एवं रणजीत सागर बांध परियोजना के सरकारी अस्पताल के एसएमओ डॉ. जसविंद्र पाल की देखरेख में अस्पताल के सीनियर डॉक्टर डीएन चौधरी एवं उनकी टीम की ओर से कॉलोनी के साथ लगते जुगियाल, अदियाल, शाहपुरकंडी एवं आसपास के इलाके में कई दुकानों पर छापेमारी कर करीब 19 दुकानदारों के चालान काटे और उनसे मौके पर ही जुर्माना वसूला गया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए डॉक्टर डीएन चौधरी ने बताया कि अक्सर देखने में आया है कि दुकानदार खुले में तंबाकू सिगरेट एवं अन्य नशा युक्त सामान 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बेच देते हैं। इसके चलते आज उनकी टीम की ओर से कॉलोनी क्षेत्र एवं आसपास इलाके के करीब 19 दुकानदारों के चालान काटे गए तथा उनसे मौके पर जुर्माना भी वसूला गया है। उन्होंने दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर कोई भी दुकानदार खुले में सिगरेट, तंबाकू या अन्य नशा युक्त समान बेचता पकड़ा गया तो उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर दर्शन सिंह काहलो, अरुण सिंह, सुरिंद्र कुमार एवं पेस्को सिक्योरिटी के जवान भी मौजूद थे। (अनंत ज्ञान)


एक दुकान में कार्रवाई करती हुई टीम।

# आर्य कॉलेज में छात्रों ने सजाई प्रदर्शनियां

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

राजकीय आर्य महाविद्यालय नूरपुर में दो दिवसीय कार्यशाला, प्रदर्शनी व संगोष्ठी का समापन प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार ठाकुर की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम का विषय मिलेट्स (मोटा अनाज व उनके उत्पाद), औषधीय पौधे व उनके उपयोग रहा।

इस कार्यक्रम का आयोजन समन्वयक प्रो. संजय कुमार जसरोटिया, संयोजक डॉ. राकेश कुमार, संयोजक सचिव डॉ. सत्य प्रकाश व प्रो. पर्ल बक्शी तथा संयोजक समिति के सदस्यों द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर क्षेत्रीय बागवानी शोध व प्रशिक्षण केंद्र जाछ (जसूर) में कार्यरत वैज्ञानिक व सह निदेशक डॉ. विपिन गुलेरिया ने शिरकत की। इस संगोष्ठी के मुख्य वक्ता डॉ. विपन गुलेरिया वरिष्ठ वैज्ञानिक क्षेत्रीय बागवानी शोध व प्रशिक्षण केंद्र जाछ (जसूर) द्वारा 'औषधीय पौधों के उत्पादन की तकनीक' विषय पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस प्रदर्शनी में बीटीसी राजकीय कन्या आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नूरपुर की छात्राएं प्रथम स्थान पर, राजकीय महाविद्यालय देहरी की छात्रा द्वितीय स्थान पर व अर्जुन सेव अर्थ फाउंडेशन लदोड़ी तृतीय स्थान पर रहे। समाज की भलाई के लिए औषधीय पौधों की प्रदर्शनी में सेव अर्थ फाउंडेशन प्रथम स्थान पर, राजकीय महाविद्यालय देहरी द्वितीय स्थान पर और बीटीसी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नूरपुर तृतीय स्थान पर रहे। कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि द्वारा अभ्यर्थियों और विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।


प्रदर्शनियों का अवलोकन करते मुख्यातिथि

## मां आशापुरी मेला चार अप्रैल से

**जयसिंहपुर।** मां आशापुरी मेला कमेटी द्धवाटा महाराज नगर की बैठक कमेटी प्रधान कुलवंत शर्मा की अध्यक्षता में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति मेला चार अप्रैल को झंडा रस्म से शुरू होगा व सात अप्रैल तक रहेगा। चार दिन तक चलने बाले इस मेले के दौरान बॉलीवाल प्रतियोगिता करवाई जाएगी। वहीं, दंगल कमेटी के विजेता को रुपए 9100 व उपविजेता को 7100 दिया जाएगा। मेले में आने बाले व्यापारियों को जगह बिजली, पानी कमेटी की ओर से मुफ्त मुहैया करवाया जाएगा। बैठक में ओम प्रकाश, भवानी, जसवंत, अशोक, मनजीत आदि मौजूद रहे।

# कराल की सब्जी खाने से दूर होती हैं कई बीमारियां

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

हिमाचल प्रदेश को जहां देवभूमि के नाम से जाना जाता है। वहीं, यहां का रहन-सहन, खान-पीन भी भिन्न-भिन्न होने के कारण विश्व में हिमाचल की विशेष पहचान है। इसी प्रकार हिमाचल के जिला कांगड़ा के कई इलाकों में कराली के वृक्ष की कलियों और फूलों की स्वादिष्ट सब्जी भी बनाई जाती है। हिमाचल की कुछ जगह पर इस फूल को करयाल या कराली भी कहा जाता है। वैसे, ऐसे कई तरह के फूल हैं जिनका सब्जी के रूप में उपयोग किया जाता है और उन्हीं फूलों में से एक है कराली का फूल। वैसे तो कई लोगों ने इसकी सब्जी खाई होगी। जबकि अभी भी कुछ ऐसे लोग हैं जिन्हें कराली के पेड़ पर लगे फूल के विषय में अधिक जानकारी नहीं होगी।

हिमाचल के कई इलाकों में इस फूल की सब्जी बनाई जाती है। आपको बता दें कि एक पेड़ पर ये फूल लगते हैं और हिमाचल के लोग इसकी कलियों और फूलों की सब्जी बनाते हैं। पतझड़ के मौसम में ज्यादातर इस फूल की सब्जी बनाई जाती है। पतझड़ के मौसम में यानि कि मार्च से अप्रैल के बीच इस वृक्ष पर कलियां और फूल खिलते हैं। फूलों के पूर्ण रूप से खिलने के पश्चात इस पेड़ की सुंदरता देखते ही बनती है। सफेद, पीले, लाल रंग के फूल, गुलाबी रंग की धारियों के साथ बेहद खूबसूरत दिखाई देते हैं। वहीं, इस की सब्जी खाने से कई प्रकार की बीमारी भी ठीक हो जाती है। इसके अतिरिक्त वैसे इस पेड़ के पत्तों को चारे के रूप में पशुओं के लिए इस्तेमाल किया जाता है।


पेड़ पर उगे कराल के फूल।

**व अदालत तहसीलदार प्रथम श्रेणी एवं कार्यकारी दंडाधिकारी नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा**

मिसल नं. 967/तह./2024 (आरएमएस)
ता.दा. 21.02.2024 ता. पेशीः 21.04.2024

**अनुवान मुकद्दमा**

1 श्रीमति वीना देवी पुत्री श्री मलो राम निवासी गांव औहलड़ी, डाकघर हटवास तहसील नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा।

**प्रार्थी पक्ष**

**आम जनता वनाम प्रत्यार्थी पक्ष**

**विषयः-** प्रार्थना पत्र जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 की जेर धारा 13(3) के अंतर्गत जन्म तिथि 01.01.1968 को ग्राम पंचायत भुनेड के रिकार्ड में दर्ज करने वारे।

**अखवारी ईश्तहारः-** प्रार्थीया श्री वीना देवी पुत्री श्री मलो राम निवासी गांव औहलडी, डाकघर हटवास तहसील नगरोटा बगवां जिला कांगड़ा ने जन्म तिथि पंजीकरण वारे न्यायालय में उपस्थित होकर प्रार्थना पत्र पेश किया है कि मेरा जन्म ग्राम पंचायत भुनेड में दिनांक 01.01.1968 को हुआ। लेकिन किसी कारणवश ग्राम पंचायत भुनेड में दर्ज न करवा सके। दर्ज करने का आग्रह किया।

अतः इस अदालती अखवारी ईश्तहार कोर्ट नोटिस द्वारा आम जनता व सगे संबंधियों को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि किसी को इस जन्म तिथि पंजीकरण करने बारे कोई एतराज हो तो वह स्वयं बजरिया कौंसल एतराज दिनांक 21.04.2024 को अदालत में पेश कर सकते हैं। हाजिर न आने की सूरत में एक तरफा कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। और नियमानुसार जन्म तिथि पंजीकरण के आदेश पारित कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 22.03.2024 को मेरे हस्ताक्षर मोहर सहित जारी हुए।

**कार्यकारी दंडाधिकारी तहसील नगरोटा बगवां**
**जिला कांगड़ा हि.प्र.**

## जमा राशि प्राप्त करने के लिए 31 मार्च तक करें दावा पेश

**जयसिंहपुर।** दी लंबागांव मंडल एचपीएसईबी कर्मचारी वेतन भोगी वचत एवं ऋण सह सभा को लंबे समय से कार्य न करने के कारण विघटन में डाला गया है। सभा के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि वह 31 मार्च से पहले सभा में जमा अपनी राशि को प्राप्त करने हेतु दावा पेश कर सकते है। वहीं, अगर 31 मार्च के बाद अगर कोई दावा पेश करता है तो वह मान्य नहीं होगा।

# मेले के लिए विपिन परमार को दिया निमंत्रण

**राजेश डोगरा, डरोह**

पमंडल भवारना के गांव ढाटी में 10 से 12 अप्रैल तक चलने वाले लखदाता ढाटी सांबा छिंज मेले में समिति सदस्यों ने सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार से उन्हें मेले का निमंत्रण देने के लिए उनके निवास स्थान ननाओं में भेंट की। समिति प्रधान कुलबीर सिंह राणा व समिति सदस्यों ने विधायक महोदय से बड़ी माली में मुख्यातिथि की भूमिका अदा करने के लिए अनुरोध किया। क्योंकि पिछले साल ही विधायक महोदय ने इस वर्ष की बड़ी माली के लिए 71,000 हजार रुपए देने की घोषणा की थी। उनके निमंत्रण स्वीकारने पर ढाटी सांबा छिंज मेला समिति में खुशी की लहर है। इस मौके पर समिति प्रधान कुलबीर सिंह राणा, सचिव अमर सिंह राणा, कश्मीर सिंह राणा, कुलदीप कटोच, राज कुमार, विनोद लगवाल, विक्की धीमान, नरपाल सिंह और कमलेश सिंह आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)


विपिन परमार को निमंत्रण देते लखदाता ढाटी सांबा छिंज मेले के सदस्य।

# मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी इंदौरा में फार्माथॉन का आगाज


क्रिकेट मैच का शुभारंभ करते मुख्यातिथि।

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**

मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी इंदौरा में फार्माथॉन मनाया जा रहा है। यह कार्यक्रम 28 मार्च से लेकर पहली अप्रैल तक चलेगा। फार्माथॉन की शुरुआत क्रिकेट मैच के साथ की गई। इसका प्रारंभ डॉ. कपिल कुमार वर्मा (प्रिंसिपल, मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी) की उपस्थिति में किया गया।

इस फार्माथॉन में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं व सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। पहले तीन दिन खेलकूद व अन्य प्रतियोगिताएं करवाई जाएंगी। इसमें क्रिकेट, वॉलीबाल, बैडमिंटन, चैस, कैरम, टग ऑफ वॉर, लेमन रेस, सैक रेस, जलेबी रेस, पोस्टर प्रेजेंटेशन, मॉडल, शॉटपुट, खो-खो, बकेट बॉल, नेल आर्ट, मेहंदी, हेयर स्टाइल, 100 मीटर रेस, रंगोली और फूड स्टॉल शामिल हैं। पहली अप्रैल को सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ फार्माथॉन का समापन किया जाएगा। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. कपिल कुमार वर्मा का कहना है कि फार्माथॉन मनाने का उद्देश्य छात्रों का पढ़ाई के साथ-साथ अन्य गतिविधियों में भाग लेकर सर्वांगीण विकास करना है।

**बैठक** — जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक के दौरान डीसी ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# प्रहरी और रेड रिबन क्लब करेंगे नशे पर चोट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा जिला में सरकारी शैक्षणिक संस्थानों में नशे के दुष्प्रभावों से युवाओं को जागरूक करने पर विशेष फोकस किया जाएगा।

यह जानकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने वीरवार को राष्ट्रीय नार्को समन्वय पोर्टल (एनकॉर्ड) के जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सीनियर सेकेंडरी स्कूलों में नशा निवरण के लिए गठित प्रहरी क्लबों के माध्यम से नशा निवारण को लेकर विभिन्न स्तरों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके साथ ही महाविद्यालयों में रेड रिबन क्लबों को नशा निवारण अभियान का हिस्सा बनाया जाएगा, तकनीकी संस्थानों में भी युवाओं को जागरूक करने के लिए विशेष प्लान तैयार किया जाएगा, ताकि कांगड़ा जिला को नशा मुक्त बनाने की दिशा में अहम कदम उठाया जा सके। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि कांगड़ा जिला के सीमावर्ती क्षेत्रों नूरपुर इत्यादि में नशा निवारण के लिए पुलिस तथा अन्य विभागों के सहयोग से विशेष अभियान आरंभ किया जाएगा ताकि इन क्षेत्रों के युवाओं को नशे से दूर रखा जा सके। उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के चिकित्सकों को विशेष तौर पर प्रशिक्षित किया जाएगा, ताकि नशे की चपेट में आए लोगों का सही तरीके से उपचार तथा मार्गदर्शन सुनिश्चित किया जा सके। उपायुक्त ने बताया कि कांगड़ा जिला के अभी तक सात स्वास्थ्य संस्थानों में नशा मुक्ति क्लीनिक सेवाएं शुरू की गई हैं। इन अस्पतालों में ये सेवाएं हर हफ्ते दो दिन शुक्रवार और शनिवार को दोपहर बाद दो से चार बजे तक मिल रही हैं। इनमें जोनल अस्पताल धर्मशाला के साथ साथ सिविल अस्पताल ज्वालामुखी, शाहपुर, नूरपुर, इंदौरा, देहरा और पालमपुर शामिल हैं। इन संस्थानों में नशा मुक्ति के मामलों को डील करने के लिए प्रशिक्षित चिकित्सक और स्टाफ मौजूद है।

साथ ही वहां नशा मुक्ति से जुड़ी सभी दवाइयां भी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि इस सेवा को आगे जिले के अन्य अस्पतालों में लागू किया जाएगा। उन्होंने नशा मुक्ति क्लीनिक में सेवाएं दे रहे चिकित्सकों और अन्य स्टाफ को इसके लिए विशेष प्रशिक्षण देने के बारे में कहा। उन्होंने कहा कि देश में नशा मुक्ति को लेकर कार्य कर रहे प्रमुख संस्थानों और विशेषज्ञों की सेवाएं इसके लिए ली जाएंगी।





# भाजपा के नए प्रत्याशियों का जिले में वेलकम

## सभी स्वागत कार्यक्रमों में मंडल पदाधिकारी और बड़े नेता हुए शामिल


राजेंद्र राणा के वेलकम समारोह में मौजूद नेता।


आशीष शर्मा हार के साथ पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से घिरे हुए।


बड़सर के समारोह में इंद्रदत्त लखनपाल के कार्यक्रम में मौजूद नेता।

अनंत ज्ञान टीम
हमीरपुर/सुजानपुर/बिझड़ी

हमीरपुर जिले में पहुंचने पर भाजपा के नए प्रत्याशियों का बड़सर, हमीरपुर और सुजानपुर में मंडल पदाधिकारियों सहित अन्य लोगों ने खूब वेलकम किया। अपने हलके सुजानपुर पहुंचने पर राजेंद्र राणा का कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। एनआईटी के पास स्वागत समारोह में राजेंद्र राणा समर्थक तथा भाजपा सुजानपुर मंडल के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया और राजेंद्र राणा के पक्ष में नारेबाजी हुई। मंडल अध्यक्ष विक्रम राणा के अलावा, वंदना योगी, विजय बहल, विनोद ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष बबली देवी भी मौजूद थीं। वहीं, हमीरपुर के आजाद उम्मीदवार आशीष शर्मा के विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद हमीरपुर पहुंचने पर उखली, मैड़, सौर, भोटा, डिडवीं टिक्कर, कोहली में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूलमालाएं पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष देशराज शर्मा, आदर्श कांत अजय रिंटू, सुरेश सोनी सहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल थे। इस दौरान अलग-अलग जगह पर भाजपा के राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार और विक्रम ठाकुर भी मौजूद रहे। इस मौके पर जसवां प्रागपुर के एमएलए व पूर्व मंत्री विक्रम ठाकुर, पूर्व एमएलए विजय अग्निहोत्री भी मौजूद रहे।

### वेंटिलेटर पर प्रदेश सरकार : आशीष

**उखली** पहुंचने पर पूर्व विधायक आशीष शर्मा ने पत्रकारों से कहा कि प्रदेश सरकार 14 माह से वेंटिलेटर पर चल रही है। मुख्यमंत्री उन्हें काफी समय से प्रताड़ित कर रहे थे। पछले छह महीने से उन्हें मिलने का समय नहीं दिया जा रहा था जिस कारण लोगों के काम नहीं हो पा रहे थे। इससे उनका ही नहीं जनता का भी तिरस्कार हो रहा था। मुख्यमंत्री ने बौखलाहट के चलते तीनों आजाद विधायकों के इस्तीफे स्वीकार नहीं किए हैं। मुख्यमंत्री भलीभांति जानते हैं कि अगर इन सीटों पर इकट्ठे चुनाव होते हैं तो ये सभी भाजपा की झोली में जाएगी। मैं पहली बार राजनीति में आया हूं और खरीद-फरोख्त वाली राजनीति मुझे नहीं आती है। वे आजाद विधायक थे और उन्होंने राज्यसभा चुनाव में अपनी मर्जी से हिमाचल के व्यक्ति को वोट डाला है, क्योंकि कांग्रेस का प्रत्याशी हिमाचल से बाहर रहता है।

### मुख्यमंत्री ने सुजानपुर हलके के विकास कार्य रोके : राजेंद्र राणा

सुजानपुर हलके से भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र राणा ने कहा कि चुनाव के लिए कार्यकर्ताओं व लोगों में भारी उत्साह है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा लोकसभा तथा सभी विधानसभा उपचुनावों में जीत का परचम लहराएगी। प्रदेश सरकार वेंटीलेटर पर है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने उन्हें धोखा दिया है और उन्हें जलील किया है। सुजानपुर के विकास कार्यों को लेकर मुख्यमंत्री ने हमेशा उदासीन रवैया अपनाया और यहां के कार्यकर्ताओं के कार्यों को रोकने का काम किया। वहीं, भाजपा के नेताओं की नाराजगी के प्रश्न पर उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में छोटी-मोटी नाराजगी चलती रहती है और जो लोग विरोध कर रहे हैं उनके साथ बैठकर बातचीत की जाएगी।



#### अणू चौक पर कांग्रेस ने काले झंडे दिखाए

हमीरपुर के अणू चौक में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने गो बैक के नारे लगाकर राजेंद्र राणा को काले झंडे भी दिखाए। इस मौके पर पुलिस भी काफी तादाद में वहां मौजूद थी। काले झंडे दिखाने की भनक पुलिस को पहले ही लग गई थी। कोई अप्रिय घटना न हो, इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए गए थे।

### सुक्खू के नेतृत्व में विकास को ग्रहण : बिक्रम

सुक्खू सरकार को भविष्य में मात्र झूठ बोलने और प्रदेश का विकास रोकने के लिए याद किया जाएगा। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रभारी व पूर्व मंत्री बिक्रम ठाकुर ने सुजानपुर से पूर्व विधायक राजेंद्र राणा के अभिनंदन समारोह में कहा कि कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आते ही हिमाचल के विकास को ग्रहण लगा दिया था। आज प्रदेश सरकार को बने लगभग डेढ़ साल होने को आया, परंतु प्रदेश में अस्थिरता फैलाने, कर्ज लेने व अपने दोस्तों को खुश करने के अलावा कोई नया कार्य नहीं किया है। पहले सरकार में दोस्तों की प्लेसमेंट करते रहे और उन पर प्रदेश का खजाना लुटाते रहे, वहीं से सरकार के खिलाफ असंतोष की भावना पैदा हुई। छह बागियों के पीछे मात्र मुख्यमंत्री सुक्खू जिम्मेदार है।

### इंद्रदत्त लखनपाल को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सिर आंखों पर बिठाया

**बिझड़ी।** बड़सर विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर पूर्व विधायक इंद्रदत्त लखनपाल का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया और उन्हें सिर आंखों पर बिठाया। स्वागत समारोह में हजारों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा भाजपा में जाने का मन उन्होंने उस समय बना लिया था, जब कांग्रेस के हुक्मरानों ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा में नहीं जाने का फतवा जारी किया था। जब राम प्रतिष्ठा कार्यक्रम चल रहा था तो मैंने 1000 दीये अपने निवास स्थान में जलाए थे और मैं मन ही मन घुटन महसूस कर रहा था। कांग्रेसी हुक्मरान हमें बेईमान बिकाऊ काले नाग कह रहे हैं। जब हम होटल में ठहरे थे तो घर वालों को बोल रहे थे कि उन्हें मनाओ उन्हें पैसे भी देंगे और उनको मंत्रिमंडल में भी स्थान देंगे। विधानसभा के कोने-कोने का भ्रमण करूंगा कांग्रेसियों ने जो जहर लोगों के बीच में घोला है उसे साफ करने का कार्य में आज ही शुरू करूंगा। भाजपा के पूर्व विधायक बलदेव शर्मा कार्यक्रम में उपस्थित नहीं थे।

## न्यूज ब्रीफ

### बागियों का विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर हो रहा विरोध


राजेश कुमार पिंका

**बड़ा।** कांग्रेस के बागी विधायकों का जिन्होंने हाल ही में भाजपा का दामन थामा है, उनका अपने विधानसभा क्षेत्र में पहुंचने पर लोगों द्वारा भारी विरोध किया जा रहा है। वे अपने विधानसभा क्षेत्र में अकेले जाने की हिम्मत न जुटा पाने के कारण भाजपा के कदावार नेताओं को अपने साथ लेकर जा रहे हैं। यह बात जिला के बीस सूत्री कार्यक्रम के जिला सदस्य राजेश कुमार पिंका ने वीरवार को प्रेसवार्ता के दौरान कही। राजेश ने कहा कि इन बागी नेताओं के भाजपा में शामिल होने से भाजपा नेताओं द्वारा ही उनका भारी विरोध किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि जो भाजपा कल तक कांग्रेस सरकार को गिराने के बारे सोच रही थी वर्तमान समय में उसे अपना कुनबा संभालना भी मुश्किल हो गया है।

### बच्चों को पौष्टिक आहार लेने के दिए टिप्स


लुद्दर महादेव स्कूल के स्टूडेंट्स शिक्षकों के साथ सामूहिक चित्र में।

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के जूलॉजी विभाग में राष्ट्रीय एनीमिया दिवस मनाया गया। विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. नेहा ने बताया कि एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए एक माह तक उन्होंने हमीरपुर जिले के स्कूलों में स्टूडेंट्स को एनीमिया के बारे में जागरूक किया। उन्होंने बताया कि बच्चों में एनीमिया एक आम स्वास्थ्य समस्या है, जो पौष्टिक आहार न मिलने के कारण होता है। यह एक बेहद ही जरूरी मिनरल है, जो शरीर के विकास के लिए बेहद जरूरी है। किसी बच्चे में आयरन की कमी हो जाए तो वह एनीमिया का शिकार भी हो सकता है, इसलिए पौष्टिक खाद्य पदार्थों का सेवन करने से आयरन की कमी को दूर किया जा सकता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विभाग के प्रोफेसरों व स्टूडेंट्स को विशेष योगदान रहा।

### विद्युत उपकेंद्र अणु में आज बिजली बंद रहेगी

**हमीरपुर।** विद्युत उपकेंद्र अणु में 29 मार्च को 11 केवी हीरानगर फीडर के बिजली उपकरणों का जरूरी रखरखाव एवं मरम्मत का कार्य किया जाना है। इसके चलते 29 मार्च को हीरानगर, कृष्णा नगर, गांधी चौक, फॉरेस्ट कॉलोनी तथा इनके साथ के लगते क्षेत्रों में दोपहर एक से शाम चार बजे तक बिजली पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सुरेश कुमार ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### अच्छी सरकार चुनने के लिए सभी करें मतदान : संजय


जौह स्कूल में लोगों को जागरूक करते एसडीएम संजय स्वरूप।

**जाहू।** भोरंज विधानसभा क्षेत्र में मत प्रतिशता बढ़ाने के लिए जागरूकता अभियान तेजी से जारी है। स्वीप के तहत राजकीय माध्यमिक पाठशाला जौह में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप ने बतौर मुख्यातिथि ग्रामीणों, पंचायत प्रतिनिधियों व बीएलओ को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार के गठन के लिए वोट देना ही हर नागरिक का कर्तव्य के साथ अधिकार भी है। एक अच्छी सरकार व अच्छा प्रतिनिधि चुनने के लिए हर नागरिक को अपने वोट को प्रयोग करना चाहिए। एसडीएम संजय स्वरूप ने कहा कि हमारे संविधान में वोट देने का अधिकार समस्त वर्गों को दिया गया है। चुनावों में लोग अधिक से अधिक वोट देने के लिए मतदान केंद्रों में आए इसके लिए चुनाव आयोग के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम शुरू किया गया है। उन्होंने जागरूकता अभियान की सफलता के लिए सभी सदस्यों से चुनाव आयोग व प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

### विशेष बच्चों ने किया कुल्लू-मनाली का भ्रमण


विशेष बच्चों के शैक्षणिक भ्रमण को हरी झंडी देकर रवाना करते हुए।

**हमीरपुर।** पहचान संस्था द्वारा विशेष बच्चों के लिए एक शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को रिवालसर झील, कुल्लू से होते हुए मनाली तक भ्रमण करवाया गया। पहचान संस्था की अध्यक्षा चेतना शर्मा ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण बच्चों के विकास के लिए महत्वपूर्ण कड़ी है और जब बात विशेष बच्चों की हो तो उनके सर्वांगीण विकास के लिए यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। जिससे उनका आत्मविश्वास बढ़ सके, क्योंकि जब बच्चों को कोई भी चीज हम प्रत्यक्ष रूप से दिखाते हैं तो बच्चे उन जगहों के बारे में अच्छे से बता सकते हैं।

### सहकारी सभाओं को ऑनलाइन करने का कार्य शुरू

**हमीरपुर(** उपपंजीयक उत्तरी क्षेत्र सहकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश ई. प्रत्युष चौहान ने बताया कि सहकारी सभाओं को ऑनलाइन करने के लिए अप्रैल माह में स्पेशल अभियान चलाया जाएगा। राज्य सरकार का सहकारिता विभाग सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार, नाबार्ड, हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक आदि की टीमों के सहयोग से यह अभियान प्रदेश की कंप्यूटराइजेशन के लिए 870 चिन्हित सहकारी सभाओं में चलाया जाएगा। प्रदेश में 834 सहकारी सभाओं में डाटा माइग्रेशन हो चुका है तथा 821 सभाओं में सॉफ्टवेयर ट्रायल पर है। 79 सहकारी सभाओं का पूरा कार्य अब ऑनलाइन हो चुका है। अभियान के अंतर्गत चिन्हित सभाओं के सचिव अपने समस्त दैनिक कार्य ऑनलाइन सॉफ्टवेयर में एंट्री के माध्यम से ही करेंगे। उन्होंने सभी सभा सचिवों एवं प्रबंधन समितियों से अपील की कि सहकारिता के क्षेत्र में क्रांति लाने वाली इस परियोजना का समर्थन करते हुए कंप्यूटराइजेशन को अपनाएं तथा समस्त कार्य ऑनलाइन सॉफ्टवेयर के माध्यम से करना शुरू करें।

### डॉ. दिनेश व मधु को एसडीएम ने किया सम्मानित

**बड़ा।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष विभाग के आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिनेश भाटिया व डॉ. मधु शर्मा को स्वास्थ विभाग द्वारा चलाए गए टीबी मुक्त हिमाचल अभियान में सराहनीय कार्य करने के लिए एसडीएम नादौन अपराजिता चंदेल द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान आयुष विभाग से खंड चिकित्सा अधिकारी नादौन डॉ. सुनील लखनपाल विशेष रूप से उपस्थित थे। हिमाचल को टीबी मुक्त बनाने के लिए कार्य कर रहा है, जिसमें इन दोनों आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारियों की भूमिका बहुत ही सराहनीय रही है।


वीरवार शाम पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पूर्व विधायक आशीष शर्मा के निवास पर पहुंचकर 10 मिनट रुके और आशीर्वाद दिया।

## भाजपा प्रत्याशियों और आजाद विधायक के कार्यक्रम फ्लॉप : कटोच

**हमीरपुर।** कांग्रेस पार्टी से भितरघात कर भाजपा में आए दोनों भाजपा प्रत्याशियों और आजाद विधायक के कार्यक्रम रहे फ्लॉप। यह बात कांग्रेस नेता विवेक कटोच ने कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस से भितरघात करने वाले एवं भाजपा के दोनों प्रत्याशियों और आजाद विधायक को हमीरपुर की जनता ने पूरी तरह नकार दिया है।

भाजपा के कुछ नेता इन भितरघातियों के स्वागत के लिए अपने पदाधिकारियों को जबरदस्ती डरा धमका कर भेजते हुए नजर आए। कांग्रेस नेता विवेक ने कहा कि राजिंद्र राणा का बयान बड़ा हास्यप्रद है कि प्रदेश सरकार जल्दी गिर जाएगी। इन भितरघातियों को अब अपनी हार की चिंता सताने लगी है, इसलिए अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं। विवेक कटोच ने इन तीनों नेताओं को चेताते हुए कहा कि जिला हमीरपुर को अपने क्षेत्र के विकास लिए मुख्यमंत्री की जरूरत है न कि इन जैसे नेताओं की। जिन्होंने चंद सिक्कों के लिए जनता के जनादेश का सौदा कर दिया।

## आयुर्वेदिक अस्पताल मन्वी में धूल फांक रही एक्स-रे मशीन, मरीज परेशान

एसके शर्मा, जाहू

भोरंज उपमंडल का एकमात्र आयुर्वेदिक अस्पताल मन्वी में सुविधाओं के अभाव के चलते लोग अपने इलाज के लिए इधर-उधर भटकने को मजबूर हैं। गौरतलब है कि 20 बेड वाला आयुर्वेदिक अस्पताल मन्वी गांव में है। इस अस्पताल में एक्स-रे की मशीन तो लगी थी परंतु एक्स-रे करने वाला कोई भी कर्मचारी न होने की वजह से मशीन धूल फांक रही है। अस्पताल में लैब न होने की वजह से लोगों को टेस्ट करवाने के लिए भोरंज जाना पड़ता है, हालांकि लैबोरेटरी टेक्नीशियन का पद भी लगभग 15 वर्षों से खाली पड़ा हुआ है, जिसकी वजह से लोग टेस्ट व एक्स-रे प्राइवेट लैबों में महंगे दामों पर करवा रहे हैं। गांववासियों ने सरकार पर आयुर्वेदिक अस्पताल की अनदेखी का अरोप लगाया है।

मन्वी आयुर्वेदिक अस्पताल के आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. अंचित शर्मा ने बताया कि एक्स-रे की मशीन खराब पड़ी हुई है और एक्स-रे करने वाला कर्मचारी भी नहीं है। इन सबके बारे में उच्चाधिकारियों को अवगत करवा दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

## इंद्रदत्त लखनपाल के स्वागत को भाजपा कार्यकर्ताओं में नहीं दिखा जोश : विशाल

**बिझड़ी।** कांग्रेस प्रवक्ता विशाल राणा और एनएसयूआई संयोजक रूबल ठाकुर ने जारी संयुक्त बयान में कहा कि भाजपा द्वारा जिस तरह से लखनपाल का स्वागत किया, ऐसा लग रहा था जैसे कि कोई जंग जीत कर आए हों। इन दोनों नेताओं ने कहा कि बड़सर की जनता के साथ छल और विश्वासघात किया गया है, कोई बड़ा काम कर नहीं आए है। लोगों को धोखा देकर पांच सितारा होटलों में रहकर प्रदेश के लोगों द्वारा चुनी गई सरकार को गिराने और लोकतंत्र की हत्या का प्रयास किया गया है। जिस विचार धारा का 40 साल तक विरोध किया अब उसी के गुणगान में लगे हुए हैं, लेकिन यह बड़सर सब समझती है, समय आने पर सबक सिखाएगी। रूबल ने कहा कि हमीरपुर जिला का सौभाग्य है कि प्रदेश का मुख्यमंत्री मिला है परंतु इन्हें यह बात हजम नहीं रही है।

## खेल भावना से प्रतियोगिता में प्रतिभा दिखाएं खिलाड़ी : प्रो. शशि

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर


प्रतियोगिता के शुभारंभ पर कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान खिलाड़ियों से परिचय करते हुए।

प्रोफेशनल कोर्स करने वाले स्टूडेंट्स भी खेल के प्रति रुचि रखते हैं, यह इसका बात का प्रमाण है कि तकनीकी विश्वविद्यालय की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में इतनी अधिक संख्या में खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह बात कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने कही। कुलपति ने सभी खिलाड़ियों से प्रतियोगिता में खेल भावना के साथ अपनी प्रतिभा दिखाने का आग्रह किया। 28 से 30 मार्च तक होने वाली खेलकूद प्रतियोगिता गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी हमीरपुर में वीरवार को शुरू हुई।

प्रतियोगिता में तकनीकी विश्वविद्यालय व संबंधित इंजीनियरिंग, फार्मेसी और मैनेजमेंट के 26 सरकारी व निजी शिक्षण संस्थानों की टीमें आई है। इन शिक्षण संस्थानों से कुल 812 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रो. जयदेव विशिष्ट अतिथि रहे। प्रतियोगिता के पहले दिन पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का मुकाबला एचआईईटी शाहपुर और हाइपर फार्मेसी कॉलेज नादौन की टीम के बीच खेला गया। जिसमें एचआईईटी शाहपुर ने नादौन की टीम को 45-23 अंक से पराजित किया, वहीं वॉलीबॉल में पीजी कॉलेज उना और पीजी कॉलेज धर्मशाला में बीच पहला मुकाबला खेला गया। इस मौके पर गौतम कॉलेज के संस्थापक जगदीश गौतम, रजनीश गौतम व अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

## 132 केवी लाइन की टेस्टिंग 30 को, सावधान रहें क्षेत्रवासी

**हमीरपुर।** विद्युत सब स्टेशन अणु के एसडीओ सुरेश कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड द्वारा बनाई गई 132 केवी विद्युत लाइन का 30 मार्च को जाहू से बिझड़ तक नो लोड परीक्षण किया जाएगा। यह विद्युत लाइन जाहू, देहरा, हटवाड़, सोनखर, पनतेहरा, मकड़यह, मलोट, डुमेहर, लोहट, बेहड़ा, मिहारा चरोट, जंदहोत, हरनोट, बघेत, बाड़ी चौक, बरोटा, डुमेहर, लेहरी सरेल, सुसनाल और कई अन्य गांवों से गुजर रही है। उन्होंने इन गांववासियों से आग्रह किया है कि वे इस विद्युत लाइन से पर्याप्त दूरी बनाकर रखें और असामान्य स्थिति में सहायक अभियंता सुरेश कुमार के मोबाइल नंबर 8894883688, कनिष्ठ अभियंता सनी कुमार 8219346661 और कनिष्ठ अभियंता अजय कुमार के मोबाइल नंबर 8219710728 पर संपर्क किया जा सकता है।

## प्रदेश भाजपा सचिव नरेंद्र अत्री ने की पूर्व सीएम धूमल से भेंट

**हमीरपुर।** भाजपा प्रदेश सचिव नरेंद्र अत्री ने वीरवार को समीरपुर जाकर भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल से भेंट की। अत्री ने लोकसभा चुनावों व विधानसभा उपचुनावों को लेकर चल रही पार्टी की गतिविधियों को लेकर चर्चा की।

## लापता बेटी की महिला थाने में दर्ज करवाई शिकायत

**हमीरपुर।** महिला थाना हमीरपुर में डुग्घा निवासी लता देवी ने अपनी 15 साल की लड़की की लापता होने की शिकायत दर्ज करवाई है। महिला द्वारा दर्ज करवाई गई शिकायत में बताया है कि वीरवार को वह खेतों में काम करने के लिए गई थी तो उसकी बेटी घर पर ही थी। जब वह खेतों में काम करके वापस घर आई तो उसकी बेटी घर पर नहीं थी और मोबाइल था। मोबाइल पर फोन करने पर स्विच ऑफ आ रहा है। महिला ने बताया कि उसने अपनी बेटी को गांव में सभी जगह ढूंढा, लेकिन उसका कोई पता नहीं लग पाया। डीएसपी सुनील कुमार ने बताया कि महिला पुलिस थाना में लड़की की मां कि शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## धनेटा की छात्राओं ने किया कृषि विज्ञान केंद्र का भ्रमण


धनेटा स्कूल की छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण के बाद सामूहिक चित्र में।

**धनेटा।** राजकीय कन्या उच्च विद्यालय धनेटा की छात्राओं ने कृषि विज्ञान केंद्र बड़ा धनपुर का भ्रमण किया। मुख्याध्यापिका शशि शर्मा ने बताया कि इस वोकेशनल शैक्षणिक भ्रमण पर कक्षा छठी से आठवीं तक की 28 छात्राओं ने भाग लिया। इस वोकेशनल शैक्षणिक भ्रमण में छात्राओं ने कृषि से संबंधित कई प्रकार की जानकारियां हासिल कीं। इस वोकेशनल शैक्षणिक भ्रमण में एस्कॉर्ट अध्यापक दिनेश शर्मा, राधा शर्मा, सुनीता कौशल और रवि मौजूद रहे।

## गाड़ियों के शीशे टूटने से अमरोहवासी परेशान

अनंत ज्ञान, गलोड़


अमरोह गांव में टूटा हुआ गाड़ी का शीशा।

गलोड़ क्षेत्र की सरेड़ी पंचायत के अमरोह गांव में पिछले छह माह से गाड़ियों के शीशे शरारती व्यक्ति द्वारा तोड़े जा रहे थे जिसकी वजह से गांव वासी काफी परेशान थे। गांव के लोग अपनी गाड़ियों गांव के एक छोर पर खड़ी करते हैं पिछले एक सप्ताह में दो गाड़ियों के शीशे टूटे पूरे गांव में इसकी चर्चा फिर शुरू हो गई।

गत दिवस जब इस पार्किंग में खड़ी स्थानीय निवासी शशि भूषण की गाड़ी का साइड शीशा तोड़ते हुए गांव के सतीश कुमार को गांव के ही मदन लाल ने देख लिया तो उसने तुरंत इसकी सूचना शशि भूषण को दी। शशि भूषण जब पार्किंग में पहुंचे तो सतीश वहां से रफूचक्कर हो गया था। शशि ने इस व्यक्ति के खिलाफ गलोड़ चौकी में शिकायत लिखवा दी है। पुलिस इसकी गहनता से जांच कर रही है।

**इंटरव्यू** | सरकारी स्कूलों में अध्यापक न होने से पढ़ाई नहीं होगी प्रभावित, नए सत्र से अंग्रेजी माध्यम में होंगे सभी विषय

# नए शैक्षणिक सत्र से पूर्ण रूप से लागू होगा क्लस्टर सिस्टम

अनिल कुमार, हमीरपुर

प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार से **विशेष बातचीत**




घर-घर जाकर बच्चों के अभिभावकों को सरकारी स्कूल की सुविधाओं के बारे में जागरूक करते अध्यापक।

राज्य सरकार ने सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर बढ़ाने के लिए कई उचित कदम उठाए हैं, जिससे शिक्षा के ढांचे में बदलाव संभव है। शिक्षा विभाग ने गत वर्ष नवंबर माह से ही क्लस्टर सिस्टम शुरू कर दिया है, जिसे इस शैक्षणिक सत्र में पूर्ण तरीके से शुरू किया जा रहा है। इसके लिए जिला के सभी मुख्याध्यापकों, स्कूल प्रभारियों को विस्तार से जानकारी दे दी गई है।

30 मार्च को वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद चार दिन की छुट्टियां होंगी, उसके बाद पांच अप्रैल से सभी स्कूलों में दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार ने विशेष बातचीत में बताया कि कलस्टर सिस्टम शुरू होने से किसी भी सरकारी स्कूल में अध्यापकों या किसी अन्य सुविधा की कमी नहीं रहेगी।

उन्होंने बताया कि इस शैक्षणिक सत्र से जिला के सभी प्राइमरी से लेकर सेकेंडरी स्कूलों में कलस्टर सिस्टम पूर्ण रूप से लागू हो जाएगा। जिले में 112 मिडल स्कूल और 460 प्राइमरी स्कूल हैं। सरकारी स्कूलों के बच्चों को बहुत-सी सुविधाएं निशुल्क दी जा रही हैं, जिनका गरीब बच्चों को फायदा मिल रहा है। इसलिए सरकारी स्कूलों के अध्यापक घर-घर जाकर बच्चों के अभिभावकों को इन सुविधाओं के बारे में जानकारी दे रहे हैं, जिससे सरकारी स्कूलों में बच्चों की संख्या में बढ़ोतरी हो। उन्होंने बताया कि पांच अप्रैल से दाखिले शुरू हो रहे हैं।

उन्होंने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र से सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी माध्यम शुरू हो रहा है। सभी सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा में छह वर्ष आयु पूरी करने वाले बच्चों को दाखिल किया जाएगा, लेकिन सरकार ने इस वर्ष 30 सितंबर तक साढ़े पांच यदि कोई बच्चा है तो उसे पहली कक्षा में दाखिला लेने में छूट दी गई है। यही नहीं प्राइवेट स्कूलों की तरह अब स्कूल कमेटी बच्चों के लिए स्वयं वर्दी का चयन कर सकती है, जिससे बच्चों में सरकारी स्कूलों में पढ़ाने करने में उत्साह बढ़ेगा। (अनंत ज्ञान)

# 2200 शिक्षण संस्थानों ने अपलोड नहीं किया डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जिला में स्थित सभी राजकीय उच्च व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों को डिजास्टर मैनेजमेंट से संबंधित सूचनाओं को मोबाइल ऐप पर 30 मार्च तक अपलोड करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

बता दें कि जिला मंडी के लगभग 2200 शिक्षण संस्थानों द्वारा डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान को मोबाइल ऐप में लोड नहीं किया है। इसके चलते जिला स्तर पर आपदा प्रबंधन की कार्ययोजना बाधित हो रही है।

जानकारी के अनुसार जिले के सीनियर सेकेंडरी व हाई स्कूलों के प्रधानाचार्यों व मुख्याध्यापकों को तीसरे स्मरण पत्र के रूप में कड़े निर्देश उप निदेशक की ओर से दिए गए हैं। उप निदेशक उच्च शिक्षा सुशील कुमार की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि यदि संबंधित प्रधानाचार्यों व मुख्याध्यापकों द्वारा वांछित सूचनाएं निर्धारित समय के भीतर अपलोड नहीं की जाती, तो इसके लिए वह खुद जिम्मेदार होंगे।



यही नहीं जिला प्रशासन द्वारा भी इस बात को बड़ी गंभीरता से लिया है। बता दें कि इससे पहले 20 फरवरी, 13 फरवरी, 28 दिसंबर व 29 सितंबर को जिला भर के शिक्षण संस्थानों में डिजास्टर मैनेजमेंट से संबंधित प्लान को मोबाइल ऐप में अपलोड करने की निर्देश जारी किए गए थे। शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन का मानना है कि इस मामले में पहले ही देरी हो चुकी है, इसलिए तुरंत कार्रवाई की जानी आवश्यक है।

### हाई व सेकेंडरी स्कूलों को भेजा तीसरा रिमाइंडर

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

उल्लेखनीय है कि इस कार्य को संपन्न करने के लिए ऑनलाइन व ऑफलाइन प्रशिक्षण खंड व स्कूल बार पहले ही दिया जा चुका है। पत्र के साथ 70 मास्टर ट्रेनरों की सूची भी संलग्न की गई है। उन्हें भी यह कार्य शीघ्र निपटाने की निर्देश दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### उपायुक्त कार्यालय कर रहा निगरानी

**उप** निदेशक सुशील कुमार ने ऐसे निर्देश भेजने की पुष्टि करते हुए कहा कि अभी तक लगभग 500 शिक्षण संस्थानों की सूचनाएं ही मोबाइल ऐप में अपलोड हो पाई हैं, जबकि लगभग 2200 शिक्षण संस्थानों द्वारा यह कार्रवाई की जानी बाकी है। इन शिक्षण संस्थानों में लगभग सवा तीन सौ वरिष्ठ माध्यमिक, डेढ़ सौ उच्च व शेष माध्यमिक व प्रारंभिक विद्यालय शामिल हैं। उन्होंने कहा इस बारे में उपायुक्त कार्यालय से डीडीएमए द्वारा विधिवत निगरानी की जा रही है।

# खेल प्रतियोगिताओं का शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



जोगिंद्रनगर मेले में होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं के लिए बैठक का आयोजन एसडीएम मनीष चौधरी की अध्यक्षता में हुआ, जिसमें खेलकूद प्रतियोगिताओं को करवाने की जिम्मेदारी प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर एवं प्रधानाचार्य आशीष कौड़ा जी को दी गई, बैडमिंटन के मुकाबले का 31 मार्च शाम को ही शुरू हो जाएंगे, जिसमें सभी प्रतिभागी 30 मार्च तक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करवा दें।

इसके अलावा 1 मार्च को अंडर 16 बॉयज एंड गर्ल्स और सीनियर बॉयज एंड गर्ल्स की क्रॉस कंट्री करवाई जाएगी। कबड्डी, खो खो, वॉलीबॉल और बैडमिंटन के मुकाबले भी 1 मार्च से शुरू करवा दिए जाएंगे। ये मुकाबले -14 लड़के एवं लड़कियों और सीनियर महिला और पुरुष दो कैटेगरी में करवाए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि जो भी टीम इन खेलकूद गतिविधियों में भाग लेना चाहती है, वो 31 मार्च तक अपनी टीम एंटर करवा दें।

बैडमिंटन में सीनियर वर्ग के मुकाबले भट्ठा इंडोर बैडमिंटन कोर्ट में करवाएं जाएंगे। इसके अलावा बाकी सभी मुकाबले राजकीय आदर्श कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर के खेल मैदान में करवाए जाएंगे। प्रतिभागियों के लिए आधार कार्ड लेकर आना अत्यंत आवश्यक है।

टीम को दर्ज करवाने के लिए आप दिए गए नंबर पर कॉल कर सकते हैं या राजकीय आदर्श कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर के प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर, डीपीई मनोहर और शारीरिक शिक्षक उमेश कुमार शामिल रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### सोहर स्कूल में बच्चों ने किया पौधारोपण



**सुंदरनगर।** राजकीय उच्च पाठशाला सोहर में मुख्य अध्यापिका रेणु लता और आपदा प्रबंधन प्रभारी रोशन चौहान, सहप्रभारी हेमराज की अध्यक्षता में दसवीं कक्षा नवमीं कक्षा के होनहार विद्यार्थियों ने स्वेच्छा से श्रम दान का योगदान दिया, जिसमें पाठशाला की फॉरेस्ट बाड़ जो बारिश के कारण जर्जर हालत में थी उसमें स्थानीय संसाधनों से पत्थर और मिट्टी से डंगा लगाकर दुरुस्त किया। साथ ही पौधे रोपित किए।

### तीन दिन बिजली रहेगी बंद

**जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड, विद्युत उप मंडल नं. 2 जोगिंद्रनगर के सहायक अभियंता शिव कुमार ने बताया कि इस उपमंडल के अधीन आने वाले भराड़ू, टिक्कर व मच्छयाल अनुभाग के उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि 29 व 31 मार्च को भराड़ू उप-केन्द्र में रंग-रोगन व मच्छयाल फीडर में सीमेंट के टूटे हुए पोलों को बदलने के कार्य के कारण सुबह 10 से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसमें ब्यूह, टिक्कर, नौहली, मनारू, भराड़ू, मच्छयाल, टिकरू, रोपड़ी, दारट बंगला व बल्ह जोली के आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

### पीडब्ल्यूडी जोगिंद्रनगर को मिली एक और जेसीबी

**जोगिंद्रनगर।** हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग 15 साल की उम्र पूरी कर चुके वाहनों को बाहर कर रहा है और इसी क्रम में पीडब्ल्यूडी जोगिंद्रनगर को भी एक और नई जेसीबी की सौगात मिली है। अधिशाषी अभियंता जेपी नायक ने बताया की नई जेसीबी मिलने से जहां विभाग को विकास कार्यों को करने में सहूलियत मिलेगी वहीं विभाग को आर्थिक रूप से हो रहे नुकसान से भी निजात मिलेगी।वहीं आज विभाग के कनिष्ठ अभियंता हरीश गोस्वामी ने जोगिंद्रनगर में जेसीबी का विधिवत रूप से पूजा अर्चना कर पीडब्ल्यूडी के बेड़े में शामिल किया।

### दुल में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन



**जोगिंद्रनगर।** प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने दुल में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। आयोजकों द्वारा मुख्य अतिथि को टोपी व शॉल भेंट कर सम्मान किया गया। इस दौरान उपस्थित युवाओं एवं जनसमूह को संबोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस सचिव जीवन ठाकुर ने कहा की जिंदगी एक किताब की तरह है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र का विकास करवाने में वे निरंतर प्रय शील हैं। उन्होंने मैच में विजेता व उप विजेता टीमों को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित भी किया।

### नलवाड़ मेले में दिया मतदान करने का संदेश




**सुंदरनगर।** स्वीप टीम 27 सुंदरनगर द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नलवाड़ मेला में आयोजित छिंज प्रतियोगिता में मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। वीरवार को टीम के सदस्यों द्वारा नगौण खडड में आयोजित छिंज प्रतियोगिता में उपस्थित जनमानस को मतदान में भाग लेने का संदेश दिया गया। इस स्वीप टीम में दिनेश सिंह, प्रवीण शर्मा, रजनीश गौतम ,दिनेश शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

### बग्गी स्कूल के शिक्षकों ने चलाया जनसंपर्क अभियान



**नेरचौक।** राजकीय वशिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बग्गी में नए शैक्षणिक सत्र के लिए दाखिला शुरू होने से पहले ही अध्यापकों द्वारा गांव गांव में अभिभावकों के साथ संपर्क अभियान को तेज कर दिया है। राजकीय वशिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बग्गी के प्रधानाचार्य वंदना शर्मा ने कहा कि स्कूलों में दाखिले को बढ़ाने के लिए स्कूल प्रबंधकों द्वारा सोशल मीडिया का तो इस्तेमाल किया ही जा रहा है।

# बरच्छबाड़ में नलवाड़ मेला शुरू

## एसडीएम ने खूंटी गाढ़कर किया विधिवत शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट,**

उपमंडल अधिकारी सरकाघाट स्वाति डोगरा ने वीरवार को ग्राम पंचायत बरच्छवाड़ में मेला कमेटी बरच्छबाड़ द्वारा आयोजित किए जा रहे नलवाड़ मेले का शुभारंभ किया। इससे पहले एसडीएम ने शिव मंदिर त्रिवेणी घाट में शीश नवाया और पूजा-अर्चना की।

उन्होंने पगड़ी समारोह व शोभायात्रा में भी भाग लिया। महाकाली चामुंडा माता चंदरूही, महाकाली माता गधयानी व भगवती रणशक्ति महाकाली माता बेहड़ सरकाघाट की पालकियों को एसडीएम की रहनुमाई में लोगों ने मेले के मैदान तक पहुंचाया जहां प्राचीन समय से निभाई जा रही नलवाड़ मेला में बैलों की खूंटी गाढ़ कर रस्म एसडीएम ने अदा की तदोपरान्त दीप प्रज्जवलित कर और रिबन काट कर मेले का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। ग्राम पंचायत प्रधान बरच्छबाड़ निशा कुमारी ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और कार्यक्रम में पंचायत प्रधान बरच्छबाड़ निशा कुमारी, कमेटी सदस्य लेख राज शर्मा, सरला देवी, अमृता देवी, कांता, भारती, उप प्रधान जितेंद्र ठाकुर, एडवोकेट भूप सिंह, विवेक पाल बीडीओ, नायब तहसीलदार धीरज, सुरेन्द्र सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



मेले में शिरकत करते देवी-देवताओं के रथ।



खूंटी गाढ़ती हुई एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा।

### मेले धार्मिक सौहार्द का अद्भुत उदाहरण

**एसडीएम** स्वाति डोगरा ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेले धार्मिक सौहार्द का अद्भुत उदाहरण है। मेले आज के समय में दूर हो रहे परिवारों को जोड़ने व आपसी भाईचारे बढ़ाने व मनोरंजन का अच्छा उत्सव हैं। मेले हमारी समृद्ध संस्कृति के प्रतीक हैं । उन्होंने नलवाड़ मेले की बधाई दी।

### स्वीप टीम ने मतदाताओं को किया जागरूक

**सहायक** निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान के तहत स्वीप टीम 35-सरकाघाट द्वारा नलवाड़ मेला बरच्छबाड़ में विभिन्न जागरूकता गतिविधियों को आयोजित किया गया। इस दौरान स्वीप टीम द्वारा मतदान जागरूकता हेतु हस्ताक्षर अभियान व सेल्फी प्वाइंट भी लगाए गए। एसडीएम स्वाति डोगरा ने मेले के शुभारंभ अवसर पर अभियान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की।



कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में गणमान्य।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रस्तावों पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भारत को भारतीय के आधार पर खड़ा करने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ लंबे समय से प्रयासरत है। संघ की वार्षिक बैठक में पास होने वाले महत्वपूर्ण प्रस्तावों को आम जनमानस अंगीकार कर उसे अपने जीवन में उतारने का प्रयास करता है।

संघ का मुख्य उद्देश्य राष्ट्र निर्माण है। संघ ने स्वयं सेवकों सहित आम लोगों से भी राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए पांच प्रण लेने का आह्वान किया है। इसके लिए पांच बिंदू निर्धारित किए गए हैं जिनमें पर्यावरण, कुटुम्ब प्रबोधन, समरसता, स्वदेशी व नागरिक अनुशासन शामिल है। मंडी में आयोजित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संवाद कार्यक्रम में राष्ट्र को समर्पित कार्यों को लेकर निष्पक्ष और सार्थक चर्चा की गई।



कार्यक्रम में उपस्थित संघ के पदाधिकारी।

इस मौके पर प्रांत प्रचार प्रमुख प्रताप सिंह, जिला संघचालक पवन मिंहास, जिला जागरण पत्रिका प्रमुख नेत्र सिंह, जिला सोशल मीडिया प्रमुख पारूल अरोड़ा, प्रेमजी आदि उपस्थित रहे। संवाद कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की वार्षिक बैठक में पास होने वाले महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर भी विस्तृत चर्चा हुई।

# एसपीयू में नई शिक्षा नीति के दिशा-निर्देशों का पूर्ण कार्यान्वयन होगा : प्रो. अनुपमा

**अनंत ज्ञान, मंडी**

प्रो. वाइस चांसलर प्रोफेसर अनुपमा सिंह की अध्यक्षता में नई शिक्षा नीति और पीएम-उषा के जीएसयू घटक के निर्देशों के कार्यान्वयन के संबंध में एसपीयू के सभी वैधानिक अधिकारियों, डीन, विभिन्न विभागों के एचओडी, डिप्टी रजिस्ट्रार, असिस्टेंट रजिस्ट्रार की एक बैठक कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित की गई।

अनुपमा सिंह ने कहा कि सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि नई शिक्षा नीति के कार्यान्वयन के संबंध में एसपीयू मंडी पूर्ण रूप से हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी शिमला की तर्ज पर निर्देशों का कार्यान्वयन करेगा। बैठक में विभागाध्यक्षों को जरूरी दिशा निर्देश भी दे दिए गए हैं।

# विद्यार्थियों ने किया 'हिमाचल दर्शन'

**मंडी।** जवाहर नवोदय स्कूल पंडोह के विद्यार्थियों ने गुरुवार को मंडी पंडोह मार्ग पर बिंदरावणी स्थित हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी का भ्रमण किया तथा पूरे प्रदेश के बारे में एक ही छत के नीचे उपलब्ध हर तरह की जानकारी हासिल की।

जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह के 41 छात्र-छात्राएं गुरुवार को शैक्षिक भ्रमण के दौरान अपने शिक्षकों आर सनवाल, जेके शर्मा व भावना की देखरेख में हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी पहुंचे। इन विद्यार्थियों ने गैलरी परिसर में बनाए गए पुरातात्विक परिवेश पर आधारित म्यूजिम को भी बड़ी ही जिज्ञासा व रोचकता के साथ अवलोकित किया।

# मेले व हार के लिए 4 को रवाना होंगे श्री सतवाड़ा देव नालनी



श्री सतवाड़ा देव नालनी के साथ देवलु सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

श्री सतवाड़ा देव नालनी प्राचीन देवी देवता मेले में भाग लेने को लेकर श्री सतवाड़ा देव के गुर तारा चंद, पुजारी हेम राज, भूप सिंह आदि ने कहा कि देव अपनी हार व मेले के लिए 4 अप्रैल को अपनी कोठी से रवाना होंगे। देव रथ सर्व प्रथम चयूहणी नालनी, छज्वार, बोबर से सरौनी और टाली होते हुए सलापड़ पहुंच रहे हैं। इसके उपरांत देव रथ चांवा और वायला तथा तलसाई में पहुंचेंगे।

13 अप्रैल को देव मेले में शामिल होने के लिए सुंदरनगर मेले में पहुंचेंगे।

# ऑडिशन को लेकर कलाकारों में उत्साह

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

एक से पांच अप्रैल तक मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेला जोगिंद्रनगर की सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए वीरवार को दूसरे दिन भी कलाकारों ने ऑडिशन प्रक्रिया में भाग लिया। ऑडिशन को लेकर कलाकारों में काफी उत्साह देखा गया।

इस ऑडिशन प्रक्रिया के माध्यम से कलाकारों के प्रदर्शन के आधार पर सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए चयन किया जाएगा। पांच दिवसीय राज्य स्तरीय लघु शिवरात्रि मेले में कुल चार सांस्कृतिक संध्याओं का आयोजन किया जाता है। कलाकारों के ऑडिशन लेने के लिए मेला समिति ने एक कमेटी गठित की है।



ऑडिशन प्रक्रिया में भाग लेते प्रतिभागी।

मेला समिति अध्यक्ष एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीश चौधरी ने बताया कि सांस्कृतिक संध्याओं में प्रस्तुति देने के लिए कलाकारों को ऑडिशन के माध्यम से चयन का अवसर प्रदान किया जा रहा है।

ऑडिशन लेने वालों में तहसीलदार जोगिंद्रनगर डॉ. मुकुल शर्मा, नायब तहसीलदार जोगिंद्रनगर प्रिंस धीमान, सहायक लोक संपर्क अधिकारी राजेश जसवाल, संगीत अध्यापक प्रकाश भट्ट, संगीत अध्यापक तिलक शर्मा, लोक गायक मनोहर ठाकुर शामिल रहे।

# मांडव्य कलामंच ने सम्मानित किए प्रशासनिक अधिकारी



एडीएम मंडी को मांडव्य कलामंच के कलाकार सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लोक संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में बीते 35 सालों से सक्रिय संस्था मांडव्य कलामंच की ओर से मंडी में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन, अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर व एडीएम मंडी मदन कुमार को उनके कार्यालय में कलाकारों द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर उन्हें शॉल टोपी पहनाने के अलावा मंच की ओर से प्रकाशित मंडयाली लोकगीतों की पुस्तक और रिकॉर्ड किए गए गीतों का पेन ड्राइव भेंट किया गया।

# धर्म संघ 9 अप्रैल को मनाएगा हिंदू नववर्ष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

धर्म संघ भूतनाथ मंडी द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें धर्म संघ भूतनाथ मंडी के प्रधान भीम चंद सरोच ने बताया कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य पर ऐतिहासिक सेरी मंच पर हवन और कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

पिछले साल छोटे कार्यक्रम का आयोजन किया गया था लेकिन इस बार कार्यक्रम को बड़े पैमाने पर करने के लिए कार्यप्रणाली बनाई गई है। उन्होंने बताया कि यह सारा कार्यक्रम मंडी शहर के लोगों के सहयोग द्वारा किया जाता है। उन्होंने मंडी शहर की प्रबुद्ध जनता से सहयोग की अपील की है और सभी को आमंत्रण भी दिया है। इस दौरान ओपी कपूर ने बताया कि 9 अप्रैल को इस कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और इसका उद्देश्य यह है कि आजकल की युवा पीढ़ी और कुछ लोग धर्म से विमुख होते जा रहे है। वहीं हरीश वैद्य ने कहा कि सुबह 10 बजे से कार्यक्रम प्रारंभ होगा और सर्वप्रथम गणपति स्थापना कर गणेश पूजन किया जाएगा तदोपरांत हवन-यज्ञ का आयोजन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों के दौरान नव वर्ष मनाने और उसके लॉजिक पर के बारे में भी बताया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम लगभग डेढ़ बजे समाप्त होगा और उसके बाद सभी को प्रसाद वितरण किया जाएगा। इस दौरान नीरज हांडा ने बताया कि भूतनाथ धर्मसंघ द्वारा हर वर्ष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है जिसमें राम जन्म भूमि प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर 1508 दिप प्रज्वलन और हर महिने किसी एक मंदिर में हवन यज्ञ का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि हर कार्य में मंडी वासियों का सहयोग मिलता रहा है उन्होंने मंडी की प्रबुद्ध जनता से सहयोग की अपील की है।



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते धर्म संघ भूतनाथ मंडी के सदस्य।

### युवा पीढ़ी को धर्म के प्रति जागरूक करना जरूरी

## जागरूकता | शत-प्रतिशत मतदान को हासिल करने के लिए मंडी सदर में चल रहा है विशेष अभियान

# 'मेरा नाम है न' के तहत शिक्षण संस्थानों में नियुक्त होंगे कैंपस एंबेसडर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

सदर मंडी विधानसभा में लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान को हासिल करने के लिए चल रहे विशेष अभियान 'मेरा नाम है न' के अंतर्गत शिक्षण संस्थानों में संस्थान स्तर पर कैंपस एंबेसडर नियुक्त किए जाएंगे।

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम सदर ओम कांत ठाकुर ने बताया कि डाइट मंडी में अजय कुमार और नैंसी को कैंपस एंबेसडर बनाया गया है। अभियान के अंतर्गत मंडी विधानसभा के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में पोस्टर मेकिंग, स्लोगन और नारा लेखन का आयोजन किया जा रहा है। वीरवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट मंडी में नारा लेखन और पोस्टर मेकिंग गतिविधियों आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में संस्थान के प्रशिक्षुओं ने भाग लेकर भविष्य में जब भी चुनाव होंगे मतदान करने का प्रण लिया।



पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते प्रशिक्षु।

### नारा लेखन व पोस्टर मेकिंग की गतिविधियां करवाईं

उन्होंने बताया इसके साथ ही शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को उनका नाम मतदाता सूची में होने की पुष्टि करवा कर उनके हस्ताक्षर करवाए जाएंगे। नोडल अधिकारी स्वीप 33 मंडी विधानसभा सुभाष चंद और सूरज मणि ने बताया कि मेरा ना है न अभियान के अंतर्गत सभी पाठशालाओं में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न आयोजन किए जा रहे हैं।




पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लेते प्रशिक्षु।

# जेंडर बजटिंग पर कार्यक्रम संपन्न

**मंडी।** महिला एवं बाल विकास निदेशालय हिमाचल प्रदेश द्वारा 26 से 28 मार्च तक सीसीडीयू राज्य प्रशिक्षण केंद्र ढांगसीधर मंडी में मंडी संभाग के अधिकारियों, सामाजिक संगठनों, एनजीओ के लिए जेंडर बजटिंग पर आयोजित तीन दिवसीय संभाग स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन उपायुक्त मंडी अपूर्व देवगन ने किया। इस प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और महिला एवं बाल विकास निदेशालय को भी बधाई दी और निदेशालय को इस तरह के और अधिक प्रशिक्षण आयोजित करने के लिए प्रोत्साहित किया।

# धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर का बढ़ा राजनीतिक कद

**अनंत ज्ञान, संधोल**

हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच दोनों दलों में इस्तीफों का दौर जारी है। कोई इधर से उधर दल बदल कर जा रहा है, तो कोई अपना शक्ति प्रदर्शन कर रहा है, तो कहीं बयानों के युद्ध में बयानबाजी का दौर जारी है।

इसी बीच कांग्रेस ने अपने दो कार्यकारी अध्यक्षों की घोषणा की है, जिससे धर्मपुर विधानसभा के कांग्रेस विधायक चंद्रशेखर का राजनीतिक कद बढ़ गया है। सरकार बनने के बाद से ही मंडी जिला के 10 सीटों में से एकमात्र कांग्रेसी विधायक चंद्रशेखर को मंत्री बनाने की आवाज उठ रही थी।



राहुल गांधी के साथ धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर का फाइल चित्र।

चंद्रशेखर मंत्री तो नहीं बन पाए, मगर अब कांग्रेस ने कार्यकारी अध्यक्ष बनाकर मंडी जिला को नवाजा है। धर्मपुर के विधायक को राज्य कांग्रेस कमेटी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर धर्मपुर कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है।

# पागल कुत्ते ने हरोली व भदौड़ी में एक व्यक्ति और 10 पशुओं को काटा

## बीडीसी सदस्य प्रेम ने पशु चिकित्सा अधिकारी को निशुल्क उपचार करवाने को दिया ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, ऊना**

विधानसभा के हरोली व भदौड़ी गांव के 10 पशुओं को पागल कुत्ते ने बहुत बुरी तरह से काट लिया, जिससे वे जख्मी हो गए हैं । इस बारे पंचायत समिति सदस्य व पूर्व पंचायत प्रधान प्रेम सिंह औजला ने बताया कि गांव भदौड़ी के एक 42 साल के व्यक्ति, 5 भैंसों व 2 गायों और हरोली की 3 गायों को पागल कुत्ते ने पशुशाला में घुसकर काट लिया। जिस बारे सूचना मिलने पर प्रेम सिंह औजला ने तुरंत पशु चिकित्सा अधिकारी हरोली डॉक्टर निखिल ठाकुर, फार्मासिस्ट हरोली मुकेश धीमान, फार्मासिस्ट भदौड़ी विजय राव को सूचित किया। इस दौरान पशुओं को पहली खुराक समय रहते दे दी गई।

औजला ने पशु चिकित्सालय हरोली को पत्र लिखकर सभी 10 पशुओं को बकाया प्रति पशु 4 डोज के हिसाब से 40 डोज समय पर लगाने की मांग की है, ताकि लाइलाज बीमारी का समय रहते इलाज हो सके और लोगों के कीमती जानवरों का बचाव हो सके। पशु चिकित्सा अधिकारी हरोली डॉ. निखिल ठाकुर ने बताया कि प्रेम सिंह औजला द्वारा सूचित करने के पश्चात् बाकी बची डोज का इंतजाम रात 8 बजे वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ऊना द्वारा कर दिया गया है।



पशुओं का उपचार कराने के लिए चिकित्सक को पत्र सौंपते हुए बीडीसी सदस्य, साथ हैं अन्य।

डॉ. निखिल ने कहा कि ये बीमारी लार से आगे बढ़ती है न कि पशु के दूध से इसलिए समय पर दवाई की खुराक देने से पशु का दूध पीने से कोई नुक्सान नहीं होगा बशर्ते लोगों को समय पर डोज लगवा लेनी चाहिए। इस दौरान बीडीसी सदस्य प्रेम ने पशु चिकित्सा अधिकारी को जख्मी पशुओं के निशुल्क उपचार को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा। प्रेम ने कहा बाकि बची खुराकों को वरिष्ठ पशु चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. भट्टी और पशु चिकित्सा अधिकारी हरोली द्वारा उपलब्ध करवाने पर अब समय पर पशुओं का उपचार हो सकेगा।

इस मौके पर पशु चिकित्सा अधिकारी हरोली डॉ. निखिल ठाकुर, फार्मासिस्ट मुकेश धीमान, विजय राव, प्रिंस चौधरी, इंद्रजीत सिंह बैंस आदि उपस्थित थे।

# गगरेट उपचुनाव में भाजपा के लिए एकजुटता ही ढाल, कांग्रेस को योग्य प्रत्याशी की दरकार

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा**

राजनीतिक उठापटक एवं दलबदल दंश से जूझ रहे हिमाचल में कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामने के बाद छह कांग्रेसी विधायकों को भाजपा हाईकमानने सीधे टिकट देकर प्रदेश की राजनीति में नया पन्ना जोड़ दिया है। गगरेट में चैतन्य शर्मा भी इनमें से एक हैं जो अब चौदह महीने के बाद भाजपा की ओर से नई पारी शुरू करने जा रहे हैं। भाजपा भी सत्ता तक पहुंचने को लेकर इन विधानसभा क्षेत्रों में लामबंद होने लगी है। गगरेट से इसकी शुरुआत हो चुकी है। गगरेट में चैतन्य शर्मा को प्रत्याशी बनाए जाने पर गगरेट के भाजपा कर्मठ कार्यकर्ताओं ने विरोध शुरू कर दिया था, लेकिन स्थानीय नेता राजेश ठाकुर ने आलाकमान के फैसले का समर्थन करके विरोध की चिंगारी को वहीं समाप्त कर दिया। नतीजा यह हुआ कि गगरेट के भांजाल में हुई जनसभा में सभी भाजपा कर्मठ कार्यकर्ताओं की एकजुटता भी देखने को मिली। इस क्षेत्र में चैतन्य शर्मा ने चौदह महीने पहले भाजपा प्रत्याशी को बुरी तरह धूल चटाई थी। जीत का अंतर भी एक रिकॉर्ड था।

भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा जिला परिषद के चुनाव में रिकॉर्ड जीत हासिल करने के बाद 2022 के विधानसभा चुनावों में भाजपा से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे, लेकिन भाजपा से राजेश ठाकुर को प्रत्याशी बनाया गया था। उस समय चैतन्य ने भाजपा टिकट न मिलने के चलते कांग्रेस से टिकट लेकर भाजपा प्रत्याशी को भारी अंतर से हरा दिया था। कांग्रेस में विधायक रहते हुए सरकार के खिलाफ उतरे विधायकों में शामिल चैतन्य को उपचुनाव में भाजपा से प्रत्याशी बनाया गया है। उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी के लिए चुनौती कम नहीं आंकी जा रही, लेकिन चैतन्य शर्मा के पीछे सियासी आधार देख भाजपा के स्थानीय नेताओं को भी समझौता करते देख कहीं न कहीं पार्टी आलाकमान राहत महसूस कर रहा है। भाजपा से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद गुरुवार को गगरेट क्षेत्र के भंजाल में पहुंचने पर चैतन्य के साथ भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय दिखे, उससे विरोध जताने की अटकलों पर विराम लगता दिखा। स्वयं प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर गगरेट में चैतन्य शर्मा को प्रत्याशी बनाकर छोड़ने पहुंचे हैं। हालांकि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से विरोध प्रदर्शन भी किया गया है, लेकिन विरोध और संघर्ष के बीच चैतन्य की भंजाल में अभिनंदन रैली सफल मानी जा सकती है।

कांग्रेस की बात करें तो इस क्षेत्र में चुनाव मैदान में उतरने के लिए कई चेहरे तैयार हैं, लेकिन ब्लॉक कांग्रेस स्थानीय नेता को चुनाव में उतारने को लेकर मांग करती नजर आ रही है। इतिहास पर नजर दौड़ाई जाए तो गगरेट क्षेत्र में अधिकतर बाहरी लोग ही विधायक बनते रहे हैं। कांग्रेस में प्रत्याशी ने नाम की घोषणा के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। माना जा रहा है कि कांग्रेस से चुनाव लड़ने को लेकर कई नाम चर्चा में हैं, इनमें राकेश कालिया और कुछ स्थानीय पुराने नेताओं के अलावा जिला कांग्रेस अध्यक्ष रंजीत राणा का नाम भी सामने आया है।

### रणजीत राणा ने ठोंकी टिकट की दावेदारी

**ऊना।** जिला ऊना कांग्रेस कमेटी के प्रधान रणजीत राणा ने गगरेट विधानसभा क्षेत्र से पार्टी टिकट की दावेदारी ठोकी है। उन्होंने कहा कि गगरेट क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी के लिए चुनाव लड़ने के लिय वह तैयार हैं। इस बारे उन्होंने प्रदेश कांग्रेस को भी अवगत कर दिया है। दलबदल की सियासत से आहत रणजीत राणा ने कहा कि पिछले 45 वर्षों से उन्होंने कांग्रेस पार्टी की समर्पण भाव से सेवा की है। कई सियासी उतार-चढ़ाव आए, लेकिन कभी कांग्रेस पार्टी का दामन नहीं छोड़ा। हमेशा पार्टी को सर्वोपरी मानते हुए जन सेवा की है। सामाजिक सरोकारों को अपनाते हुए बिना राजनीतिक भेदभाव के हर वर्ग के दुख-सुख में शरीक हुए। उन्होंने कहा कि गगरेट विधानसभा क्षेत्र उनका अपना क्षेत्र है। बता दें कि रणजीत राणा ऊना कॉलेज में एनएसयूआई के जनरल सेक्रेटरी व 1981-82 में प्रेजिडेंट रह चुके हैं । कॉलेज में टॉप फुटबाल खिलाड़ी रहे हैं। ऊना कॉलेज में फुटबॉल टीम के कैप्टन व हिमाचल प्रदेश यूनिवर्सिटी फुटबॉल टीम के कैप्टन रहे हैं। इन्हें प्रदेश की ओर से चार बार राष्ट्रीय संतोष ट्रॉफी में भाग लेने का सौभाग्य हासिल है। बर्ष 1985 से लेकर 1996 तक विदेश बहरीन व सिंगापुर में कार्य कर चुके हैं। बर्ष 1999 में वह जिला ऊना कांग्रेस के महासचिव रहे। बर्ष 2000 से लेकर 2005 तक जिला परिषद वार्ड पंजावर के जिप सदस्य रह चुके हैं। पंडोगा से टटेहड़ा तक क्षेत्र की सेवा कर चुके हैं। समाज सेवा का क्रम निरंतर जारी है। बर्ष 2010 से दस बर्ष तक हरोली ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रधान के पद पर सेवाएं दे चुके है। मार्च 2020 से अब तक वे जिला ऊना कांग्रेस कमेटी के प्रधान पद पर पार्टी हित में कार्य कर रहे हैं, जबकि इनकी धर्म पत्नी नीलम मनकोटिया ग्राम पंचायत पंजावर की प्रधान हैं। दो बेटे विदेश आस्ट्रेलिया में कार्यरत हैं। रणजीत राणा ने कहा कि अगर कांग्रेस पार्टी टिकट देती है तो जीत अवश्य होगी।



# मुख्यमंत्री अपनी नाकामी का दोष किसी और को न दें : जयराम

## कहा- जनहित उपेक्षा, विधायकों का अपमान और मित्रों का सम्मान के कारण हुआ यह हाल, मोदी के नेतृत्व में काम करने को भाजपा में आए चैतन्य

**अनंत ज्ञान, ऊना/गगरेट**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के राजनैतिक हालात के लिए फिर मुख्यमंत्री दोषी हैं।सरकार चुने हुए जनप्रतिनिधियों का अपमान कर रही थी और मित्रों का सम्मान कर रही है। विधायक बाहर खड़े रहते थे और अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों की पीड़ा मुख्यमंत्री तक नहीं पहुंचा सकते थे।

नेता प्रतिपक्ष आज ऊना के गगरेट में विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा के स्वागत समारोह में पहुंचे थे। इस मौके पर उनके साथ पूर्व मंत्री एवं विधायक सुखराम चौधरी, विधायक रणधीर शर्मा, गगरेट के पूर्व विधायक राजेश ठाकुर, पूर्व विधायक रणबीर चौधरी, प्रो. राम कुमार समेत स्थानीय पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।



भाजपा प्रत्याशी के स्वागत समारोह में शामिल नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर व अन्य।

जयराम ने कहा कि सरकार अब अपनी ही पार्टी के विधायकों को राजनीतिक विद्वेष के कारण परेशान कर रही है। अधिकारी भी अपनी लक्ष्मण रेखा लांघ रहे हैं। प्रदेश में कानून व्यवस्था का बुरा हाल है। अपने मान-सम्मान की लड़ाई लड़ने पर अपने ही साथी के खिलाफ़ मुख्यमंत्री मुकद्दमे करवा रहे हैं। विधायकों एवं उनके परिजनों तथा नाते रिश्तेदारों को तरह-तरह से प्रताड़ित किया जा रहा है। राज्यसभा में कांग्रेस प्रत्याशी के खिलाफ़ वोट देने वाले विधायकों को सुरक्षा छीन ली और जिन्होंने वोट दिया उनके लिए इतना सख्त पहरा है जिसकी कोई बात नहीं। रात-रात भर सीआईडी चेक करती है कि नेता जी घर पर ही हैं या नहीं ?

जयराम ठाकुर ने कहा कि आज लोग भारतीय जनता पार्टी में शामिल होकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में काम करना चाहते हैं। भारत के बड़े, जनप्रिय और क़द्दावर नेता भाजपा से जुड़ रहे हैं। चैतन्य शर्मा समेत सभी नेता गारंटियों को पूरा करने में विश्वास करते हैं कांग्रेस की तरह झूठी गारंटियों के नाम पर प्रदेश की मातृशक्ति समेत प्रदेश को ठगने में नहीं। यही कारण हैं कि उन्होंने जनहित में झूठी सरकार का साथ छोड़ दिया और नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश को आगे ले जाने में अपना योगदान देने के लिए तत्पर हैं।

### सीएम ने विधायकों को इस्तेमाल किया : चैतन्य

**इस** दौरान पूर्व विधायक चैतन्य शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पद हासिल करने के लिए सुखविंद्र सिंह सुक्खू विधायकों का इस्तेमाल किया था। सरकार बनने से पहले एक होटल में सुखविंद्र सुक्खू जिन विधायकों के आगे गिड़गिड़ा रहे थे, बाद में उनके मुख्यमंत्री बनने पर विधायकों को जलील किया जाने लगा था। अगर अंतरात्मा की आवाज सुनकर हमने राज्यसभा के चुनाव में उम्मीदवार का विरोध किया तो उनके खिलाफ कार्रवाई सदस्यता खत्म करना उचित नहीं था। उन्होंने कहा कि उनके पिता पर झूठा आपराधिक मामला दर्ज कर दिया गया। जिस पार्टी में अनुशासन नहीं और मान सम्मान नहीं वहां रहना भी ठीक नहीं था। भाजपा ने उन्हें अपनाया है और मान-सम्मान दिया है इसके लिए वे भाजपा आला नेतृत्व के आभारी हैं। उन्होंने राजेश ठाकुर और उनके समर्थकों द्वारा उनका समर्थन करने के लिए आभार जताया और कहा कि वे ताउम्र इसके लिए भाजपा के कर्मठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के ऋणी रहेंगे।

# एचआरटीसी से सेवानिवृत्त होने पर अविनाश को दी विदाई पार्टी



अविनाश खुल्लर को सम्मानित करते निगम कर्मचारी।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

हिमाचल पथ परिवहन निगम डीएपी ऊना में 34 वर्ष सेवाएं देने के बाद अविनाश कुमार खुल्लर सेवानिवत्त होने जा रहे हैं।

इस मौके पर बंगाणा उपमंडल के सभी चालक और परिचालकों ने उन्हें विदाई पार्टी दी। अविनाश खुल्लर 34 वर्ष तक एक ही डिपो में अविनाश खुल्लर ने सेवाएं दी हैं। 34 वर्ष तक ऊना डिपो में ही परिचालक और निरीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं।

अब 34 वर्ष बाद वह सेवानिवृत्त हुए हैं। बंगाणा उपमंडल में उनको सभी चालकों और परिचालकों चालकों ने विदाई पार्टी समारोह का आयोजन किया।

# 65 लोगों का जांचा स्वास्थ्य

**अनंत ज्ञान, हरोली**

सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा हरोली लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। उपमंडल हरोली के गांवों में पहुंचकर स्वास्थ्य टीम डॉ. प्रदीप भाटिया के नेतृत्व में लोगों की स्वास्थ्य जांच के साथ-साथ उनके निशुल्क टेस्ट किए जा रहे है तथा निशुल्क दवाई भी दी जा रही है।

इसी कड़ी में बुधवार को स्वास्थ्य टीम ने ग्राम पंचायत हलेड़ा विलना में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसमें 65 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई। 39 लोगों के टेस्ट किए, जिसमें उच्च रक्तचाप के 3 शुगर के 3 तथा जोड़ों के दर्द के 10 लोग पाए गए। इस मौके पर पंचायत प्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में गांववासी मौजूद रहे।



सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा के तहत स्वास्थ्य जांच कराते ग्रामीण।

## श्रीमद्भागवत कथा आज से

**गोंदपुर बनेहड़ा।** क्षेत्र के नंगल जरियाला में 29 मार्च शुक्रवार से श्रीमदजगतगुरु श्रीभगवान नारायण पीठाधीश्वर श्री पिंडोरी धाम महाराज 1108 श्री रघुवीर दास जी की असीम कृपा से श्रीमद्भागवत कथा का भव्य आयोजन होने जा रहस्य है, जिसमें कथाव्यास आचार्य प्रदीप शास्त्री बद्दी वाले भगवतमहिमा का गुणगान करेंगे। कथा का समय सुबह दस बजे से एक बजे से एक बजे का रहेगा।

इसी उपलक्ष्य में वीरवार को कलश यात्रा भी निकाली गई। ग्रामवासी राजकुमार जरियाल ने बताया कि 4 अप्रैल को पीठाधीश्वर श्री पिंडोरी धाम महाराज 1108 श्री रघुवीर दास जी प्रवचनों से आशीर्वाद देंगे। वहीं 5 अप्रैल को महाराज संगतों को नामदान देंगे।

# दिल्ली से रविदास मंदिर संतोषगढ़ पहुंचा श्रद्धालुओं का जत्था

**अनंत ज्ञान, संतोषगढ़**

स्थानीय नगर के ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास मंदिर संतोषगढ़ देश विदेश में गुरु रविदास महाराज में आस्था रखने वालों की श्रद्धा का मुख्य केंद्र है। वीरवार को भारत की राजधानी से गुरु रविदास जन्म उत्सव कमेटी दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों का 40 श्रद्धालुओं का जथा गुरु रविदास मंदिर पहुंचा था। साधू संप्रदाय सोसायटी पंजाब के प्रधान संत कुलवंत सिंह भरोमजारा की अगुवाई में पहुंचे श्रद्धालु मंदिर में नतमस्तक हुए।

जत्थे के स्वागत के लिए गुरु रविदास धार्मिक सभा के प्रधान एडवोकेट कुलविंदर बैंस, उपप्रधान वचन चंद पटेल, सचिव मनोहर लाल, कोषाध्यक्ष अशोक बसन, पूर्व सचिव बलराम महे, सलिंद्र चोपड़ा, नरेश सिंघा, सुरजीत सिंह, मौजूद रहे। संगत ने 22 जनवरी 2005 के मंदिर गिराए जाने की घटना को निंदनीय करार दिया। जत्थे में शामिल गुरु रविदास जन्म उत्सव कमेटी दिल्ली के प्रधान ब्रह्म प्रकाश बुलाकी ने दिल्ली में प्रचार-प्रसार की गतिविधियों के बारे में जानकारी उपलब्ध करवाई।



श्री गुरु रविदास मंदिर में पहुंचा दिल्ली का जत्था

मंदिर कमेटी ने जत्थे की अगुवाई कर रहे सेवादारों को सरोपा देकर सम्मानित किया। इस दौरान दिल्ली से श्री गुरु रविदास जन्म उत्सव कमेटी दिल्ली के मोहनलाल, उप प्रधान अशोक, केसियर, गौरव आदित्य लाल, देविंद्र, धर्म राज बेरी, त्रिलोक चंद, मान सिंह, कमल किशोर, मनोज मान्यवर, नरेश कुमार, राजेंद्र कुमार, नंद किशोर भारती सहित स्थानीय संगत भी मौजूद रही।

# जल जीवन का आधार, व्यर्थ न गवांए : शारदा

## बसदेहड़ा में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा वीरवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसदेहड़ा में विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य पर जिला स्तरीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य विभाग के सूचना शिक्षा एवं सम्प्रेषण प्रभाग द्वारा मुख्य चिकित्सा अधिकारी ऊना डॉ. संजीव कुमार वर्मा के दिशा निर्देशानुसार आयोजित शिविर में जल जनित रोगों और स्वच्छ जल को लेकर जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी शारदा सारस्वत ने बताया कि जल जीवन का अद्वितीय स्रोत है, यहां पानी के बिना हम जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। वास्तव, में पृथ्वी पर केवल एक फीसद पानी है, जिस पर पूरे विश्व की भारी जनसंख्या जीवन जीने के लिए निर्भर है।



स्वास्थ्य विभाग की ओर से आयोजित शिविर में जल संरक्षण की शपथ लेते लोग

जिला स्वास्थ्य शिक्षक गोपाल कृष्ण ने पानी के उपयुक्त प्रयोग के टिप्स देते हुए बताया व्यर्थ चालू नल को बंद करना चाहिए, अगर कोई फ्लश या किसी पाइप से पानी लीक हो रहा हो तो तुरंत उसे ठीक करवाएं। सब्जी व फलों को धोने में उपयोग हुए पानी को पेड़ पौधों में किचन गार्डन में इस्तेमाल करें। इसके अलावा एयर कंडीशनर और आरओ से निकले व्यर्थ पानी को वाहन धोने, पोछा लगाने या पौधों इत्यादि के लिए इस्तेमाल करें।

इस कार्यक्रम में सभी को पानी बचाने व उसके विवेकपूर्ण उपयोग करने संबंधी शपथ भी दिलाई गई।

इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से बीसीसी समन्वयक कंचन माला, आशा समन्वयक सुनील कुमार, ब्लॉक प्रोग्राम मेनेजर वेद प्रकाश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसदेहडा की समस्त आशा कार्यकर्तृता, स्टाफ व अन्य उपस्थित थे।

## पंचायत सचिव पे अभद्र व्यवहार का लगाया आरोप

**बंगाणा।** सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने को लेकर एक शिकायत बंगाणा पुलिस स्टेशन को मिली है। यह शिकायत धुंदला ग्राम पंचायत के सचिव नरेश कुमार द्वारा भेजी गई है। शिकायत में उन्होंने सुनील कुमार जो ननावीं गांव से संबंधित हैं, पर ग्राम पंचायत कार्यालय में पहुंचकर सरकारी काम में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया है।

उन्होंने शिकायत पत्र में उनसे अभद्र व्यवहार किए जाने, धमकियां देते हुए हाथापाई के प्रयास करने का भी आरोप लगाया है। ग्राम पंचायत प्रधान सुषमा ने इस शिकायत की पुष्टि की है। सचिव नरेश ने बताया कि ऐसी स्थिति में पंचायत का कार्य भी प्रभावित हुआ है और उन्हें मानसिक परेशानी का सामना भी करना पड़ा है। उन्होंने पुलिस से इस मामले की छानबीन करके उचित कार्रवाई की मांग की है।

# नशा मुक्ति के लिए चलाया जाएगा 'मेरा फैसला' अभियान

## एसडीएम ने ब्लॉक टास्क फोर्स के साथ की चर्चा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

नशा मुक्त ऊना अभियान को लेकर 'ब्लॉक टास्क फोर्स' के साथ मासिक बैठक बंगाणा ब्लॉक में एसडीएम सोनू गोयल की अध्यक्षता में हुई, जिसमें पिछले महीने हुए और आगे होने वाले कार्यों पर चर्चा हुई, जिसमें हर घर दस्तक अभियान जो बंगाणा ब्लॉक की बाकी 24 पंचायत रह गई है उनमें हर घर दस्तक अभियान शुरू होगा, जिसमें हर घर तक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता मिलकर इस अभियान का संदेश और जनता को जागरुक करेगी, कि अगर नशे से संबंधित कोई समस्या है तो नशा मुक्त ऊना अभियान के हेल्पलाइन नंबर 94180-64444 पर कॉल करके नशे से संबंधित कोई को जानकारी ले सकते हैं।

एसडीएम सोनू ने बताया कि नशा मुक्त ऊना अभियान के तहत 'मेरा फैसला' नाम का अभियान चलाया जाएगा, जिसमें सभी सरकारी कर्मचारी, प्रिंसीपल-अध्यापक, छात्र और अभिभावक इस अभियान में जुड़ेंगे और नशे के खिलाफ एकजुटता का अपना संदेश वीडियो के माध्यम से जनता तक पहुंचाएंगे।

इस मौके पर नशा मुक्त ऊना अभियान के प्रोग्राम अधिकारी सतपाल रणावत, बीएमओ थाना कलां नरेश कुमार, सीडीपीओ रूपेश कुमार, तहसील कल्याण अधिकारी विवेक कुमार, ब्लॉक अधिकारी सुनील दत्त, पंचायत सब इंस्पेक्टर विजय आदि मौजूद रहे।

# जीवन को सरल व सहज बनाने को गीता का ज्ञान जरूरी : पुंज



बंगाणा के भलेत में भागवत कथा का श्रवण करते श्रद्धालु।

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

बंगाणा के भलेत में साप्ताहिक कथा के कथावाचक आचार्य प्रमोद पुंज ने भागवत के बारे बताते हुए कहा कि जीवन को सरल व सहज बनाने के लिए गीता का ज्ञान अनिवार्य है। उन्होंने कहा माता-पिता के दर्शन ईश्वर तुल्य हैं, जिनकी सेवा से जीवन में ज्ञान मिलना आसान होगा। भागवत कथा जिसमें कर्म योग, भक्ति योग, ज्ञान योग का समावेश है, जिससे वह जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी है।

इस मौके पर रूलिया राम, फतेह चंद शर्मा, बाबूराम शर्मा, राजेश चेला, किरण, दीपक शर्मा, सतीश शर्मा, सुनील शर्मा, किशन चंद, ज्ञान चंद, किशोरी आदि उपस्थित रहे।

**राजनीति** | कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी का जिला भाजपा मुख्यालय में अभिनंदन

# चार जून को मित्रों की सरकार का जाना तय : देवेंद्र भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ के पूर्व कांग्रेस विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो भाजपा में शामिल होने एवं भाजपा प्रत्याशी कुटलैहड़ बनने पर जिला भाजपा द्वारा जिला मुख्यालय ऊना में सदर के विधायक एवं पूर्व में पार्टी के राज्य अध्यक्ष रहे सतपाल सिंह सत्ती की अध्यक्षता में भव्य स्वागत किया गया।

इस दौरान भुट्टो ने कहा कि अगर हिंदुस्तान में जय श्री राम का नारा लगाना पाप है, तो यह पाप हमने किया है। जो कांग्रेस नेता उच्च न्यायलय में श्री राम जी को काल्पनिक होने का हलफनामा दे रहा है, जिस कांग्रेस नेता ने अयोध्या में बने श्री राम मंदिर के निर्माण में रोड़े अटकाए, जो कांग्रेस नेता राज्य सरकार के विपरीत जाकर वाटर सैस के केस में माननीय कोर्ट में लड़ रहा है। अगर ऐसे नेता के खिलाफ हमने राज्यसभा चुनाव में मतदान किया है, तो क्या गलत किया है। देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि राज्य सरकार में केवल मित्रों की सुनी जाती है जो विधायक जनता ने चुने हैं उन्हें केवल जलील करने के लिए राज्य सरकार में रखा गया है। भुट्टो ने कहा कि चार जून को जो राज्य में मित्रों की सरकार है। भुट्टो ने कहा कि हमने 14 माह विधायक रहते कोई बदले की भावना से काम नहीं किया, लेकिन जब हम 26 दिन अपने विधानसभा क्षेत्र से दूर रहे तो कुटलैहड़ में पांच दर्जन तबादले हुए। बंगाणा के एसडीएम, थाना प्रभारी तक बदल दिए। यह किसके इशारे पर हुआ है। यह कुटलैहड़ की जनता सब कुछ जानती है।



ऊना में पूर्व विधायक देवेंद्र भुट्टो अपने समर्थकों के साथ।

भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ विस क्षेत्र के हर भाजपा के वरिष्ठ नेता से आशीर्वाद हम आगे बढ़ेंगे। किसी भी भाजपा वरिष्ठ नेता से कोई मन मुटाव नहीं है। इस उपचुनाव में सभी कुटलैहड़ विस क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के सहयोग से आदरणीय अनुराग सिंह ठाकुर को 40 हजार की बढ़त मिलेगी और उपचुनाव में कुटलैहड़ भाजपा की जीत होगी।

इस मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा, भाजपा जिला महामंत्री राज कुमार पठानिया, जिला उपाध्यक्ष बलराम बबलू, संतोष सैनी, सुदर्शन शर्मा, मुनीश ठाकुर, सुषमा ठाकुर, राजेंद्र मलांगड़, पूर्व प्रधान चंद्र कुमार, जिला परिषद सदस्य निशा भुल्लर, अजय मिन्हास, भूपिंदर सिंह चताड़ा, संजीव शर्मा, पूर्व ज़िला परिषद सदस्य राज कुमार, सरजीवन सिंह, मंगल सिंह,सतीश शर्मा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष सुरेश बांका, धर्मजीत सिंह पूर्व प्रधान लमलेहड़ी, मनु बांका, पंकज डोगरा आदि सैंकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे।

संपादकीय

# शिक्षा मंदिरों में तार-तार होते गुरु-शिष्य के रिश्ते

कभी वो भी वक्त था, जब गुरु का दर्जा माता-पिता से ऊपर और भगवान के समतुल्य माना जाता था। गुरु और शिष्य के रिश्ते में सम्मान और स्नेह के साथ विश्वास का समावेश होता था। शिक्षक और शिष्य दोनों ही अपनी मर्यादा में रहकर पठन-पाठन के क्रियाकलापों को पूरा करते थे, लेकिन अब यह रिश्ता तार-तार हो रहा है। कभी शिक्षा देने वाले तो कभी शिक्षा प्राप्त करने वाले इस रिश्ते को बदनाम कर रहे हैं। ऐसा ही एक मामला हिमाचल प्रदेश के केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला स्थित शाहपुर परिसर में देखने को मिला है। इस विश्वविद्यालय का प्रोफेसर काम वासना में इतना अंधा हो गया कि वह अपनी सारी मर्यादा भूल गया और ऐसा घिनौना कृत्य कर दिया, जिसकी सभ्य समाज में कोई जगह नहीं है। यह शिक्षक होली के दिन अपनी छात्रा को एक निजी होटल में बुलाता है और फिर उसके साथ वो घृणित कर्म करता है, जिसकी जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है। अपने शिक्षक पर विश्वास कर पीड़ित छात्रा एक निजी होटल में चली आई, जहां न केवल उसके विश्वास का कत्ल हुआ, बल्कि उसकी आबरू को भी तार-तार कर दिया गया।

पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी शिक्षक को गिरफ्तार कर लिया है और विश्वविद्यालय प्रबंधन ने भी उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया है। उस पर कोर्ट में दुष्कर्म का मामला चलेगा, सजा भी सुनाई जाएगी, जेल में भी रहेगा या तो पूरी सजा काटेगा या फिर आधी। खैर, पुलिस और अदालत तो अपना काम करेगी ही, लेकिन सवाल यह है कि ऐसी शिक्षा प्रद्धति, जिसमें एक शिक्षक स्वयं ही मर्यादाहीन और चरित्रहीन है तो वह फिर अपने शिष्यों को मर्यादावान और चरित्रवान कैसे बनाएगा। पुराने समय में गुरुकुल होते थे, वहां बच्चे अपने माता-पिता और परिवार से दूर कई-कई वर्ष शिक्षा ग्रहण करते थे। गुरु को सबकुछ मानते थे और गुरु पत्नी को गुरु माता कहकर पुकारते थे। गुरु पर शिष्य का विश्वास इतना अटूट होता था कि गुरु की आज्ञा होने पर शिष्य अपने प्राणों की आहुति भी देने को तैयार हो जाता था वो भी बिना किसी संकोच और सवाल के। यह अटूट विश्वास ऐसे ही पैदा नहीं होता था, इसके पीछे गुरु की शिक्षा होती थी। ऐसी शिक्षा, जो शिष्य को केवल ज्ञानवान और निडर ही नहीं, बल्कि संस्कारवान भी बनाती थी। विडंबना तो यही है कि आज के परिवेश में विद्या मंदिरों में शिक्षा तो दी जा रही है, मगर संस्कारयुक्त नहीं। अगर संस्कारयुक्त शिक्षा दी जाती तो अपनी ही शिष्या पर नजर रखने वाले दुर्जन शिक्षा मंदिरों में नहीं होते। दुष्कर्म तो दूर की बात, उनकी ओर बुरी नजर से भी नहीं देखते।

अगर इस समाज को सभ्य और संस्कारवान बनाना है तो यह अतिआवश्यक है कि पाठ्यक्रम में नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण अध्यायों को शामिल किया जाए। प्रथम कक्षा से ही छात्र-छात्राओं को नैतिकता की शिक्षा देना शुरू किया जाए और कॉलेज स्तर तक इस शिक्षा को जारी रखा जाए। उन्हें अच्छे-बुरे की परख करना सिखाई जाए। यह भी सिखाया जाए कि बुरे कर्मों का फल बुरा ही होता है। साथ ही दुराचार करने वाले शिक्षकों के लिए भी सख्त सजा का प्रावधान करना चाहिए, ताकि बाकी लोग भी उससे सबक लें। अगर कोई शिक्षक या गैर शिक्षक ऐसे कुकृत्य करता है तो उस पर आजीवन सरकारी नौकरी करने पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए, साथ ही उसको कोई भी सरकारी सुविधा नहीं दी जानी चाहिए।

समाज में दूषित मानसिकता वाले लोगों के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। अनैतिक कार्य करने वालों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए, तभी यह समाज रहने लायक बनेगा, अन्यथा धीरे-धीरे आसुरी मानसिकता वाले लोगों का इस समाज में बोलबाला हो जाएगा और हर दिन समाज को शर्मसार करने वाली घटनाएं होती रहेंगी।

# नागरिकता संशोधन कानून केंद्र सरकार की सराहनीय पहल


सुखदेव सिंह
वरिष्ठ पत्रकार, नूरपुर

मुस्लिम कट्टरपंथी तीन देशों से भागकर भारत में शरण लेने वाले 6 गैर मुस्लिम समुदाय के लोगों को अब भारतीय नागरिकता मिलना सराहनीय है। शरणार्थी वह व्यक्ति होता है, जिसके अधिकारों का हनन हुआ हो और वह उत्पीड़न से बचने के लिए दूसरे देश की शरण में जाना कहीं बेहतर समझता है। अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत कोई भी व्यक्ति किसी देश में जाकर रोजगार कमाना, घूमना और बसने का अधिकार रखता है। बशर्ते उक्त देश भी ऐसे व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा करने में सहमति जतातर हो। भारतीयों के जीवन-यापन की प्रशंसा पड़ोसी देशों के लोग भी करते हैं। ऐसे में फिर कौन भारत में आकर रहना पसंद नहीं करेगा।

पाकिस्तान ने 1,70,000 हजार अफगानी शरणार्थियों को जबरदस्ती वापस उनके देश में भेजा है। बिना पुख्ता दस्तावेजों के पाकिस्तान में वर्षों से डेरा जमाए अफगानी शरणार्थियों को देश से निकाले जाने का किसी मुस्लिम देश ने विरोध तक नहीं किया था। रूस, यूक्रेन युद्ध में लाखों लोगों ने यूरोपीय देशों में शरण ली है। इसराइल, फिलिस्तीन युद्ध में ठीक ऐसे ही हालात चल रहे हैं। भारत आज शरणार्थी लोगों के लिए विशेष कानून लेकर आया तो उसका विरोध किया जाना नासमझी है। भारत में रहने वाले लोगों को इस कानून से डरने की जरूरत नहीं है। घुसपैठ के जरिये दशकों से भारत में डेरा जमाए लोगों को अपना जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य दस्तावेज सरकार को दिखाने पड़ेंगे। पाकिस्तान से आए कई लोगों को भारत ने नागरिकता देकर एक मिशाल कायम की है। भारतीय मीडिया ने ऐसे लोगों का इस कदर प्रचार-प्रसार किया कि आज ऐसे लोग फिल्मी दुनिया में अपना मुकाम हासिल कर पाएं हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने भारत को शरणार्थियों के लिए विशेष कानून बनाने की दलील दी थी। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने लोकसभा चुनावों से पहले नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू करके विपक्षी राजनीतिक दलों के नेताओं की नींद उड़ा दी है। विपक्षी नेता नागरिकता संशोधन अकानून को लेकर मीडिया में अनाप-शनाप बयानबाजी करके जनता में भ्रम पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जिसकी नींव सभी धर्मों के लोगों साथ जुड़ी हुई है।

जम्मू-कश्मीर में धारा 370 हटाने उपरांत वहां करोड़ों रुपए का बजट मंजूर करने वाली केंद्र सरकार मुस्लिम विरोधी भी हो सकती है। देश की जनता को आकलन करना चाहिए। विपक्षी राजनीतिक दलों के नेता नागरिकता संशोधन कानून मुस्लिम विरोधी बताकर समाज की एकता को तोड़ने की कोशिश कर रहे हैं, जो कि गलत है। इस अकानून से अंजान लोग इससे पहले भी विरोध जता चुके हैं। नागरिकता संशोधन अकानून (सीएए) 1956 में बना और उसमें संशोधन दिसंबर 2019 में हुआ जिसकी स्वीकृति राष्ट्रपति से मिल चुकी है। इस अकानून का मूल उद्देश्य 31 दिसंबर 2014 तक भारत में पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आने वाले हिंदू, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध, और पारसी लोगों को भारतीय नागरिकता उपलब्ध करवाना है। पड़ोसी देशों से भागकर भारत की शरण में आने वाले शरणार्थियों को केंद्र सरकार द्वारा पहचान मुहैया करवाना सराहनीय प्रयास है। भारत में पाकिस्तान, बांग्लादेश, म्यांमार और अफगानिस्तान देशों के लोग लगातार घुसपैठ कर रहे हैं, जो सुरक्षा दृष्टि से सही नहीं है।

केंद्र सरकार इस घुसपैठ को रोकने के लिए संबंधित राज्यों को समय-समय पर निर्देश जारी करती है। केंद्र सरकार का मानना है कि ऐसे घुसपैठी लोग आधार कार्ड, राशन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और पासपोर्ट तक फर्जी बनाने में कामयाब हुए हैं। केंद्र सरकार ने अवैध तरीके से रहने वाले लोगों के आधार कार्ड, राशन कार्ड तक निरस्त करवाए हैं। 1971 भारत-पाकिस्तान युद्ध उपरांत बांग्लादेश बना था। उस दौरान भारी तादाद में बांग्लादेश के लोगों ने भारत की सीमाओं के अंधर घुसकर अवैध तरीके से डेरा जमाया था। नार्थ ईस्ट की मुख्यमंत्री जिस तरह घुसपैठियों की पैरवी करके इस कानून को गलत बताती है, ठीक उसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता कि ऐसे लोगों की तादाद वहां सबसे अधिक है। भारत की एकता अखंडता के लिए ऐसे लोग बहुत बड़ा खतरा हैं। भारत की सीमाओं के अंधर रहकर ऐसे लोग म्यांमार के रोहिंग्या के पक्षधर बन जाते हैं। केंद्र सरकार द्वारा लागू किए नागरिकता संशोधन अकानून का पाकिस्तान के कुछेक लोगों द्वारा समर्थन किया गया है।

पाकिस्तान की सरकारें भी अवैध तरीके से रहने वाले लोगों के खिलाफ अब सख्ती से निपट रही हैं। नागरिकता संशोधन अकानून कानून का सदुपयोग, देशद्रोहियों, आतंकवाद और आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम किए जाना इसका मुख्य ध्येय है। हमारे देश की जनता अपने वीर सैनिकों पर अत्यधिक विश्वास करती है। अटूट विश्वास क्यों भी न किया जाए, जब आम जनमानस अपने घरों में सकून की नींद सोते हैं, तब ये वीर पुरुष सरहदों पर पहरा दे रहे होते हैं। ठीक यही बजह है कि कुछ ग्रामीण मंदिरों में भगवान की भांति शहीदों की तस्वीरें लगाकर उनकी भी पूजा की जाती है। लोग ऐसे गांव को शहीदों का गांव कहकर भी पुकारते हैं। देश की सीमाएं पाकिस्तान, चीन बंग्लादेश, नेपाल, म्यांमार आदि देशों के साथ लगती हैं। दुश्मन हमेशा ही अपने देश की सीमाओं को लांघकर हमेशा घुसपैठ करने की फिराक में रहता आया है। भारत भौगोलिक दृष्टि से भी बड़ा होने के कारण अक्सर सीमाओं की सुरक्षा बढ़ाने में कई चुनोतियों का सामना करता रहा है। अब देश ने भौगोलिक, हवाई और समुद्री सीमाओं पर सुरक्षा के कड़े इंतेजाम किए हुए हैं। 3141 किलोमीटर का एरिया पाकिस्तान के साथ लगता है जिसमें कश्मीर के हिस्से में हमेशा ही तनाव की स्थिति रहती आई थी। केंद्र सरकार ने देश की सरहदों की सुरक्षा अत्यधिक बढ़ाए जाने को लेकर कारगिल युद्ध के बाद एक सुरक्षा कमेटी का भी गठन करके रखा हुआ है।

भारत का अधिकांश बजट सुरक्षा के नाम पर खर्च किया जा रहा है। केंद्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अकानून लागू करके देश की सुरक्षा बढ़ाने का काम किया है। सीएए का कानून लागू होने पर सीमा ने सोशल मीडिया पर खुशी जताते हुए कहा की उन्हें पूरा विश्वास है कि केंद्र सरकार उन्हें भारतीय नागरिकता जरूर देगी। सीमा अपने प्रेमी सचिन के साथ शादी करके पिछले एक साल से नोयडा में रह रही है। केंद्र सरकार द्वारा बनाया गया सीएए कानून मुस्लिम विरोधी होता, तो सीमा के खिलाफ कार्रवाई अवश्य होती। इस कानून का डर सिर्फ गलत गतिविधियों में संलिप्त लोगों को ज्यादा सता रहा है, भारतीयों को इससे डरने की जरूरत नहीं है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# भारत ने जब सनातन धर्म अपनाया, तब समाज में थी शांति

लेखक : पंकज जगन्नाथ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हाल ही में अंग्रेजी में एक किताब बाजार में आई है 'द की टू टोटल हैप्पीनेस'। इस पुस्तक में एकात्म मानव दर्शन का गहराई से विवेचन किया गया है। इसका हिंदी में अर्थ होता है 'संपूर्ण सुख की कुंजी'। केंद्र सरकार ने 2022 से 2047 तक की 25 वर्ष की अवधि को 'अमृत काल' घोषित किया है। ऐसे में इस किताब का महत्व और बढ़ जाता है। इस दौरान देश की हर महिला, पुरुष और युवा को यह दिखाना होगा कि 2047 तक भारत एक विकसित देश बनेगा।

इस शुभ समय के दौरान भारत को 'शाश्वत सुख की तलाश में आगे बढ़ने' की कठिन चुनौती का सामना करना होगा। हालांकि, वर्तमान समय में एक तरफ आश्चर्यजनक तकनीकी प्रगति और दूसरी तरफ पूरी मानवता गहरे संकट में है। मानव इतिहास में सबसे आकर्षक प्रयास यह है कि धरती पर हर कोई आदिकाल से ही खुशी के लिए प्रयास करता रहा है। यह कार्य इतना कठिन क्यों प्रतीत होता है? क्या हमें व्यक्ति, समाज और शांति के बीच संबंधों के बारे में कोई गलतफहमी है? पीढ़ियों के संघर्ष के बाद, हमने भौतिक विकास हासिल किया है; फिर भी, पैसे की प्यास कम नहीं हुई है।

प्रौद्योगिकी उन्नत हो गई है, लेकिन अभी भी व्यापक तौर पर उथल-पुथल है। हम यह कैसे सुनिश्चित कर सकते हैं कि एक ओर, सतत विकास हो और साथ ही जीवन आसान और अधिक शांतिपूर्ण हो? 'एकीकृत मानव दर्शन' यह प्रदर्शित करने का प्रयास करता है कि मानवता इन सभी चिंताओं का स्वीकार्य समाधान प्रदान करके कैसे एक खुश, शांतिपूर्ण और व्यवहारपूर्ण अस्तित्व जी सकती है।

अब महत्वपूर्ण सवाल यह है कि इस मिथक को फैलाने से क्या हासिल हुआ है कि पश्चिमी विचार भारतीय दर्शन से श्रेष्ठ और पुरातन है? पिछली शताब्दी में दो विश्व युद्ध, प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक उपयोग, गरीब देशों का शोषण, सामाजिक असंतुलन, नक्सलवाद, समाज में मानसिक और शारीरिक तनाव की समस्या, आतंकवाद, नशीली दवाओं का अत्यधिक उपयोग, आत्महत्या, राजनीतिक शक्ति का ध्रुवीकरण, धर्म परिवर्तन की साजिश, पारिवारिक व्यवस्था के अवमूल्यन के कारण तलाक दर में वृद्धि, क्या इन चिंताओं का कोई समाधान है? जब भारत में सनातन धर्म अपनाया गया, तब समाज में शांति थी।

संपूर्ण दुनिया परस्पर सहजीवन का आनन्द ले रहा था। पर्यावरण का ख्याल रखा जा रहा था। साथ ही, वैज्ञानिक और तकनीकी प्रगति भी हासिल की जा रही थी। यह कैसे प्राप्त किया जा सका, इसका अध्ययन अभी भी भारत और दुनिया भर में किया जा रहा है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## हवा च गलां


अनिल शर्मा नील

*बड़ियां बड़िया फाड़ा मारदा सै*
*माहणु अज केहड़ा परेड़दा सै।*
*हवा च गलां करदा फिरदा*
*जमीना ने जुड़िरा दसदा सै।*
*जगे-जगे लंगर लगांदा रेहंदा*
*अम्मा बापू वृद्धाश्रमा छड़दा सै।*
*पाप पद्रब हुंदे देखदा रेहंदा*
*गंदारीया साई पट्टी बनी रखदा सै।*
*सच्चे जो छेंगड़ कड़दा रेहंदा*
*रोब दस्सी झूठा दड़कांदा सै।*

# नकली दवा के असली सौदागरों पर कसे सख्त नकेल


लेखक : ऋतुपर्ण दवे
(लेखक,स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

इसे व्यवस्था की नाकामी कहें या भ्रष्टाचार का खेल, लेकिन सच्चाई यही है कि इंसान की जान से बेपरवाह लोग, पैसे की हवस के आगे दरिंदे बन मौत के सौदागर तक बन जाते हैं। कैंसर की नकली दवा बनाने वाले गिरोह के राष्ट्रीय राजधानी में पकड़े जाने के बाद लोग हैरान-परेशान हैं। यूं तो भारत में नकली दवाओं के खेल का सिलसिला लंबे वक्त से जारी है, जो रुकने का नाम नहीं ले रहा। इसका दूसरा पहलू यह भी कि इसे रोकने की खातिर लंबे-चौड़े अमले पर भारी भरकम खर्च और सख्त कानून के बावजूद जारी रहना खुद में बड़ा सवाल है। शासन-प्रशासन के नुमाइंदे नक्कालों से सावधान का राग अलापते रहें तो अटपटा जरूर लगता है।

दिल्ली पुलिस ने हाल ही में तमाम सुबूतों के साथ कैंसर की नकली दवा बनाने वाले जिस गिरोह का पर्दाफाश किया, उसमें 12लोग शामिल हैं। दुखद यह कि आरोपियों में दो जाने-माने कैंसर अस्पताल के कर्मचारी हैं। निश्चित रूप से पूरा गैंग सारी तैयारियों से इस काम में जुटा था। पिछले साल विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भारत में बिक रही कैंसर और लिवर की नकली दवाओं को लेकर चेताया था। नकली दवाओं के असली निर्माताओं ने भी दावा किया था कि उनके नाम व ब्रांड पर भारत में नकली दवाओं का असली खेल चल रहा है, तब कुछ ठोस कार्रवाई होती दिखी नहीं। शर्मनाक यह भी कि भारत के औषधि महानियंत्रक यानी ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया तक बेसुध रहे कि कैंसर तथा लिवर के नकली इंजेक्शन धड़ल्ले से और खुलेआम कैसे बिक रहे हैं। संगठन ने चेताया लेकिन यहां किसे होश आया? यह तो ठीक वैसा ही हुआ, जैसे कोरोना के नकली रेमेडिसविर इंजेक्शन ने न जाने कितनों की जान ले ली और जिम्मेदार बेसुध रहे? संगठन की चेतावनी के बाद यह जरूर माना गया था कि देश में कैंसर में इस्तेमाल होने वाला इंजेक्शन एडसेट्रिस के आठ अलग-अलग नाम व प्रकार के नकली उत्पाद सहित लिवर की नकली दवा डिफिटेलियो भारतीय बाजार में मौजूद हैं। सवाल यही कि जानकर भी महकमे ने क्या किया?

यकीनन दिल्ली पुलिस ने काबिल-ए-तारीफ काम किया है। दिल्ली में पकड़े गए इस अकेले गिरोह ने दो साल में ही करोड़ों रुपए की दौलत बनाई। भारतीय नेशनल कैंसर रजिस्ट्री प्रोग्राम के केवल दो वर्ष के आंकड़े बताते हैं कि 2020 से 2022 के दौरान देश में 23 लाख 67 हजार 990 लोगों की मौत कैंसर के किसी न किसी प्रकार से हुई। भला कैसे पता चलेगा कि इनमें नकली दवा से कितनों की जानें गईं, शायद कभी नहीं। बड़ा सवाल यह कि हराम की कमाई के चक्कर में खुलेआम आंखों में धूल झोंकने वाले ये मौत के सौदागर कभी फांसी के फंदे तक पहुंच पाएंगे? इन्हें नजरअंदाज करने वाले जिम्मेदारों पर भी क्या कभी फंदा कसेगा?

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# 'जय जवान जय किसान' के नारे में लुप्त हो रहा किसान


लेखक : राकेश मनहास
वरिष्ठ प्रबंधक, केसीसी बैंक थुरल

सदियों से सुनते आए हैं हमारा भारत कृषि प्रधान देश हुआ करता था। यहां के लोगों का मुख्य पेशा खेतीबाड़ी था और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का 'जय जवान जय किसान' का नारा तो खूब गूंजता था, लेकिन आज खाली बंजर पड़े खेतों खलिहानों को देख कर ऐसा लगता है जैसे उपरोक्त नारे से जय किसान कहीं लुप्त हो गया लगता है। कृषि विज्ञान में असीमित उन्नति के उपरांत भी बंजर पड़ी भूमि तो यही कहानी बयान करती है। जहां झूमते खेतों में कभी लकदक गेहूं और सरसों आदि फसलें लहराया करतीं थीं। वह सोना उगलती जमीन अब या तो आलीशान रिहायशी मकानों, उद्योगों की बहुमंजिला इमारतों, सरकारी और गैर सरकारी होटलों ने घेर ली है या फिर मालिकों द्वारा खुले छोड़े गए आवारा मवेशियों का ही बसेरा बन चुकी है।

भारत एक कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था है, इसकी 55 प्रतिशत से अधिक आबादी कृषि में लगी हुई है। भले ही कृषि कुल सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में लगभग 17 प्रतिशत का योगदान देती है, 2011 की जनगणना के अनुसार 2,000 किसान हर दिन खेती छोड़ देते हैं और यह दर्शाता है कि यह एक चुनौतीपूर्ण पेशा है। भारत सरकार के आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले पांच दशक में करीब 17 फीसदी किसानों ने खेती छोड़ दी है। बहुत से ऐसे कारण हैं जिनकी वजह से आज का किसान खेतीबाड़ी से विमुख हो रहा है।

एक कारण जो मेरी समझ में आ रहा है वह है एकल परिवार का बढ़ता चलन। संयुक्त परिवार प्रणाली में बहुत से जन एक घर में रहते थे। अनाज और अन्य खाद्य सामग्री की मांग भी अधिक रहती थी और परिवार का हर सदस्य बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के लिए मेहनत करता था। सभी जन मिल-जुलकर काम करते थे और खेतीबाड़ी सभी सदस्यों के सहयोग से बड़ी आसान हुआ करती थी। एकल परिवार में अकेला चना भाड़ नहीं फोड़ सकता वाली कहावत यहां चरितार्थ होती है। परिवारों के बंटवारे से जैसे ही खेती की जुताई छोटी होती है, तो वहीं खेती में मशीन व तकनीक के उपयोग की लागत बढ़ जाती है। इसी के चलते किसान खेती से बाहर निकल कर वैकल्पिक रोजगार की तलाश में खेत बेचकर बड़े शहरों की राह पकड़ता है।

आवारा पशु भी एक नई समस्या के रूप में उभरे हैं। एक तो छोटा-सा खेत, वह भी प्रकृति की कृपा पर आश्रित और उसमें भी गाय-बैलों या बंदरों का झुंड घुस गया तो किसान बर्बादी अपनी ही आंखें के सामने देखता रह जाता है। जलवायु परिवर्तन के चलते भी मौसम का गड़बड़ाता मिजाज खेती के लिए बड़ा संकट बन गया है। मौसम का बदलता अंदाज भी किसानों के समीकरण बदल कर रख देता है। मौसम की मार जैसे कभी बाढ़ कभी सूखा कभी पाला और सरकार की अनदेखी और लगातार हो रहे घाटे के कारण फसलों के उचित मूल्य न होने के कारण उच्च शिक्षा और पर्याप्त रोजगार न होने के कारण किसान खेतीबाड़ी करना छोड़ रहे हैं। इससे केवल देश को अन्न उपलब्ध कराने की क्षमता ही नहीं, कृषि पर लोगों की निर्भरता भी घटी है। इस कारण खेती के काम में लगे लोग रोजगार की तलाश में पलायन कर रहे हैं। कहीं विकास के नाम पर तो कहीं शहरीकरण की चपेट में खेत सिमट रहे हैं। खेती में फायदा न देखकर उससे विमुख हो रहे लोगों की संख्या साल-दर-साल तेजी से बढ़ रही है। जोखिम और सामाजिक स्थिति की कमी के कारण बहुत से किसान खेती को एक पेशे के रूप में नापसंद करते हैं, फिर भी वे कृषि के बाहर अवसरों की कमी के कारण इसे जारी रखते हैं। दूसरा खेतीबाड़ी में राजनीति का प्रवेश। कुछ लोग जिन्हें कृषि का ज्ञान भले ही न हो, लेकिन किसानों के हितैषी बन कर अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का काम करते रहते हैं। किसानों के हक में नारे लगाने वाले सिर्फ अपना राजनीतिक साम्राज्य चमकाने में लगे हैं।

कृषि विज्ञान में अत्यधिक उन्नति से जहां उत्पादों की गुणवत्ता में कमी आई है, वहीं परिमाण में असीम वृद्धि हुई है। परिमाण में वृद्धि से मांग कम हुई है और उचित मूल्य भी किसानों को नहीं मिल रहा है जिस कारण भी किसान विमुख हो रहा है। आज का किसान रासायनिक खादों के गैर नियोजित अंधाधुंध उपयोग के कारण जमीन के क्षारीय होने की समस्या बढ़ने से भी चिंतित है। ऐसी जमीन पर कुछ भी उगाना नामुमकिन ही होता है। हरित क्रांति के नाम पर जिन रासायनिक खादों द्वारा अधिक अनाज पैदा करने का नारा दिया जाता है, वे रसायन भी जमीन की कोख उजाड़ने के जिम्मेदार हैं। जैविक खेती का नया नाम किसानों को सरकारी एवं गैर संस्थाएं सुनियोजित तरीके से सिखा रही हैं और वांछित परिणाम भी सामने आ रहे हैं।

किसान को सही मायने में परिभाषित करना भी मुश्किल लगता है। किसान उसे कहा जाना चाहिए जो खेतों में पसीना बहाता है, लेकिन आजकल बिचौलिए कम मूल्य में कृषि उत्पादों को खरीद कर जमाखोरी के माध्यम से अधिक लाभ अर्जित करने के चक्कर में खुद को किसान कहते हैं।

कृषि मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार कोरोना काल में आवश्यक कृषि उत्पादों के निर्यात में पिछले वर्षों की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई थी, जो हमारे किसानों की दक्षता को दर्शाता है। जरूरत है आज फिर से कृषि को अपनाने की और किसानों को सम्मानित करने की। उन्हें उत्साहित और प्रोत्साहित करने की ताकि देश के किसान के साथ-साथ हर आम भारतीय समृद्ध और खुशहाल हो सके।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# हंस खो रहे भीड़ में, कौओं को मिल रहा मंच


नरेंद्र भारती
वरिष्ठ पत्रकार, मंडी

आज हंस भीड़ में खोते जा रहे हैं, कौओं को मंच मिल रहा है। हजारों कंस पैदा हो रहे हैं, एक कृष्ण कुछ नहीं कर सकता। आज कतरे भी खुद को दरिया समझने लगे हैं, लेकिन समुद्र का अपना आस्तित्व है। मानव आज दानव बनता जा रहा है। संवेदनाएं दम तोड़ रही हैं। मानव आज लापरवाही से जंगलों में आग लगा रहा है जिसमें हजारों जीव-जंतु जलकर राख हो रहे हैं।

जंगली जानवर शहरों की ओर भाग रहे हैं, जबकि सदियां गवाह हैं कि शहरों व आबादी वाले इलाकों में ये कभी नहीं आते थे। मानव ने जब जानवरों का भोजन खत्म कर दिया। जीव-जंतुओं को काट खाया तो जंगली जानवर भूख मिटाने के लिए आबादी का ही रुख करेंगे, नरभक्षी बनेंगे। आज संवेदनशीलता खत्म होती जा रही है। आज मानव मशीन बन गया है। निजी स्वार्थों के आगे अंधा हो चुका है तथा अपने ऐशो आराम में मस्त है। दुनिया से कोई लेना-देना नहीं है। संस्कारों का जनाजा निकाला जा रहा है। मर्यादाएं भंग हो रही हैं। मानव सेवा परम धर्म है। आज लोग भूखे प्यासे मर रहे हैं। दो जून की रोटी के लिए तरस रहे हैं। भुखमरी इतनी है कि शहरों में आदमी व कुत्ते लोगों की फेंकी हुई जूठन तक एक साथ खाते हैं। आज मानव भगवान को न मानकर मानव निर्मित तथाकथित भगवानों को मान रहा है। आज मानव इतना गिर चुका है कि रिश्ते नाते भूल चुका है। रिश्तों में संक्रमण बढ़ता जा रहा है। मानव जमीन के लिए खून कर रहा है। कई पीढ़ियां गुजर गईं, मगर आज तक न तो जमीन किसी के साथ गई, न जाएगी। फिर यह नफरत व दंगा फसाद क्यों हो रहा है। मानव, मानव से भेदभाव कर रहा है।

ऊंच-नीच का तांडव हो रहा है। खून का रंग एक है, फिर भी यह भेदभाव क्यों? यह बहुत गहरी खाई है, जिसे पाटना सबसे बड़ा धर्म है। आज लोग बिलासिता पर हजारों-लाखों रुपए पानी की तरह बहा देते हैं, मगर किसी भूखे को एक रोटी नहीं खिला सकते। शराब पर पैसा उड़ा रहे हैं। अनैतिक कार्यों से पैसा कमा रहे हैं। पैसा पीर हो गया है। भूखे को यदि रोटी दे दी जाए, तो भूखे की आत्मा की तृप्ति देखकर जो आनंद प्राप्त होगा, वह सच्चा सुख है। आज प्रकृति से छेड़छाड़ हो रही है। प्रकृति के बिना मानव प्रगति नहीं कर सकता। प्रकृति एक ऐसी देवी है, जो भेदभाव नहीं करती तथा प्रत्येक मानव को बराबर धूप व हवा दे रही है। मानव कृतध्न बनता जा रहा है। मंदिरों में दुष्कर्म हो रहे हैं। आज मानव स्वार्थ की पट्टी के कारण अंधा होता जा रहा है। गाय पर अत्याचार हो रहा है। मानवीय मूल्यों का पतन होता जा रहा है। नफरत को छोड़ देना चाहिए। प्रत्येक मनुष्य की सहायता करनी चाहिए। भगवान के पास हर चीज का लेखा-जोखा है। ईश्वर की चक्की जब चलती है, तो वह पाप व पापी को नष्ट कर देती है। इंसानियत व मानवता सबसे बड़ा धर्म है। कहते हैं दुनिया में कोई ऐसी शक्ति नहीं है, जो इंसान को गिरा सके। इंसान, इंसान द्वारा ही गिराया जाता है।

दुनिया में ऐसा नहीं है कि सभी लोग बुरे हैं, इस जगत में अच्छे-बुरे लोगों का संतुलन है। आज संस्कारों का चीरहरण हो रहा है। खूनी रिश्ते खून बहा रहे हैं। संस्कृति का विनाश हो रहा है। दया, धर्म, ईमान का नामोनिशान मिट चुका है। यह मानवीय मूल्यों की त्रासदी है। इस त्रासदी को रोकना होगा, ताकि इंसानियत जिंदा रहे। दुनिया में लोगों की सोच बदलती जा रही है। निजी स्वार्थों के लिए कई जघन्य अपराध हो रहे हैं। बुराई का सर्वत्र बोलबाला हो रहा है। आज ईमानदारों को मुख्यधारा से हाशिये पर धकेला जा रहा है। गिरगिटों व बेइमानों को गले से लगाया जा रहा है। विडंबना देखिए कि आज इंसान रिश्तों को कलंकित कर रहा है। भाई-भाई के खून का प्यासा है। जमीन जायदाद के लिए मां-बाप को मौत के घाट उतारा जा रहा है। आज माता-पिता का बंटवारा हो रहा है। आज बुजुर्ग दाने-दाने को मोहताज हैं। कलयुगी श्रवणों का बोलबाला है। आज संतानें मां-बाप को वृद्ध आश्रमों में भेज रही हैं। शायद यह बुजुर्गों का दुर्भाग्य है कि जिन बच्चों की खातिर भूखे प्यासे रहे, पेट काटकर जिन्हें सफलता दिलवाई, आज वही संतानें घातक सिद्ध हो रही हैं। मां-बाप दस बच्चों को पाल सकते हैं, लेकिन दस बच्चे मां-बाप का बंटवारा कर रहे हैं। इंसान पशु से भी बदतर होता जा रहा है। आज पैसे का बोलबाला है। ईमानदारी कराह रही है। अच्छाई बिलख रही है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें।**
***editoranantgyaan@gmail.com***

## अपनी बात

**बढ़ती** हुई जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बड़े पैमाने पर साधनों और संसाधनों का विकास आवश्यक है। विकास के कई आयाम हैं और सभी प्रकार के साधनों व संसाधनों की पूर्ति के लिए मानव पूरी तरह से प्रकृति पर निर्भर करता है। वर्तमान में विकास के लिए और मानव जीवन की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए प्रकृति के साथ अवैज्ञानिक ढंग से किया जा रहा खिलवाड़ निश्चय ही एक गंभीर चुनौती बन गई है। आलम यह है कि बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई व पहाड़ों का कटाव प्रकृति के स्वरूप के साथ खिलवाड़ कर रहा है। परिणाम स्वरूप असमय वर्षा व भूस्खलन से मानव जाति के अस्तित्व को खतरा पैदा हो रहा है। विकास जो मानव जीवन जीने में ही रोड़ा बन जाए। वह किस हद तक न्यायोचित हो सकता है, यह अत्यंत चिंतनीय विषय है। आज घटित हो रहीं अप्राकृतिक घटनाओं से मानव जीवन निसंदेह खतरे में पड़ गया है। विकास के साथ जुड़े लोगों, शासन व प्रशासन को इस मुद्दे को गंभीरता से लेना चाहिए। विकास की अवधारणा में परिवर्तन के कई आयाम शामिल हैं, जिसमें धन का सृजन (अर्थात, तीव्र और निरंतर आर्थिक विकास) शामिल है। **–विक्रम, चंबा।**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# रेहड़ी-फड़ी वालों ने बिगाड़ा जिला मुख्यालय का स्वरूप

**आरके रांगड़ा, चंबा**

शहर परिसर में परमिट धारकों की आड़ में बिना परमिट व्यवसाय करने वाले कई व्यवसायियों ने मुख्यालय के कई क्षेत्रों संकरी स्थल में परिवर्तित कर डाला है। शहर परिसर का बिगड़ते स्वरूप, स्थल व मार्गो को संकरीपन से संरक्षण दिलवाने के लिए हालांकि नप चंबा द्वारा योजना तैयार की गई है, लेकिन नप परमिट व्यवसायों को निर्धारित स्थलों एवं दायरे में व्यवस्थित नहीं किया जा सका है, जिससे परमिट धारकों व बिन परमिट धारकों के कारण जहां नागरिकों के आवागमन में असुविधा हो रही है।

वहीं मुख्यालय के अग्निशमन केंद्र स्थल की बात करें तो यहां रेहड़ी-फड़ी मार्कीट पूरा बाजार ही बन गया है, जिसमें आपातकालीन स्थिति में अग्निशमन वाहनों को निकालने तक में अक्सर विलंब हो जाता है।

शहर परिसर में अलग-अलग स्थलों पर व्यवसाय कर रहे लोगों पर कार्रवाई के नाम पर कई बार नप द्वारा सामान जब्त करने से लेकर चालान आदि काटने की प्रक्रिया अमल में ला चुकी है, लेकिन इसके बावजूद भी बिना परमिट धारकों की फौज परिसर में कम होने का नाम नहीं ले रही है। (अनंत ज्ञान)


मुख्य डाक कार्यालय व अग्निशमन केंद्र मार्ग पर रेहड़ी धारकों ने किया हुआ कब्जा।

### नगर परिषद ने परमिट व बिना परमिट धारकों का विवरण एकत्रित करने की प्रक्रिया की शुरू

**नगर** परिषद ने इस दिशा में कवायद आरंभ करते हुए शहर परिसर में स्थित परमिट व बिना परमिट धारकों का विवरण एकत्रित करने की प्रक्रिया आरंभ की है, जिन्हें शहर के स्वरूप को संरक्षण प्रदान करने के तहत नए सिरे से व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे शहर की सुंदरता बरकरार रहने सहित स्वरोजगार से जुड़े रेहड़ी-फड़ी व्यवसायों को भी दिक्कत न हो। मगर इस प्रक्रिया में बिना परमिट धारक पर गाज गिरनी तय है।

परमिट व बिना परमिट दोनों धारकों का विवरण एकत्रित किया जा रहा है। जिसके पूर्ण होने पर शहर परिसर को संरक्षण प्रदान करने की योजना पर आगामी कार्य शुरू होगा, जिसमें बिना परिमट वाले रेहड़ी-फड़ी धारकों को हटाया जाएगा। वहीं अग्निशमन केंद्र परिसर समीप निरीक्षण करवा उचित करवाई अमल में लाई जाएगी।



**-नीलम नैय्यर, अध्यक्ष नगर परिषद चंबा**

# चुवाड़ी में यातायात जाम हुआ आम

**बबलू पठानिया, चुवाड़ी**

भटियात विधानसभा क्षेत्र के उपमंडल चुवाड़ी बाजार में यातायात जाम होना आम सी बात हो गई है। जिससे बाजार आने वाले वाहन धारकों से हर नागरिक हर रोज परेशानी के आलम को झेल रहा है। लेकिन इस जटिल समस्या का कोई भी स्थायी समाधान नहीं निकल पा रहा है।

बाजार में यातायात जाम लगने से सिविल अस्पताल व बस अड्डे से आने-जाने वाहन एक समय एक स्थान पर एकत्रित हो जामते है। जोकि जाम का मुख्य कारण है। स्थानीय लोगों व राहगीरों ने उपमंडल प्रशासन व पुलिस थानाचुवाड़ी से गुहार लगाई है कि उक्त मार्ग पर यातायात लाइट की व्यवस्था ही एकमात्र हल है। जिसके स्थापित होने से सिगनल मिलने के बाद ही एक ओर से वाहन आ जा सकेंगे।

वहीं बाजार परिसर में पार्क होने वाले वाहनों पर भी अकुंश लगाया जाए, ताकि चुवाड़ी बाजार में आवगमन करने वाले वाहन धारकों व राहगीरों को यातायात जाम समस्या से सथायी रूप से निजात मिल सकें। (अनंत ज्ञान)


उपमंडल चुवाड़ी के बाजार में लगा यातायात जाम।

चुवाड़ी बाजार परिसर मार्ग पर लगने वाले यातायात जाम समस्या को हल करने के लिए यातायात लाइट लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय से पत्राचार किया गया है। जिसके चलते जल्द यातायात लाइट लग जाएंगी। वहीं स्थानीय सहयोग के लिए बैठक रखी गई है। जिसमें सर्वसम्मति व सभी सहयोग से इस समस्या का समाधान किया जाएगा।

**-रमन चौधरी, एसएचओ, थाना चुवाड़ी।**

## न्यूज ब्रीफ

### गरोला में प्रशिक्षित किए स्वयंसेवी प्रशिक्षु



**भरमौर।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत शिक्षा खंड गरोला में स्वयं सेवक शिक्षकों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी गरोला संजय कुमार ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर पुरुषोत्तम कुमार ने स्वयं सेवकों को नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की।

### सेवानिवृत्त पुलिस कर्मचारियों ने की बैठक



**चंबा।** जिला चंबा के पुलिस सेवानिवृत्त कर्मचारियों की त्रैमासिक बैठक प्रधान पुलिस सेवानिवृत्त कर्मचारी व रिटायर्ड पुलिस अधीक्षक परसराम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सेवा निवृत पुलिस कर्मचारियों द्वारा पुलिस सैलरी पैकेज स्कीम जो हिमाचल पुलिस के डीजीपी और कुछ बैंक के साथ एमओयू के बारे में चर्चा की गई। वहीं सभी पेंशनर्स को स्कीम के बारे में अवगत करवाया गया। इस मौके पर बैठक में सेवानिवृत्त पुलिस अधीक्षक जर्म सिंह, सेवानिवृत इंस्पेक्टर बलदेव राम, हेमराज, जगदीश, ओंकार सिंह, टेकचंद, अशोक, देशराज, आदि शामिल हुए।

### गिरजाघर में गुड फ्राई-डे पर विशेष प्रार्थना सभा

**चंबा।** ऐतिहासिक गिरजाघर चंबा में गुड फ्राई-डे पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा। ऐतिहासिक गिरजाघर के पादरी शमशेर मशीन ने बताया कि गुड फ्राई-डे पर दोपहर 12.00 से 3.00 बजे तक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया जाएगा जिसमें प्रभु यीशू मसीह के जीवन कल से लेकर उनके अंतिम दिन तक जीवनकाल के तहत विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला जाएगा।

# हाईवे निर्माण में भू-माफिया बना रोड़ा

## पठानकोट-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग निर्माण कार्य में हो रहा विलंब

**एमएम डैनियल, चंबा**

पठानकोट-चंबा-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग निर्माण कार्य में भू-माफिया सबसे बड़ा रोड़ा बनते प्रतीत हो रहे है। इसके कारण राष्ट्रीय उच्च मार्ग निर्माण कार्य में विलंब हो रहा है। एनएच मार्ग संबंधी नियमों को तोड़ने की भनक समूचे जिला प्रशासन व कई जिम्मेदार विभागों को हैं। लेकिन हैरानी की बात है कि भू-माफिया ने अधिकांश स्थलों पर सरकारी जमीनों को ही अपना निशाना बनाया हैं। जिसकी भनक लगते ही सरकार ने जिला प्रशासनिक अधिकारियों व संबंधी विभागों द्वारा कब्जे छुड़वाने के निर्देशों से अधिकारियों सहित भू-माफियों में हड़कंप मच गई हैं।

गौर हो कि प्रशासनिक व विभागीय अधिकारियों में इस दिशा में हड़कंप मचने की मुख्य वजह जाने-अंजाने व भावनाओं में बह कर कई विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों ने ही भू-माफियों की अवैध कब्जों में जड़े एक समय मजबूत की हैं। जिसका उदाहरण भू-माफिया हाइवे मार्ग के बहुत बड़े हिस्से पर कब्जा करने के साथ ही वहां बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी कर चुके है, तो वहीं निर्मित इमारतों में बिजली-पानी तक के कनेक्शन लग चुके हैं। इन कनेक्शनों की फाइल नगर नियोजन कार्यालय से होते हुए नगर परिषद और बिजली बोर्ड तक पहुंची हैं।

एनएच मार्ग निर्माण शुरू होने से अब जाकर जिला प्रशासन से लेकर संबंधित विभाग तक की आंख खुली है। जिसके चलते इस दिशा में अपना बचाव करते हुए जिला प्रशासन व लोनिवि चंबा सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने में जुट गए है। (अनंत ज्ञान)



### विभाग के पास पहुंचीं शिकायतें

एनएच व लोक निर्माण विभाग के पास इस संबंध में कई शिकायतें पहुंची हैं और विभाग ने अब राजस्व विभाग के साथ मिलकर इन मामलों को खंगालने का फैसला किया है। विभाग उन सभी भू-माफिया से जमीन वापस हासिल करने के मूड़ में है, जिन्होंने सरकारी जमीन पर जबरन कब्जा जमा रखा है। जिसके चलते विभाग द्वारा इस दिशा में लोस आचार संहिता लागू होते ही कार्रवाई तेज कर दी है।

हाईवे मार्ग पर कब्जे की इजाजत नहीं दी जाएगी और यदि किसी ने कानून तोड़ कर ऐसा निर्माण किया है तो विभाग उसे नोटिस जारी किए। जबकि इस संदर्भ में राजस्व विभाग के संग संयुक्त पैमाइश में अवैध कब्जाधारियों के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाते हुए एनएच अधीन आने वाली भूमि को अधिग्रहण किया जा रहा है।

**-राजीव कुमार, अधिशाषी अभियंता एनएच चंबा**

### एनएच नियमों के अनुसार पांच मीटर की दूरी होना जरूरी

वहीं अगर एनएच नियमों की बात करें तो हाईवे मार्ग के किनारे बनी इमारतों में नियमों के हिसाब से पांच मीटर की दूरी होना अनिवार्य है। मगर अब भी कई इलाके ऐसे हैं, जिनमें सरकारी नियम माफिया की जेब में पड़े हैं। जमीन पर कब्जा करने के साथ ही बिना नक्शे के इमारतें बनवा ली गई है।

हैरानी की बात यह है कि भू माफिया सरकारी हुक्मरानों से बिजली के मीटर तक लगाने में कामयाब हो गए हैं। जबकि अब जागने के बाद विभाग इस पूरे प्रकरण की जांच की बात कर रहा है।

दरअसल, नियम के मुताबिक सड़क के किनारे लोक निर्माण विभाग ने इमारत बनाने के लिए पांच मीटर की दूरी जो हाईवे में आती है उसे छोड़ने का नियम है। इस नियम के तहत बनने वाली इमारत का पहले नक्शा बनाया जाता है और यह नक्शा नगर नियोजन विभाग की देखरेख में पास किया जाता है। इसके बाद नक्शे के हिसाब से इमारत बनाई जाती है और इमारत का काम पूरा होने के बाद उसी नक्शे के आधार पर बिजली-पानी के मीटर लगाने की शहर के हिसाब से नगर परिषद व पंचायत क्षेत्र के मुताबिक सीधा विभागों द्वारा ही स्वीकृति दी जाती है। मगर चंबा में यह नियम कहीं भी अमल में नहीं लाए जा रहे हैं। नक्शा पास होने से पूर्व ही इमारत का निर्माण हो रहा है। निर्माण के बाद बिजली के कनेक्शन भी हासिल किए जा रहे हैं।

# लोग चुनावों में मतदान प्रतिशत में करें सुधार : डॉ. आकाश


समलेउ क्षेत्र में मतदाताओं को जागरूक करते हुई स्वीप टीम।

**अनंत ज्ञान, चुवाड़ी**

स्वीप टीम भटियात ने मिशन 414 के संबंध में नोडल अधिकारी डॉ. आकाश दीप शर्मा की टीम के सदस्यों ने समलेउ का दौरा किया।

इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ. आकाश दीप शर्मा द्वारा मतदाता हेल्पलाइन ऐप और चुनावी भागीदारी के संबंध में विस्तृत जानकारी के साथ हस्ताक्षरित कैपेन दिया गया। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से बूथ अवेयरनेस ग्रुप का भी गठन किया गया।

डॉ. आकाश दीप शर्मा ने विभिन्न मुद्दों को स्वीकार किया और स्थानीय लोगों से आगामी संसदीय चुनावों में मतदाता प्रतिशत में सुधार करने का आग्रह किया। उन्होंने दूर-दराज के क्षेत्र में लोगों तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचने के लिए संपूर्ण स्वीप टीम के सदस्यों, एआरओ भट्टियात-श्री पारस अग्रवाल को आवश्यक व्यवस्थाएं करने के लिए धन्यवाद दिया तथा डीईओ-श्री. मुकेश रेस्पवाल को क्षेत्र दौरे के लिए मार्गदर्शन और प्रोत्साहन देने के लिए धन्यवाद भी किया।

वहीं विपन, बीएलओ कंचन, स्थानीय प्रधान नरेंद्र, महिला मंडल प्रधान नीलम देवी ने बताया कि इस क्षेत्र में समलेउ, संजपोई और कपेई सहित चार गांव शामिल हैं। इस क्षेत्र की अधिकांश आबादी एनएचपीसी श्रमिकों की है जिन्हें क्षेत्र से स्थानांतरित या स्थायी रूप से स्थानांतरित कर दिया गया है।

मतदाताओं की संख्या के साथ-साथ एक बूथ नं. केंद्रीय विद्यालय समलेउ में 1 को स्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। मतदाताओं की अद्यतन सूची का विवरण-मतदाताओं की प्रारंभिक संख्या 814 हटाई गई संख्या।

# विद्यालय प्रबंधन समितियां सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ( चंबा ) पांगी**

आवासीय आयुक्त रितिका जिंदल की अध्यक्षता में आज राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय किलाड़ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बेहतर कार्यों को लेकर विद्यालय प्रबंधन समितियों (एस.एम.सी) को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। आवासीय आयुक्त ने शैक्षणिक सत्र 2023-24 में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विद्यालय प्रबंधन समितियों को पुरस्कृत किया।

रितिका जिंदल ने विद्यालय प्रबंधन समितियों की भूमिका, जिम्मेदारियों व विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में उनके योगदान पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान एस.एम.सी. उच्च शिक्षा (सेकेंडरी) वर्ग में राजकीय उच्च विद्यालय मिंधल प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेचु दूसरे और राजकीय उच्च विद्यालय टूंडरू तीसरे स्थान पर रहे।

वहीं एस.एम.सी. प्रारम्भिक (एलिमेंट्री)शिक्षा वर्ग में राजकीय माध्यमिक विद्यालय थांदल प्रथम, राजकीय माध्यमिक विद्यालय शूण दुसरे व राजकीय माध्यमिक विद्यालय कवास तीसरे स्थान पर रहे।

इसी तरह उत्कृष्ट सेवाओं के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करयूणी में कार्यरत प्रवक्ता इतिहास राम नाथ और राजकीय उच्च विद्यालय मिंधल से टी.जी.टी कला केवल राम को भी सम्मानित किया गया।


बेहतर कार्यों के लिए समीति सदस्यों को सम्मानित करते रितिका जिंदल व अन्य।

# बाथरी बाजार में नहीं शौचालय, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

विकासखंड भटियात के अंतर्गत ग्राम पंचायत बाथरी मुख्य बाजार में एक भी सार्वजनिक शौचालय न होने की वजह से बाजार में आए खरीदारी करने लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस संबंध में ग्राम पंचायत उप प्रधान अतुल शर्मा ने बताया कि ग्राम पंचायत के पास जगह नहीं है जो बाजार के साथ लगती हो और जो जगह है वहां स्थानीय लोगों द्वारा आपत्ती जताई जा रही है किंतु फिर भी ग्राम पंचायत बाथरी कोशिश कर रही है। ग्राम पंचायत द्वारा इस संबंध में एनएच प्राधिकरण से भी संपर्क साधा गया है जैसे ही वहां से कोई सकारात्मक संदेश आता है वैसे ही हम कार्य को अंजाम दे देंगे। तो वहीं स्थानीय व्यापारियों एवं लोगों की माने तो यह एक विकट समस्या है जिसका निपटारा ग्राम पंचायत बाथरी को जल्द करवाना चाहिए। क्योंकि बाथरी बाजार क्षेत्र का व्यस्त रहने वाला बाजार है जहां सोना चांदी की आभूषणों हेतु लोग दूर-दूर से बाथरी का रुख करते हैं।

यह एक हैरानी का विषय है कि इतनी सुदृढ़ पंचायत होने के बावजूद भी एकमात्र सार्वजनिक शौचालय का ना होना अपने आप में कई सवालिया निशान उठाता है जबकि केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा की लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं जिसके अंतर्गत सार्वजनिक शौचालय के लिए पैसा तुरंत दिया जाता है।

# सड़क हादसे में छह लोग घायल

**गोहर।** सिराज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मंडी जंजैहली सड़क मार्ग पर गलशाक्ररा के पास एक कार सड़क से नीचे गिर गई, जिसमें ड्राइवर सहित छह व्यक्ति स्वार थे।

कार को रोहित सकलानी पुत्र विजय कुमार गांव तन अमरोहा डाकघर अमरोह तहसील भोरंज जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश चल रहा था, इसके साथ साक्षी पुत्री विजय कुमार गांव तनअमरोहा, कृतिका पुत्री अजय ठाकुर अभय पुत्र उत्तम सिंह ठाकुर, दृशान ठाकुर पुत्र अजय ठाकुर गांव तनअमरोहा डाकघर अमरोह तहसील भोरंज जिला हमीरपुर हिमाचल प्रदेश व मुस्कान पुत्री चमन लाल गांव गुड्डी पोंटा तहसील सरकाघाट जिला मंडी हिमाचल प्रदेश सवार थे। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया।

# कबड्डी टीम के कप्तान रोहित कुमार का किया स्वागत

**अनंत ज्ञान, चंबा**



खेलो इंडिया सेंट्रल चमीणू में हिमाचल प्रदेश कबड्डी टीम कप्तान रोहित कुमार का गृह जिला पहुंचने पर खिलाड़ियों व केंद्र प्रबंधन सदस्यों ने स्वागत किया गया।

गौर हो कि हिमाचल प्रदेश कबड्डी टीम कप्तान रोहित कुमार चमीणू गांव का रहने वाला है। हाल ही में आयोजित हुई सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की टीम की ओर से कप्तान की भूमिका निभाई है। रोहित की अगुवाई में हिमाचल की टीम ने प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

इस अवसर पर कबड्डी एसोसिएशन चंबा के सह सचिव ओम तथा उपाध्यक्ष मोहम्मद रफी ने रोहित की उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों के बावजूद रोहित ने यह उपलब्धि हासिल कर इतिहास रच दिया है। रोहित जिला चंबा के युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत भी बना है। उन्होंने रोहित पर विश्वास जताने के लिए प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार और सचिव कृष्ण लाल ठाकुर सहित सिलेक्शन कमेटी के सभी पदाधिकारीयों का आभार प्रकट किया है।

## सूडोकु 0016 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | 8 | | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
■ पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0015 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

**अनंत ज्ञान**

## आज का पंचांग

29 मार्च, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** चैत्र, **तिथि :** चतुर्थी : **नक्षत्र :** विशाखा (08:36), **पक्ष** : कृष्ण, योग वज्र (11:10) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (12:01-12:50), राहुकाल 10:53 - 12:25।

### विशेष दिन

» 29 मार्च 2020 को दूरदर्शन के प्रसिद्ध धारावाहिक रामायण में सुग्रीव की भूमिका निभाने वाले कलाकार श्याम सुंदर कलानी का निधन हुआ।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष :** कार्यस्थल पर पदोन्नति संभव है। राजकार्य में अटकले आ सकती है। कोई है जो आपकी उन्नति नहीं चाहता। संतान की शिक्षा की चिंता रहेगी।

**वृषभः** अपनों से धोखा मिल सकता है। कर्ज संबंधी दस्तावेज अटक सकते है। कार्यस्थल पर कोई बड़ी घटना के आसार हैं, संभल कर रहें।

**मिथुनः** मनोरंजन का वक्त नहीं है, ध्यान अपने करियर पर दें। व्यस्तता के चलते आज भी कार्य पूर्ण नहीं हो पाएंगे। लाभकारी अवसर मिल सकते है।

**कर्क :** आकस्मिक यात्रा के योग हैं। मानसिकता को बदलने की जरूरत । व्यवहार को नम्र बनाएं। जीवनसाथी के सहयोग से कार्यस्थल पर लाभ होगा।

**सिंह:** लेन-देन में सतर्क रहें। कोई विश्वासघात कर सकता है। रुके कार्यों में गति आएगी। दुकान भवन की मरम्मत में धन खर्च होगा।

**कन्या :** धार्मिक अनुष्ठानों में रुचि उन्नति प्रदान करेगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। शत्रु परास्त होंगे। विवाह चर्चा साकार रूप ले सकती है।

**तुला :** पैतृक संपत्ति का निपटारा संभव है। अपने ही आपको परिवार से दूर करना चाहते है। मेहमानों का आगमान आज हो सकता है।

**वृश्चिकः** नए अनुबंध हो सकते है। जो भूमि क्रय की है खूब फलने वाली है। मित्रों की सहायता करनी पड़ सकती है। पैसों का लेन-देन आज संभल कर करें।

**धनु :** अपने कार्य के प्रति गंभीर होना पड़ेगा। समय रहते संभल जाए। माता के स्वास्थ में लाभ होगा। आज पेट संबंधित कोई तकलीफ हो सकती है।

**मकरः** सुचारू रूप से चल रहे कार्यों में रुकावट आ सकती है। भूमि भवन के सोदे आज हो सकते है। पड़ोसियों से संबंधों में सुधार होगा।

**कुंभ :** दिन की शुरुआत प्रसन्न चित्त होगी। कोई रोचक जानकारी आज प्राप्त हो सकती है। भरोसेमंद ही आपको नुकसान दे सकता है, सतर्क रहें।

**मीन :** मन अनुरूप कार्य के न मिलने से उदास रहेंगे। किसी विशिष्ट व्यक्ति के संपर्क से कार्य में गति आएगी।

# एनएच पर वर्षाशालिका न होने से हो रही असुविधा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पठानकोट-चंबा-भरमौर राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154ए पर वर्षाशालिका के अभाव से राहगीरों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हैरत की बात यह है कि नेशनल हाइवे का निर्माण कार्य चल रहा हे। लेकिन राहगीरों की सुविधाओं के लिए सिर्फ गिने-चुने प्वाइंट पर ही वर्षाशालिका निर्मित की गई है।

जबकि सुल्तानपुर, बालू, परेल, तड़ोली, उदयपुर सहित अन्य कई बस ठहराव स्थलों पर वर्षाशालिकों का अभाव खल रहा है। जिससे आलम यह है कि वर्षा व कड़ी धूप के दिनों में राहगीरों को खुले आसमान के नीचे खड़े होक र बसों का इंतजार करना पड़ता है।

स्थानीय लोगों की वर्षा शालिका निर्माण की मांग के बावजूद भी एनएच चंबा द्वारा इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है। जिसे देख स्थानीय लोगों ने विभाग के प्रति काफी रोष व्यापक है।

# धरवाला उप-तहसील को नहीं मिला भवन

**ओपी शर्मा, भरमौर**

16 वर्ष बीत जाने के बाद भी उप तहसीलदार घरवाला को सरकारी भवन नहीं मिल पाया है। यहां पर पिछले 16 सालों से उप तहसील कार्यालय निजी भवन में चल रहा है। सरकार द्वारा 55 लाख का बजट मिलने के बाद भी अभी तक बात भूमि चयन से आगे नहीं बढ़ पाई है।

लिहाजा पिछले कई सालों से उप तहसील कार्यालय निजी भवन में चलाया जा रहा है हालांकि सरकार की ओर से नए भवन निर्माण के लिए 55 लाख का बजट भी दे दिया गया है। लेकिन अभी तक भी भूमि का चयन नहीं हो पाया है। हालांकि ने भवन के निर्माण के लिए बजट हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग मंडल भरमौर के पास जमा है, लेकिन अभी तक भूमि का चयन न हो पाने के कारण यह कार्यालय निजी भवन में ही चल रहा है।

### उप तहसील कार्यालय के लिए भूमि का किया जा रहा चयन

हालांकि दो-तीन जगह भूमि का चयन भी किया गया था लेकिन तकनीकी कारणों के चलते इन जगहों का चयन भी निरस्त कर दिया गया है।

उधर इस बारे में लाइव तहसीलदार धरवाला अरविंद कुमार ने कहा कि उप तहसील कार्यालय के लिए भूमि का चयन किया जा रहा है और इसके लिए एफआरए केस बनाकर भेजा जा रहा है। उम्मीद करते हैं जल्द ही मंजूरी मिल जाएगी और नए कार्यालय का काम शुरू हो जाएगा।

**आस** | साच दर्रे में 30 से 35 फुट के करीब हुई बर्फबारी, कई स्थानों पर गिरे हिमखंड

# एक अप्रैल से शुरू होगा साच पास की बहाली का काम

**आजम डार, तीसा**

जनजातीय क्षेत्र किलाड़ को जिला मुख्यालय चंबा से जोड़ने वाले किलाड़-वाया साच पास-बैरागढ़ मार्ग को बहाल करने का कार्य लोक निर्माण विभाग की ओर से 1 अप्रैल से शुरू किया जाएगा।

इस बार साच पास दर्रे में अमूमन तीस से 35 फीट के करीब बर्फबारी हुई है। वहीं, कर्थनाला समेत कई स्थानों पर भारी हिमखंड गिरे हुए हैं। ऐसे में मार्ग बहाली को लेकर विभाग को कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी। पिछले वर्ष 2023 में 10 अप्रैल से साच-पास बहाली का कार्य शुरू किया गया और 3 जुलाई को साच-पास यातायात के लिए बहाल हो पाया।


साच पास में गिरी बर्फ का दृश्य जहां सड़क को बहाल करने का कार्य शुरू होगा।

### दर्रे को मई में वाहनों के लिए बहाल करने का लक्ष्य किया है निर्धारित

मार्ग बहाल हो जाने से बैरागढ़ से वाया साच पास किलाड़ की दूरी करीब 172 किलोमीटर रहती है, जबकि किलाड़ से वाया मनाली यही दूरी करीब 650 किलोमीटर और वाया जम्मू करीब सात सौ किलोमीटर है। मार्ग बहाल होने पर पांगी घाटी के लोगों को वाया साचपास होते हुए जिला मुख्यालय चंबा पहुंचने की सुविधा मिलती है।

गौरतलब है कि विभाग ने इस वर्ष साच दर्रे को मई में वाहनों के लिए बहाल करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस बार लोक निर्माण विभाग ने मार्ग की शीघ्र बहाली को लेकर कमर पूरी तरह से कस ली है।

उधर, लोक निर्माण विभाग मंडल किलाड़ के अधिशासी अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि 1 अप्रैल से साच पास बहाली का कार्या शुरू किया जाएगा और मई 20 तक बहाल करने का लक्ष्य रहेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### रोहतांग सहित ऊंची चोटियों में बर्फबारी

**केलांग।** पर्यटन नगरी मनाली सहित लाहौल घाटी में मौसम ने फिर से करवट बदल ली है। वीरवार दोपहर बाद रोहतांग दर्रे सहित समस्त ऊंची चोटियों में हिमपात का क्रम शुरू हो गया है। पर्यटन नगरी मनाली में दिन भर बादल छाए रहे। मनाली सहित लाहौल में भी सुबह हल्की धूप खिली, लेकिन दोपहर बाद मौसम ने करवट बदली और ऊंची चोटियों में हिमपात का क्रम शुरू हो गया। रोहतांग सहित शिंकुला, कुंजम, बारालाचा दर्रों में बर्फ की सफेद परत बिछ गई है। हालांकि मनाली-केलांग मार्ग पर वाहनों की आवाजाही सुचारू है, लेकिन उंची चोटियों में हिमपात होने से घाटी में ठंड बढ़ गई है। दूसरी ओर शिंकुला दर्रे सहित बारालाचा में सड़क बहाली में जुटे बीआरओ की दिक्कत बढ़ गई हैं। बीआरओ ने शिंकुला दर्रे के दोनों छोर जोड़ दिए हैं, लेकिन दर्रा अभी सड़क बहाली के लिए बहाल नहीं हुआ है। बीआरओ ने 30 मार्च को वाहनों की आवाजाही शुरु करवाने की तैयारी की है, लेकिन मौसम खराब होने से बीआरओ की दिक्कत बढ़ी है। दूसरी ओर दारचा से बारालाचा दर्रे की ओर बढ़ते हुए बीआरओ जिंगजिंगबार से आगे निकल गया है। वीरवार दोपहर बाद बारालाचा दर्रे में भी बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरु हो गया है। बीआरओ योजक परियोजना के निदेशक कर्नल विकास गुलिया ने बताया कि शिंकुला दर्रे में हिमपात का क्रम शुरु हो गया है। उन्होंने बताया कि मौसम ने साथ दिया तो 30 या 31 मार्च को शिंकुला दर्रा वाहनों के लिए बहाल हो जाएगा।

### डुघीलग स्कूल में व्यावसायिक शिक्षा शुरू

**कुल्लू।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डुघीलग में सत्र-2024 से व्यावसायिक शिक्षा शुरु हो रही है जो स्वास्थ्य देखभाल पर केंद्रित विषय रहेगा। यह कार्यक्रम कक्षा नवीं से बाहरवीं के छात्र-छात्रओं के लिए कक्षाएं उपलब्ध है। जो निःशुल्क प्रदान किया जाएगा। चार साल के पाठ्यक्रम के पूरा होने पर, छात्रों को एक पूर्णता प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। यह प्रमाण प्रत्र सरकारी और गैर सरकारी दोनों क्षेत्रों द्वारा मान्यता प्राप्त है। कार्यक्रम के सफल स्नातकों के पास घरेलू स्वास्थ्य सहायक और अस्पतालों में सामान्य ड्यूटी सहायक के रुप में नौकरी के अवसर है। नोडल एनएसक्यूएफ विभिन्न क्षेत्रो में छात्रों के प्लेसमेंट का प्रबंधन करता है। छात्रों को साल में एक बार अन्वेषण दौरों पर जाने का अवसर मिलता है। यह कार्यक्रम व्यापक लगता है और छात्रों को मूल्यवान कौशल और मान्यता प्राप्त प्रमाणन के साथ स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में प्रवेश करने का मार्ग प्रदान करता है।

### अटल सदन में हो रही बैठक में भाग लेंगे रवि ठाकुर

**कुल्लू।** भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर शुक्रवार को कुल्लू व मनाली दौर करेंगे। मनाली में स्थित होटल साइप्रस कनियाल रोड में 30 मार्च को आगामी चुनाव के मद्देनजर भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन होने जा रहा है। इस बैठक में हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर और पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं मनाली के विधायक गोबिंद ठाकुर भी उपस्थित रहेंगे। बैठक में आगामी लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव को लेकर विस्तृत चर्चा की जाएगी और आगे की रणनीति तय की जाएगी। लाहौल-स्पीति भाजपा के नए प्रत्याशी रवि ठाकुर ने सभी से इस बैठक में भाग लेने का अनुरोध किया और साथ ही उन्होंने जिला कुल्लू में रहने वाले लाहौल-स्पीति के समस्त बुद्धिजीवियों, युवाओं व समस्त जनमानस से करबद्ध अनुरोध किया है कि 29 मार्च को शाम 6 बजे अटल सदन कुल्लू में एक बैठक का आयोजन किया जाएगा।

### 'छात्राएं मतदान के लिए परिजनों को करें प्रेरित'

**कुल्लू।** जिला स्वीप तथा कुल्लू सब डिवीजन की स्वीप टीम ने छात्राओं व अध्यापकों से मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता कार्यक्रम के बारे में बातचीत की। जिला स्वीप टीम से श्यामलाल हांडा ने बच्चों प्रेरित किया कि वे अपने माता-पिता तथा बुजुर्गों को वोट डालने के महत्व को बताएं। सुनील ने कहा कि छात्राएं अपने बड़े भाई बहनों को जो 1 अप्रैल तक 18 साल के हो जाएंगे वह वोटर हेल्पलाइन ऐप के माध्यम से या इलेक्शन कमिशन की वेबसाइट पर जाकर अपना वोट बनवाएं और पहली बार अपने देश के चुनाव में वोट देकर स्वयं को गर्वित महसूस करें। नोडल ऑफिसर रमन जैन ने छात्राओं को अपनी माताओं का सहयोग करने के लिए प्रेरित किया, ताकि उनकी माताएं वोट देने जा सकें।

# दृष्टिबाधित बच्चों के जीवन में 'ज्योति' बिखेरेगी रोशनी

## कुल्लू में चार दिवसीय डिजिटल कार्यशाला का शुभारंभ, इन बच्चों को परीक्षाओं के दौरान किसी दूसरे का नहीं लेना पड़ेगा सहारा

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

हिमाचल के दृष्टिबाधित बच्चों के जीवन में प्रोजेक्ट ज्योति रोशनी बिखेरेगी। अब दृष्टिबाधित बच्चों को परीक्षाओं के दौरान किसी दूसरे का सहारा नहीं लेना पड़ेगा और यह बच्चे इस नई डिजिटल तकनीक (डिवाइस) के माध्यम से खुद अपना कार्य कर सकेंगे। दृष्टिबाधित बच्चों को इस डिवाइस की बारीकियां सिखाने के उद्देश्य से बेनेटेक बुकशेयर और एमजंक्शन सर्विसेज आईटीडी के संयुक्त तत्वावधान में नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड, हिमाचल प्रदेश द्वारा कुल्लू में 'डिजिटल साक्षरता का परिचय' कार्यक्रम द्वारा बच्चों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।



कुल्लू के हिमालयन कोठी में कार्यशाला के दौरान मौजूद दृष्टिबाधित बच्चे।

इस कार्यक्रम के माध्यम से दृष्टिबाधित बच्चों को नए युग की डिजिटल दुनिया बारे जागरूक किया जाएगा। 'प्रोजेक्ट ज्योति' नामक राष्ट्रव्यापी मिशन के तहत जिसका उद्देश्य देश में विकलांग छात्रों के बीच डिजिटल साक्षरता को बढ़ाना है। इसके बाद बेनेटेक के अत्यधिक निपुण और अनुभवी विकलांगता प्रशिक्षकों, अर्थात् डॉ. होमियार मोबेडजी (बेनेटेक के क्षेत्रीय प्रतिनिधि) और जै़नब द्वारा चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। वीरवार को कुल्लू के हिमालयन कोठी में इस कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस दौरान चिनिकमवाला (सदस्यता प्रमुख – बुकशेयर) डॉ. होमियार और जै़नब दोनों विशेषज्ञ के रूप में इस कार्यशाला में प्रशिक्षण दे रहे हैं। डॉ. होमियार और जै़नब दोनों ने ही विकलांगता से जूझने के बावजूद भारत, दक्षिण पूर्व एशिया, मध्य पूर्व और अफ्रीका में सामाजिक परिवर्तन लाने के अपने जुनून को जारी रखा है। इसी के तहत अब इस कार्यशाला के माध्यम से वह एनएबी ( नेशनल एसोसिएशन फ़ॉर द ब्लाइंड) हिमाचल प्रदेश के छात्रों को डिजिटल उपकरणों और उपकरणों तक पहुंच, डिजिटल साक्षरता कौशल और सहायक प्रौद्योगिकियों में प्रशिक्षण के साथ–साथ उन्हें कैसे उपयोग करना है, यह सिखाकर डिजिटल विभाजन को पाटने का प्रयास किया जाएगा। कार्यशाला के शुभारंभ मौके पर उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रही। इसके अलावा एलएमएस स्कूल कुल्लू व कलैहली की संस्थापक और प्रबंध निदेशक ललिता कंवर सहित एलएमएस स्कूलों की श्रृंखला की अकादमिक समन्वयक सविता और भारतीय अल्पाइन स्कीयर आंचल ठाकुर, प्राथमिक और उच्च शिक्षा कुल्लू के उप निदेशक, डाइट कुल्लू के प्राचार्य, जीएसएसएस सुल्तानपुर, जीएसएसएस भुंतर के शिक्षक और एनएबी हिमाचल प्रदेश एसोसिएशन के सदस्य भी उपस्थित रहे, लिहाजा, हिमाचल प्रदेश में पहली बार दृष्टिबाधित बच्चों के लिए डिजीटल तकनीक के गुर सीखेंगे, जोकि इन बच्चों के लिए वरदान साबित होगी। (अनंत ज्ञान)



कार्यशाला के शुभारंभ पर मौजूद उपायुक्त तोरुल एस रवीश व अन्य गणमान्य लोग।

### बच्चों को फोन, ईयरफोन व की–बोर्ड किए वितरित

**कार्यशाला** के शुभारंभ मौके पर ई-पुस्तकें और ई-पुस्तकालय कार्यक्रम के तहत एनएबी हिमाचल प्रदेश के छात्रों का 28 मोबाइल फोन, ईयरफोन और की-बोर्ड वितरित किए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों के लिए नए दरवाजे खोलना और दृष्टिबाधित छात्रों के सीखने के तरीके में सुधार करना था, जिससे छात्रों को एक नई स्वतंत्रता और संभावनाओं से भरे भविष्य की ओर अग्रसर किया जा सके। नेशनल एसोसिएशन फॉर ब्लाइंड की सचिव शालिनी वत्स किमटा ने बताया कि छात्रों के लिए यह डिजिटल उपकरण और कौशल उन्हें आवश्यक डिजिटल पढ़ने और लिखने के कौशल के साथ सशक्त बनाकर पूर्ण डिजिटल दक्षता की ओर उनकी यात्रा को सुविधाजनक बनाएंगे।

### एनएबी के कार्यों को शिक्षा सचिव ने सराहा

**इस** कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के शिक्षा सचिव राकेश कंवर जहां शिमला से वर्चुअल माध्यम से जुड़े और बच्चों को विभिन्न जानकारी दी। वहीं, नेशनल एसोसिएशन फ़ॉर ब्लाइंड की सचिव शालिनी वत्स किमटा के कार्यों की सराहना भी की।

## कुल्लू की सड़कों पर बेसहारा पशुओं का आतंक, हादसों को दे रहे न्योता

# लोअर ढालपुर में बैल ने व्यक्ति पर किया हमला

**सुरेन्द्र तिबोगपा, कुल्लू**

कुल्लू शहर की सड़कों में आवारा पशुओं की संख्या में इजाफा हो रहा है। राह चलते लोगों पर हमला कर रहे पशु हिंसक हो रहे हैं। वीरवार को लोअर ढालपुर में एक बैल ने फो पर बात कर रहे व्यक्ति पर अचानक से हमला कर गिरा दिया। गनीमत रही कि उक्त व्यक्ति फौरन संभल गया और भाग खड़ा हुआ।



कुल्लू शहर में अचानक लोगों पर हमला करने वाला बैल।

शहर में इन दिनों ढालपुर से लेकर अखाड़ा बाजार तक हर जगह कहीं न कहीं आवारा पशु घूमते हुए नज़र आ जाते हैं और कई बार सड़कों के बीच घूमते ये आवारा पशु दूसरों के लिए भी संकट का कारण बनते जा रहे हैं। सड़कों पर घूमते हुए पशु आय दिन सड़कों और शहर के विभिन्न गलियों में खड़े हो जाते हैं और राह चलते लोगों के लिए मुश्किलें खड़ी कर देते हैं। आकार में बड़े इन पशुओं को देखते ही बच्चे और महिलाएं पहले ही घबरा जाती है कि कहीं ये पशु अचानक से हमला न कर दें।

गौर रहे कि जिले में बहुत से गौ सदन बने हुए हैं मगर बावजूद इसके आवारा पशु उतनी ही संख्या में सड़कों की खाक छान रहे हैं। इसमें हैरानी की बात ये है कि आवारा पशुओं में बहुत से पशु ऐसे हैं जिनको टैग लग चुका है और कुछ ऐसे भी है जिनके कानों में लगे टैग को भी लोगों में काट दिया है और आज तक किसी भी टैग लगे पशुओं के मालिक की छानबीन नही की गई और न ही उनपर कोई कार्यवाही अमल में लाई गई है। सम्भवत: किसी पर भी कोई कार्यवाही न होने की वजह से लोगों के हौंसले बुलंद हो चुके हैं और अपने टैग लगे पालतू पशुओं को भी बेसहारा कर सड़कों में आवारा भटकने को छोड़ दिया है जोकि सम्बंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवालिया निशान लगा देता है। (अनंत ज्ञान)

### हिंसक होते पशुओं से लोगों को खतरा

**कुल्लू** शहर के विभिन्न स्थानों में घूम रहे आवारा पशुओं से अब आम लोगों को भी खतरा होने लगा है। शहर में खाने के लिए गली गली घूम रहे पशु आए दिन राह चलते लोगों पर हमला करने से भी नही चूक रहे हैं जिस कारण इन आवारा पशुओं को देखते ही लोग डर के मारे दूर भाग जाते हैं या फिर रास्ता ही बदल देते हैं।

# बंजार में 8 बस रूट बंद, आमजन को झेलनी पड़ रही परेशानी

## विधायक शौरी बोले- अव्यवस्था फैलाने पर तुली है सरकार व विभाग

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार घाटी में पिछले कुछ दिनों से 8 बस रूट बंद पड़े हैं क्षेत्र की जनता को इस कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी बंजार बस अड्डा पहुंचे और बस अड्डा प्रबंधन से इस समस्या पर बात की।

विधायक शौरी ने कहा है कि सरकार व विभाग बेतरतीब ढंग से फैसले लेकर इस तरह की अव्यवस्था फैलाने पर तुली हुए हैं। विभाग द्वारा हर रूट पर तीन किलोमीटर की माइलेज लेने के आदेश जारी किए गए हैं, जबकि बंजार की भौगोलिक परिस्थितियों व सड़कों की हालत के कारण बसें दो किलोमीटर प्रति लीटर की ही माइलेज दे पा रही हैं। इसलिए विभाग द्वारा ऐसे रूटों पर डीजल की कमी का हवाला देकर बस सेवा रोक दी गई है। विभाग द्वारा व्यवहारिक दृष्टि से फैसला न लेकर जनता के लिए यह परेशानी खड़ी की गई है। इसके लिए सरकार के नुमाइंदें भी इस जनहित के मामले पर खामोश हैं।

उन्होंने कहा है कि क्या विभाग इतनी आर्थिक तंगी से जूझ रहा है या फिर सरकार व विभाग की अव्यवस्था का खामियाजा ग्रामीण जनता को भुगतना पड़ेगा। एक साथ इतने बस रूट बंद हो जाना अपने आप में हैरानी का विषय है। जनहित में विभाग सुव्यवस्थित तरीके से जनता की सुविधा के लिए फैसले ले।

# लोकसभा चुनाव में पंचायत प्रकोष्ठ निभाएगा अहम भूमिका : ओम प्रकाश

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

जिला भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ के विभिन्न मंडलों में संयोजकों की नियुक्ति की घोषणा के बाद प्रथम बैठक भुंतर के ताराबिला होटल में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कुल्लू जिला पंचायती राज प्रकोष्ठ के संयोजक ओमप्रकाश ठाकुर ने की। प्रकोष्ठ के तमाम नवनियुक्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में पंचायती राज प्रकोष्ठ अहम भूमिका निभाएगा। कुल्लू जिला के तमाम विधानसभा क्षेत्रों में ग्रामीण स्तर पर पंचायती राज प्रकोष्ठ आम जनता से रूबरू होकर केंद्र की भाजपा सरकार की उपलब्धियों व विशेषताओं के तहत जागरूकता अभियान चलाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायती राज प्रकोष्ठ की टीम भाजपा के उम्मीदवार के पक्ष में माहौल बनाने के लिए डोर टू डोर प्रचार करेगी।




भुंतर में पंचायतीराज प्रकोष्ठ की बैठक के दौरान भाजपा पदाधिकारी।

इस दौरान मंडी संसदीय क्षेत्र के पूर्णकालिक विस्तारक सुरेश शर्मा ने कहा कि अबकी बार केंद्र में भाजपा की सरकार बनना तय हैं तथा पार्टी ने चार सौ प्लस का लक्ष्य रखा है। अत: तमाम कार्यकर्ता अभी से चुनाव के लिए डट जाएं। इस अवसर पर प्रदेश पंचायती राज प्रकोष्ठ के संयोजक अमर ठाकुर ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से पार्टी की प्रत्याशी को जिताने में रात दिन एक कर अपनी भूमिका निभाएं।

बैठक में मंडी संसदीय क्षेत्र के संयोजक हेत राम ठाकुर, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राहुल सोलंकी, कुल्लू भाजपा के अध्यक्ष ठाकुरचंद, चेतराम, हुकुमचंद, दीपक चौहान, देवेंद्र नेगी, पुष्पा देवी, प्रेम सिंह, हरि सिंह, कुबेर सिंह, डोला सिंह, बलवीर सिंह, दिलीप सिंह, श्यामलाल, मोहनलाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बहरहाल भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ ने लोकसभा चुनाव के लिए कदमताल शुरू कर दी है, ताकि लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार भारी बहुत से विजय हो सके।

# भाजपा युवा मोर्चा उदयपुर का समस्त कार्यकारिणी से इस्तीफा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

रवि ठाकुर को लाहौल से टिकट देने के विरोध में भाजपा युवा मोर्चा उदयपुर की समस्त कार्यकरिणी ने पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय के साथ सामूहिक इस्तीफा दे दिया है। भाजपा के अधिकतर पदाधिकारी इस्तीफे दे रहे हैं, जिससे भाजपा लाहौल–स्पीति की दिक्कत बढ़ी है।

उदयपुर युवा मोर्चा के अध्यक्ष सोनी शेर ने बताया कि आज भाजपा युवा मोर्चा उदयपुर मंडल के सभी पदाधिकारी ने सामूहिक रूप से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि लाहौल–स्पीति में डॉ. रामलाल मार्कंडेय ने भाजपा को अपने खून से सींचा है, लेकिन हाईकमान द्वारा इस तरह से उनकी अनदेखी से सभी कार्यकर्ता आहत हैं। इससे पहले उदयपुर और केलंग मंडल के पदाधिकरियों ने इस्तीफे देकर पार्टी की दिक्कत को बढ़ाया है, लेकिन रवि ठाकुर के लिए राहत की बात यह है कि भाजपा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं अनुसूचित जनजाति के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जवाहर शर्मा, रवि ठाकुर के पक्ष में उतरे हैं।

उन्होंने विकट परिस्थितियों में कार्यकर्ताओं से एकजुटता दिखाने की कही बात कही है। पत्रकारों से बातचीत में जवाहर शर्मा ने कहा कि वह हाईकमान के निर्णय का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मार्कंडेय भी कांग्रेस से ही भाजपा में आए थे। तब भी उन्होंने पार्टी हित को प्राथमिकता देते हुए मार्कंडेय का साथ दिया था। जवाहर शर्मा ने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर रवि ठाकुर के लिए काम करने की बात कही। दूसरी ओर रवि ठाकु र गुट के लोग कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं।

उधर, भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर ने लाहौल–स्पीति के समस्त बुद्धिजीवियों, युवाओं व समस्त जनता से आग्रह किया कि शुक्रवार शाम छह बजे अटल सदन कुल्लू जबकि शनिवार को मनाली के रांगड़ी में बैठक का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व पूर्व मंत्री गोविंद ठाकुर भी बैठक में मौजूद रहेंगे।

# पर्यटकों से चहकी लाहौल घाटी

**कमलेश वर्मा, कुल्लू/ मनाली**

बर्फ से ढके लाहौल घाटी के सभी पर्यटन स्थल पर्यटकों से चहक उठे हैं। सिस्सू से जिस्पा तक पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी है। पर्यटन नगरी मनाली में समर सीजन ने दस्तक दे दी है। समर सीजन के दस्तक देने से पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिल गए हैं।

मनाली के सभी पर्यटन स्थलों में भी रौनक छा गई है। फरवरी व मार्च महीने में निकटवर्ती पर्यटन स्थल सोलंगनाला में हिमपात का क्रम जारी रहा है। अधिकतर समय सोलंगनाला ही सैलानियों का स्नो प्वाइंट रहा है। इससे स्थानीय लोगों का कारोबार बेहतर रहा है। पिछले कुछ दिनों से अब लाहौल घाटी पर्यटकों की पहली पसंद बन गई है। पर्यटन स्थल कोकसर हालांकि अभी पर्यटकों के लिए बहाल नहीं है लेकिन सिस्सू से जिस्पा तक के पर्यटन स्थलों में पर्यटकों ने दस्तक दे दी है।

लाहौल के पर्यटन कारोबारी पलजोर, दीपक, टशी व दोरजे ने बताया कि पिछले कुछ दिनों से लाहौल घाटी पर्यटकों से गुलजार हो गई है। उन्होंने बताया कि वीरवार को भारी संख्या में पर्यटक लाहौल घाटी पहुंचे। पर्यटकों ने एक ओर जहां सिस्सू मैदान में बिछी तीन से चार फीट बर्फ का आनंद लिया वहीं सड़क में बनी 40 फीट बर्फ की ऊंची दीवार में फ़ोटो ग्राफी का आनंद लिया। उन्होंने बताया कि लाहौल घाटी की चोटियों में हिमपात शुरु हो गया है जबकि घाटी में भी हिमपात की उम्मीद बढ़ गई है। एसपी लाहौल–स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि लाहौल के सभी पर्यटन स्थल पर्यटकों के लिए बहाल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को जिस्पा तक भेजा जा रहा है। जल्द ही कोकसर पर्यटन स्थल भी पर्यटकों के लिए बहाल हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)



पर्यटन नगरी मनाली के मालरोड में पर्यटक चहल कदमी करते हुए।

### मरम्मत कार्य के चलते हो रही परेशानी

पिछले साल जुलाई में ब्यास नदी में आई बाढ़ में क्षतिग्रस्त मनाली-लेह मार्ग के मरम्मत कार्य से यातायात जाम की समस्या पैदा हो गई है। सुबह-शाम के समय नेहरूकुंड से मनाली तक वाहनों की लंबी कतार लग रही हैं। इससे सोलंगनाला, अटल टनल रोहतांग और सिस्सू की ओर जाने वाले पर्यटक घंटों तक जाम में फंस रहे हैं। वीरवार को भी इस मार्ग पर वाहनों की लंबी कतार लगी रही। सीमा सड़क संगठन की ओर से मनाली केलांग मार्ग का मरम्मत कार्य किया जा रहा है। जगह-जगह मरम्मत कार्य के कारण यातायात एकतरफा किया गया है। वाहनों को बारी-बारी से वहां से भेजा जा रहा है। मनाली-केलांग मार्ग को सीमा सड़क संगठन की ओर से आपदा से पहले जैसा स्वरूप देने का कार्य शुरू किया गया है। वीरवार को मनाली बाइपास पुल से लेकर बाहंग तक पर्यटक वाहन लगभग दो घंटे तक जाम में फंसे रहे। मौसम खुलते ही इन दिनों पर्यटकों की भारी भीड़ सोलंगनाला और लाहौल के सिस्सू की वादियों का रुख कर रही है। ऐसे में अगर जाम की स्थिति बनना शुरू हो गई तो आने वाले पर्यटन सीजन पर इसका विपरीत असर पड़ सकता है। हालांकि जाम की स्थिति को लेकर प्रशासन ने बीआरओ के साथ बैठक की है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने कहा कि बीआरओ ने हालांकि 15 अप्रैल तक मनाली-केलांग मार्ग की मरम्मत के लिए समय मांगा था लेकिन पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए मनाली प्रशासन ने नौ अप्रैल तक ही मरम्मत कार्य पूरा करने के लिए कहा है। जाम से निपटने के लिए जगह- जगह पुलिस जवान तैनात किए गए हैं।

# गायक सोनू के गीत 'यादें याद एंदीं बोहु तेरी' का विमोचन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

हिमाचली प्रदेश के लोक गायक सोनू जसवाल का नया गीत यादें–याद एंदीं बोहु तेरी को एक सादे समारोह में रिलीज किया गया। इस गीत को सोनू जसवाल म्यूजिक वर्ल्ड यू–ट्यूब चैनल पर रिलीज किया गया है। इस वीडियो की खास बात यह है कि यह बिल्कुल नया गीत है, जो कि एक सत्य घटना पर आधारित है और गीत में उस घटना का जिक्र खूबसूरत शब्दों के माध्यम से किया गया है।

इस गीत के लेखक व गायक स्वयं सोनू जसवाल हैं और इस गीत के लिए तेजिंद्र नेगी ने संगीत तैयार किया है। बदलते समय के साथ आजकल के दौर में जिस तरह से पुराने गीतों को तोड़–मरोड़ कर पेश किया जा रहा है, उसके विपरित यह एक सराहनीय प्रयास है, जिसे लोग खूब पसंद कर रहे हैं। इस गीत के वीडियो में नायक की भूमिका सोनू जसवाल तथा नायिका की भूमिका में रिया ठाकुर व सानवी जसवाल ने इसे अपने अभिनय से सजाया है। इस गीत को आर म्यूजिक सीरीज द्वारा फिल्माया गया है, जिसमें दीक्षित राठी द्वारा निर्देशित और भरत भूषण द्वारा फिल्माया गया है और साथ ही रिषु कुमार ने इसे एडिट करने का काम किया है। इस गीत का फिल्मांकन हिमाचल की विभिन्न खूबसूरत जगहों पर किया गया है।



लोक गायक सोनू जसवाल के नए गीत में अभिनय करते हुए कलाकार।

**प्रतियोगिता** भींडी थाच स्टेडियम तैयार, सात अप्रैल को शहीद लगन चंद मेमोरियल कप सीजन–4 का होगा आगाज

# तीर्थन के पहाड़ों पर ट्रैकिंग के बाद अब क्रिकेट का अनोखा रोमांच

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**

जिला कुल्लू की तीर्थन घाटी में 8700 फुट की ऊंचाई पर स्थित भींडी थाच स्टेडियम एक बार फिर से क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए तैयार हो गया है। सात अप्रैल को भींडी थाच स्टेडियम में शहीद लगन चंद मैमोरियल कप सीजन–4 का आगाज होगा। इसको लेकर आयोजकों की ओर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

गौर रहे कि उपमंडल बंजार की तीर्थन घाटी की दूरदराज ग्राम पंचायत शिल्ली के सैनिक लगन चंद ने वर्ष 2020 में राजस्थान के बीकानेर में अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए शहादत पाई थी। इस दौरान यहां के स्थानीय लोगों व खेलकूद एवं पर्यटन विकास समिति शिल्ही ने गरूली गांव के शहीद सैनिक लगन चंद की याद

**विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ मिलेगा 1,11,111 और उपविजेता को 55,555 रुपए का नकद इनाम**

में हर वर्ष अप्रैल माह में क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन करने का फैसला लिया था। इसी कड़ी में अब चौथी बार 7 अप्रैल से भिंडी थाच स्टेडियम में इस अनोखी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन होगा।

इसको लेकर टीमों से आवेदन मांगे गए हैं। इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए कुछ नियम और शर्तें भी तय की गईं और टीमों का पंजिकरण शुरू हो चुका है। इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तारीख 31 मार्च रखी गई है। अध्यक्ष मुरारी कायथ ने यहां पर आने वाले खिलाड़ियों, आगंतुकों को खाने पीने के लिए टी स्टॉल, सिडडू, कॉर्नर और अन्य स्थानीय पारंपरिक व्यंजनों के स्टॉल भी लगेंगे।

समिति के सचिव केहर सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता स्थल पर नशीले पदार्थों पर पहले की भांति ही प्रतिबंध है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इस बार प्रवेश शुल्क मात्र 5500/–रुपए रखा गया है। विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार के रूप में 1,11,111 रुपये नकद और ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 55,555 रुपए नकद और ट्रॉफी और सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली टीमों को 11000/–रुपए नकद प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा अन्य कई आकर्षक पुरस्कार और उपहार दिए जाएंगे। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाली टीमों को पंजीकरण करने के लिए खेलकूद एवं पर्यटन विकास समिति के खाते पर या क्यूआर कोड के माध्यम से स्कैन करके एक हजार रुपए की अग्रिम राशि जमा करनी होगी, तभी टीम का पंजीकरण मान्य होगा। गौरतलब है कि तीर्थन घाटी की दूरदराज ग्राम पंचायत शिल्ली का अधिकतर क्षेत्र अभी तक सड़क सुविधा से वंचित है।

यहां के ऊंचे पहाड़ों पर गांव गरूली तथा परवाड़ी के समीप घने जंगलों से घिरा एक विशाल खूबसूरत मैदान है, जिसको भिंडी थाच नाम से जाना जाता है। यहां तक सड़क मार्ग से करीब एक घंटे की ट्रैकिंग करने के बाद ही पहुंचा जा सकता है। स्थानीय लोग शहीद लगन चंद की यादों को संजोए रखने के लिए हर वर्ष इस प्रतियोगिता का आयोजन करते हैं।



जिला कुल्लू की तीर्थन घाटी में 8700 फीट की ऊंचाई पर स्थित भींडी थाच स्टेडियम, जहां क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

# घुमारवीं अस्पताल में रैंप व लिफ्ट की सुविधा नहीं

## अस्पताल आने वाले तीमारदारों को अपने मरीज को पीठ पर उठाकर दूसरी और तीसरी मंजिल तक पहुंचाना पड़ रहा

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

सिविल अस्पताल घुमारवीं में करोड़ों रुपए खर्च कर मरीजों की सुविधा के लिए चार मंजिला नए ओपीडी भवन को बने करीब सात वर्ष का समय बीत चुका है, लेकिन मरीजों की सुविधाओं के लिए न तो इस भवन में ऊपरी मंजिलों तक रैंप की व्यवस्था है और न ही लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध है।

हालांकि भवन में लिफ्ट बनाने की व्यवस्था रखी गई थी, लेकिन सात वर्ष बीत जाने के बाद भी लिफ्ट का कार्य पूरा नहीं किया जा सका और अधूरी पड़ी यह व्यवस्था आज भी अस्पताल आने वाले मरीजों का मुंह चिढ़ा रही है। यही कारण है कि दूसरी तथा तीसरी मंजिल पर बनाई गई ओपीडी तक जाने के लिए मरीजों व उनके तीमारदारों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। रैंप और लिफ्ट की सुविधा न होने के कारण अस्पताल आने वाले तीमारदारों को अपने मरीज को पीठ पर उठाकर दूसरी तथा तीसरी मंजिल पर पहुंचना पड़ता है, जबकि भवन में वैकल्पिक तौर पर रैंप की सुविधा होनी चाहिए थी, ताकि मरीजों को ऊपरी मंजिलों तक व्हीलचेयर या स्ट्रेचर पर लिटा कर ले जाया जा सके। भवन में दोनों ही सुविधाएं न होने के कारण मरीजों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।



सात वर्षों से अधूरा पड़ा घुमारवीं अस्पताल के ओपीडी भवन की लिफ्ट का कार्य।

नागरिक अस्पताल घुमारवीं के नई ओपीडी भवन का उद्घाटन 21 सितंबर 2017 को तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री कौल सिंह ठाकुर की ओर से किया गया था। हालांकि भवन में लिफ्ट बनाने की व्यवस्था तो रखी गई थी, लेकिन आज तक लिफ्ट नहीं लग पाई और न ही इस भवन में ऊपरी मंजिलों तक जाने के लिए किसी प्रकार का कोई रैंप बनाया गया, जबकि भवन को बने सात वर्ष का समय बीत जाने के बाद भी लिफ्ट लगाने की आज तक कोई कोशिश नहीं की गई। (अनंत ज्ञान)

### दूसरी व तीसरी मंजिल पर ऑर्थो व अन्य ओपीडी

इस भवन की दूसरी तथा तीसरी मंजिलों पर ऑर्थो तथा अन्य ओपीडी बनाई गई हैं, लेकिन ऊपरी मंजिलों में मरीजों को कैसे पहुंचना है, इसके बारे में न तो आज तक सरकार के नुमाइंदों ने सोचा और न ही विभाग के अधिकारियों ने। अब आलम यह है कि मरीजों को अगर दूसरी मंजिल पर ले जाना हो तो साथ आए परिजनों को उन्हें पीठ पर उठाकर ले जाना पड़ता है। मरीजों को सबसे ज्यादा मुश्किल उस समय झेलनी पड़ती है यदि कोई बुजुर्ग चलने-फिरने में असमर्थ, मरीज अकेला अस्पताल आता है तो वह दूसरी मंजिल तक कैसे आएगा, इसके बारे में आज तक न तो जनता के नुमाइंदे सोच पाए और न ही अस्पताल प्रशासन।

> नई ओपीडी भवन में लिफ्ट बनाने की व्यवस्था रखी गई थी, लेकिन बजट न होने के कारण लिफ्ट का कार्य पूरा नहीं हो पाया है। हालांकि इसके लिए 32 लाख रुपए का प्राक्कलन बनाकर विभाग को भेजा गया है, लेकिन अभी तक पैसा नहीं आया है। जैसे ही बजट आएगा लिफ्ट तैयार कर दी जाएगी।
> **डॉ. आशुतोष शर्मा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी, घुमारवीं।**

कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी पर पूर्व मंत्री का पलटवार

# कांग्रेस को भुगतना पड़ेगा अपने कर्मों का फल : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

भाजपा अनुशासन समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने भाजपा पर कांग्रेस नेताओं की ओर से दिए जा रहे बयानों पर पलटवार किया है। गर्ग ने कहा कि कांग्रेस को अपने कर्मों का फल भुगतना पड़ेगा। कांग्रेस पार्टी को अपना कुनबा संभालना चाहिए और भाजपा की चिंता छोड़ देनी चाहिए। जहां कांग्रेस के नेता वोट दिखाकर भाजपा को डालते हैं और फिर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर लेते हैं।



इतिहास में पहली बार ऐसा होता है, जब निर्दलीय विधायक भी भाजपा की सदस्यता ग्रहण करते हैं और इस्तीफा देते हैं आज से पहले इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ। यह सरकार निश्चित रूप से वेंटिलेटर पर है और वेंटिलेटर पर ही रहेगी। कांग्रेस जितना मर्जी प्रयास कर ले पर सरकार की स्थिति ठीक होना असंभव लग रही है। कांग्रेस की हालत डूबते हुए जहाज की तरह है और ऐसा लगता है कि यह जहाज जल्द ही डूब जाएगा। भाजपा प्रदेश में लोकसभा की चारों सीटों जितने के अलावा उपचुनावों में भी जीत हासिल करेगी। पूरे देश में कांग्रेस की हालत खराब है। कांग्रेस के बड़े नेता चुनाव लड़ने से भाग रहे हैं। प्रदेश में भी कांग्रेस का यही हाल हैं। झूठी गारंटियों के कारण प्रदेश में कांग्रेस की यह हालत हुई है। विधानसभा आम चुनाव में महिला सम्मान निधि के फर्जी फॉर्म भरवाकर कांग्रेस ने मातृशक्ति के साथ जो छल किया था अब उसका हिसाब देने का वक्त आ गया है।

# हमीरपुर से अनुराग को लगातार पांचवीं बार बनाया जाएगा विजयी

## भाजपा एससी मोर्चा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कसी कमर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा एससी मोर्चा ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। इस कड़ी में वीरवार को मोर्चा की सदर मंडल इकाई की बैठक भाजपा के जिला कार्यालय में आयोजित की गई।



भाजपा एससी मोर्चा की सदर मंडल इकाई की बैठक में मौजूद लोग।

बैठक में निर्णय लिया गया कि अनुसूचित जाति बहुल बस्तियों में संपर्क अभियान तेज किया जाएगा। इस वर्ग की आबादी के लिहाज से बूथ स्तर पर नए सदस्य भी संगठन से जोड़े जाएंगे। लोकसभा चुनाव में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर को लगातार पांचवीं बार विजयी बनाने में एससी मोर्चा कोई कसर नहीं छोड़ेगा। भाजपा एससी मोर्चा के सदर मंडल अध्यक्ष रोशन लाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राकेश डोगरा व महामंत्री कृष्णलाल चंदेल के साथ ही सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने विशेष तौर पर उपस्थिति दर्ज करवाई। त्रिलोक जम्वाल ने कहा कि मोदी सरकार का 10 वर्ष का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा है। इस अवधि में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है। पूरे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। मोदी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से करोड़ों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। पीएम ने भारत को वर्ष-2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया है। देश की जनता उनके इस संकल्प को पूरा करने के लिए उन्हें लगातार तीसरी बार देश की बागडोर सौंपने का मन बना चुकी है। एससी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश डोगरा ने बस्ती संपर्क अभियान तेज करने के निर्देश दिए। सदर विधानसभा क्षेत्र में एससी वर्ग की 33 फीसदी से अधिक आबादी वाली 33 बस्तियां हैं। इनमें से 25 बस्तियों में संपर्क अभियान पूरा किया जा चुका है। बैठक में भाजपा सदर मंडल अध्यक्ष हंसराज ठाकुर, एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष बेलीराम टैगोर आदि मौजूद रहे।

# गाहर के अनूप की किडनियां खराब, मदद की लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

मदद ही सबसे बड़ा धर्म और कर्म है, ऐसे में अगर अनेक लोगों की मदद किसी एक जरूरतमंद व्यक्ति का जीवन बचा दे, तो मदद करने वालों का जीवन सार्थक हो जाता है। भराड़ी उपतहसील के तहत आने वाली गाहर पंचायत के देहलवीं गांव के 46 वर्षीय अनूप सिंह की किडनियां खराब हो चुकी हैं।



इलाज के लिए लाखों रुपए की जरूरत है। घर में हालात ऐसे हैं कि इलाज करवा पाना मुश्किल है। अनूप सिंह की दो बेटियां हैं। पत्नी घर का काम संभालती है। अनूप पेशे से दिल्ली में टैक्सी चलाता था। ड्राइवरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। अनूप की दोनों किडनियां खराब होने से उसे काम धंधा छोड़ना पड़ा, जिससे उसका आमदन का साधन बंद हो गया। अनूप ने बताया कि घर में पत्नी व दो बेटियों के अलावा कोई और नहीं है। चिकित्सकों ने ट्रांसप्लांट के लिए कहा है, लेकिन ट्रांसप्लांट के लिए पैसे नहीं हैं। अनूप की इलाज के लिए जमा पूंजी खर्च हो चुकी है। ऐसे में अब उम्मीद छूटने लगी है।

इस विपदा की घड़ी में अनूप ने अपना दुख व्यक्त करते हुए आंखें नम कर दी। दानी सज्जन जो इस परिवार की मदद करना चाहते हैं वह अनूप सिंह के खाता नंबर 50100263567782 आईएफएससी कोड एचडीएफसी 0000273 व गूगल पे नंबर 9555126377 पर आर्थिक मदद कर सकते हैं।

# पीपीटी से सुरक्षा प्रबंधों के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

जिला मुख्यालय के बचत भवन में वीरवार को लोकसभा चुनाव-2024 से संबंधित तैयारियों की समीक्षा की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य निर्वाचन अधिकारी मनीष गर्ग ने की। समीक्षा बैठक के दौरान मनीष गर्ग ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव आयोग लगातार चुनाव से संबंधित दिशा-निर्देशों को अपडेट कर रहा है। इसीलिए सभी अधिकारी वर्तमान में जारी दिशा-निर्देशों के साथ अपडेट रहें।



बचत भवन में लोकसभा चुनाव से संबंधित तैयारियों की समीक्षा बैठक में मौजूद अधिकारी।

उन्होंने मतदाता पंजीकरण, मतदान प्रतिशतता में बढ़ोतरी की संभावनाओं और मतदान केंद्रों पर आवश्यक प्रबंधों को लेकर भी अधिकारियों के साथ व्यापक चर्चा की। सर्विस वोटर्स, दिव्यांग मतदाताओं और 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के मतदान के संबंध में भी उन्होंने दिशा-निर्देश जारी किए। निर्वाचन प्रक्रिया के संबंध में अधिकारियों-कर्मचारियों के प्रशिक्षण के लिए पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए। पिछले चुनाव में कम मतदान प्रतिशतता वाले मतदान केंद्रों पर विशेष रूप से फोकस किया जाना चाहिए। बैठक में ट्रांसपोर्ट प्लान, मतदान केंद्रों में बिजली, पेयजल, रैंप व फर्नीचर आदि कि भौतिक स्थिति, ईवीएम-वीवीपैट जागरूकता के लिए मोबाइल वैन की स्थिति आदि विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। जिले में आदर्श आचार संहिता की अक्षरश अनुपालना के लिए सभी टीमें हर समय सक्रिय रहनी चाहिए और फील्ड में उड़नदस्तों की नियमित रूप से मूवमेंट हो। उन्होंने जिले में तैनात विभिन्न टीमों की ताजा स्थिति की जानकारी भी ली।

समीक्षा बैठक में उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आबिद हुसैन सादिक ने चुनाव की तैयारियों और जिले में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए जिला में किए जा रहे विभिन्न प्रयासों को पीपीटी के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। एसपी ने पीपीटी के माध्यम से सुरक्षा प्रबंधों के बारे में अवगत करवाया।



जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक में मौजूद अधिकारी।

# आधार कार्ड को अपडेट करने का किया आग्रह

**बिलासपुर।** एडीसी बिलासपुर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक संपन्न हुई, जिसमें जिले में आधार कार्यों की समीक्षा की गई। समीक्षा उपराल महोदय ने लोगों को अपने आधार कार्ड के साथ अपने मोबाइल नं. को अपडेट करने का आग्रह किया, ताकि आधार के तहत मिलने वाली विभिन्न योजनाओं की सूचना व अन्य लाभ लोगों को मिल सके। एडीसी महोदया ने जिले के शिक्षा, चिकित्सा और बैंकों व अन्य विभाग को निर्देश दिए कि ये सभी चलाई जा रही आधार मशीनों का शत- प्रतिशत कार्य करना सुनिश्चित बनाएं। उन्होंने जिलावासियों से अपने-अपने आधार कार्ड को अपडेट करने की अपील की।

# मरोहिया में सड़क की हालत खस्ता

## लोगों का कहना: बारिश के दौरान सड़क पर चलना हो जाता मुश्किल

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता उपमंडल की डमली पंचायत के गांव मरोहिया में सड़क की खस्ता हालत से वाहन चालक और ग्रामीण परेशान हैं। लोगों का कहना है कि बारिश के दौरान सड़क पर चलना मुश्किल हो जाता है।

स्थानीय लोगों में पवन कुमार, सुरेश शर्मा, विनोद कुमार, जगतार सिंह, निर्मल सिंह, सुरजन सिंह, कुलदीप कुमार, रामकरण, जय कुमार, नवीन कुमार और सतीश कुमार ने बताया कि करीब पांच साल पहले इस सड़क की टारिंग हुई थी। उसके कुछ समय बाद सड़क की हालत खस्ता हो गई। करीब डेढ़ किलोमीटर सड़क बुरी तरह से खराब है। यह सड़क स्कूल, पीएनबी बैंक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तक जाती है। इस सड़क से लगातार आना-जाना लगा रहता है।

### सड़क की मरम्मत जल्द शुरू की जाए

बारिश के दौरान तो सड़क पर पैदल चलना मुश्किल हो जाता है, क्योंकि नालियां बंद होने से सारा पानी सड़क में एकत्रित हो जाता है। वहीं, दोपहिया वाहन चालकों को ज्यादा दिक्कतें उठानी पड़ती हैं और हादसे का भी खतरा बना रहता है। स्कूल के बच्चे भी इसी सड़क से आते-जाते हैं, इसलिए विभाग को चाहिए कि इस सड़क की मरम्मत शीघ्र करवाई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। सहायक अभियंता नितेश कुमार ने कहा कि 15 दिन में सड़क को ठीक करवा दिया जाएगा। नालियां बंद होने के कारण पानी सड़क में आ जाता है।

# संदीप तलवंडी ने जीती बड़ी माली, छोटी अंकुश कुरुक्षेत्र

**अनंत ज्ञान, डंगार चौक**

हटवाड़ में लखदाता छिंज कमेटी हटवाड़ की ओर से विशाल दंगल का आयोजन किया गया। इस विशाल दंगल में कुश्तियों का शुभारंभ मुख्यातिथि लेख राम सेवानिवृत्त केंद्र मुख्य शिक्षक गांव पनतेहड़ा ने किया। कमेटी के प्रधान जसवीर सिंह ने मुख्यातिथि को बैज व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया व मुख्यातिथि ने अपनी निधि कमाई से 15,100 रुपए की राशि छिंज कमेटी को दी, जिसके लिए कमेटी ने आभार व्यक्त किया। कुश्तियों में पहलवान भूपेंद्र रेगो, दीपा, पकविंद्र, मिर्जा, तालिव, रजाक और बंटी, पप्पू ने अपने जौहर दिखा कर जनता का भरपूर मनोरंजन किया छोटी माली का गुर्ज अंकुश कुरुक्षेत्र व बड़ी माली का गुर्ज संदीप तलवंडी ने लिया।



# जरोड़ा गांव का दंगल स्थगित

**घुमारवीं।** भराड़ी उपतहसील के तहत आने वाली दधोल पंचायत के जरोड़ा गांव में एक अप्रैल को होने वाला दंगल स्थगित हो गया है। ग्राम सुधार समिति जरोड़ा के प्रधान अमरनाथ भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि दधोल जारोड़ा छिंज कमेटी के अध्यक्ष सूरत राम भारद्वाज के साथ मिलकर यह निर्णय लिया गया कि 44 वर्ष से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक अप्रैल को जरोड़ा में रोहल खड्ड किनारे होने वाला दंगल स्थगित हो गया है। अब कमेटी की ओर से फिर से बैठक कर आगामी तिथि तय की जाएगी।

# घ्याणा पंचायत में पानी की समस्या

**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

बिलासपुर की कोटला पंचायत के घ्याणा गांव में लोगों को पानी की पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पा रही है। लोगों को निजी बोरवेल से पानी खरीदना पड़ रहा है। सप्ताह में एक या दो दिन ही पानी आता है और वो भी बहुत ही कम मात्रा में आता है।

स्थानीय लोगों में धर्मपाल, विजय कुमार, सुनील, शिवराम, सुनील, शर्मिला, श्याम, पिंकी, हेमा, अंजू और श्याम देई सहित अन्य लोगों ने बताया कि उन्हें स्योहला मंझोत पेयजल योजना से पानी की आपूर्ति की जाती है। पानी का सही वितरण न होने के कारण उन्हें पानी की किल्लत झेलनी पड़ रही है। इस गांव के करीब 30 परिवारों को सप्ताह में एक या दो दिन ही पानी आता है। इस कारण उन्हें निजी बोरवेल वालों से पानी खरीदना पड़ता है। पानी की किल्लत के बारे में कई बार शिकायत की गई, लेकिन समस्या ज्यों की त्यों है। उनके गांव में आधा इंच पाइप से पानी की आपूर्ति होती है। जब भी पानी आता है, तो बहुत कम मात्रा में आता है और उनकी दिनचर्या पानी भरने में ही बीत जाती है। गांव में पानी की कमी को देखते हुए जल शक्ति विभाग ने घ्याणा गांव के पास एक टैंक का निर्माण करीब एक साल पहले किया था। इसे संगलेड़ी गांव के मुख्य टैंक से भी पाइपों के जरिये जोड़ दिया गया है। उधर, इस संदर्भ में सहायक अभियंता निशांत कपूर ने कहा कि घ्याणा गांव के लोगों को शीघ्र ही नए बने टैंक से नियमित पानी की आपूर्ति शुरू कर दी जाएगी।

### साल बीत के बाद भी टैंक में पानी की आपूर्ति नहीं

एक साल बीत जाने पर भी इस टैंक को पानी की आपूर्ति शुरू नहीं की गई है। नया टैंक बन जाने के बावजूद ब्रह्मपुखर के टैंक से ही पानी की नाममात्र आपूर्ति हो रही है। लोगों ने जल शक्ति विभाग से घ्याणा गांव के लिए बनाए टैंक से पानी की नियमित आपूर्ति शुरू करने मांग की है।

**आयोजन** भाजपा एससी मोर्चा की मंडल स्तरीय बैठक झंडूता में हुई आयोजित

# झंडूता से 30 हजार की बढ़त का किया दावा

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता मंडल भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सक्रियता बढ़ा दी है। इसके तहत वीरवार को भाजपा एससी मोर्चा की मंडल स्तरीय बैठक झंडूता में आयोजित की गई।



भाजपा एससी मोर्चा की मंडल स्तरीय बैठक में मौजूद कार्यकर्ता।

मंडल अध्यक्ष सोहन लाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राकेश डोगरा ने बतौर मुख्यातिथि, जबकि प्रदेश महामंत्री कृष्णलाल चंदेल व जिला अध्यक्ष बेलीराम ने विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज करवाई। बैठक में कार्यकर्ताओं को चुनावी टिप्स दिए गए। इसके अलावा झंडूता का चहुंमुखी विकास करवाने के साथ ही लोगों की समस्याएं जानने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प पदयात्रा शुरू करने के लिए विधायक जीतराम कटवाल की सराहना की गई। राकेश ने कहा कि मोदी सरकार का 10 वर्ष का कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। इस अवधि में पीएम के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में देश जहां चहुंमुखी विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है, वहीं भारत का नाम पूरे विश्व में ऊंचा भी हुआ है। मोदी सरकार ने हर वर्ग के हितों को ध्यान में रखते हुए कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हैं। करोड़ों लोग इन योजनाओं से लाभान्वित हो रहे हैं। प्रधानमंत्री की नीतियों की बदौलत बजट का मुख और विकास का रुख गांवों की ओर मुड़ा है। उनकी राष्ट्रवादी सोच से भारत वर्ष 2047 तक न केवल विकसित राष्ट्र बनेगा, बल्कि फिर से विश्व गुरु बनेगा। प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए भाजपा कार्यकर्ता कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। झंडूता में पिछले सात वर्षों में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। यहां तक कि पिछड़ा कहे जाने वाले कोटधार क्षेत्र की तकदीर और तस्वीर भी बदल गई है। बागछाल पुल इस क्षेत्र को नई पहचान दिलाने के साथ ही लोगों की आर्थिकी मजबूत करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। लोकसभा चुनाव में झंडूता क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी को कम से कम 30 हजार वोटों की बढ़त दिलाई जाएगी। बैठक में सुभाष मंहास, दिनेश, रमेश जमवाल व अमरनाथ कौंडल सहित कई कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।



# विक्की चौहान के नाम रही होला मोहल्ला की पहली सांस्कृतिक संध्या

## अन्य कलाकारों ने भी जमाया रंग, पांवटा में होला मोहल्ला उत्सव में खूब झूमे दर्शक



पांवटा साहिब में आयोजित किए जा रहे होला मोहल्ला में अपनी प्रस्तुति देते विक्की चौहान। कार्यक्रम में लोगों का काफी जमावड़ा रहा। लोग विक्की के गानों पर जमकर नाचे।

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

होली के उपलक्ष्य पर पांवटा साहिब में आयोजित किए जा रहे होला मोहल्ला उत्सव की पहली सांस्कृतिक संध्या में कलाकारों ने दर्शकों को खूब नचाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी सिरमौर रमन कुमार मीणा रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर पहली सांस्कृतिक संध्या का आगाज किया।

पहली सांस्कृतिक संध्या में हिमाचल प्रदेश के कई कलाकारों ने प्रस्तुति दी। इसमें वरिष्ठ लोक गायक विक्की चौहान मुख्य आकर्षण रहे। इसके अलावा अभिज्ञा बैंड, ठाकुर रघुवीर सिंह ने धूम मचाई। विक्की चौहान ने अपने गानों से सभी दर्शकों को खूब झुमाया। किंदे चाले बांठने किंदे चाले तू, झुमके-झुमके ओ बांठने तेरे झुमके, चांदी री पायल, बालमा मेरी प्यारी बालमा, सही पकड़े, बिमला सहित कई गाने गाए। इसके अलावा करन सूर्यवंशी, राजगढ़ नृत्य दल, पीहू, एंजल, रमेश कटोच आदि कलाकारों ने प्रस्तुति दी।

इसके साथ ही मेला अधिकारी जीएस चीमा, नगर परिषद की अध्यक्षा निर्मल कौर, आईपीएस अदिति सिंह, और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# राजगढ़ पुलिस ने 72 घंटे में सुलझाया चोरी का मामला

**राजगढ़।** शहर के राजगढ़-सोलन मुख्य सड़क पर शहर में बीचोंबीच स्थित एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में चोरी के मामले को राजगढ़ पुलिस ने लगभग 72 घंटे में सुलझा दिया है। जहां पुलिस ने चोरों को पकड़ने में सफलता हासिल की, वहीं चोरी का समान भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। यहां काबिलेजिक्र है कि राजगढ़ में इलेक्ट्रॉनिक की एक दुकान से रविवार प्रातः करीब दो बजे अज्ञात चोरों ने शटर तोड़कर 48 फोन और एक टेब तथा एक स्मार्ट वॉच चोरी कर ली थी। इनकी कीमत करीब छः लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने जब दुकान में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो उसमें एक युवक का चेहरा दिखा, जबकि अन्य लोगों ने मुंह मेंकपड़े लगा रखे थे।

चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद चोर राजगढ़ से फरार हो गए और चोरों ने उतर प्रदेश के बरेली के पास चोरी किए गए एक फोन में सिम लगाया और उसे ऑन किया तो पुलिस ने इसकी सूचना नेपाल सीमा तक कर दी। इसके अतिरिक्त सोशल मीडिया में चोर की फोटो भी डाली गई। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार ये चोर सोलन से जिस वाहन में गए, उसके ड्राइवर ने भी इन्हें पकड़वाने में अहम भूमिका निभाई। उपपुलिस अधीक्षक वीसी नेगी के अनुसार चोरी के मामले में युवकों को नेपाल सीमा पर पकड़ा लिया गया है, जिन्हें लाने को पुलिस दल वहां गया है । यहां पहुंचने के बाद ही उनके नाम पते पता लग पाएंगे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने चोरी का सामान भी बरामद कर लिया है।

# मंदिर के गर्भगृह के जीर्णोद्धार में देरी से पुनः बदला शूलिनी माता के विराजमान का मुहूर्त

## अब 5 अप्रैल को अपने गर्भगृह में होंगी विराजमान, 31 से मंदिर में होगा अनुष्ठान

**भावना शांडिल, सोलन**

सोलन की अधिष्ठात्री देवी माता शूलिनी के मंदिर गर्भगृह के जीर्णोद्धार का कार्य समय सीमा में पूरा नहीं हो सका। इसके चलते माता शूलिनी के मंदिर के गर्भगृह में पुनः विराजमान होने के मुहूर्त में बदलाव करना पड़ा है। इसको लेकर श्रद्धालुओं में निराशा है। पहले माता को मंदिर में स्थापित करने के लिए चार मुहूर्त निकाले गए थे, परंतु चारों मुहूर्त तक काम पूरा नहीं हो सका।

माता के कल्याणे शेर सिंह का कहना है कि अगला मुहूर्त 5 अप्रैल का निकला है। प्रशासन ने तय समय पर मंदिर के गर्भगृह में जीर्णोद्धार का कार्य संपन्न करने का आश्वासन दिया था, पर अभी तक कार्य चल हुआ है, जिसके चलते अब प्रशासन के पास 31 मार्च तक का समय है। 31 मार्च से मंदिर में अनुष्ठान शुरू हो जाएंगे और 5 अप्रैल को माता अपने गर्भगृह में विराजमान हो जाएंगी।

पहले प्रशासन ने 26 मार्च तक कार्य पूरा करने लक्ष्य रखा था, परंतु ऐसा नहीं हो सका। माता को अपने गर्भगृह के बाहर बैठे 108 दिन से ज्यादा का समय हो चुका है।

विदित रहे कि शूलिनी माता मंदिर ट्रस्ट इस मंदिर का जीर्णोद्धार करवा रहा है। मंदिर ट्रस्ट ने परिसर को आकर्षक और सुविधाजनक बनाने के लिए मरम्मत का निर्णय लिया था। इसी वजह से पिछले एक वर्ष से भी ज्यादा समय से माता की मूर्तियां गर्भगृह के बाहर हॉल में रखी गई हैं। (अनंत ज्ञान)



गर्भगृह के बाहर विराजमान माता शूलिनी देवी।

### कल्याणों ने जाहिर की नाराजगी

इस कार्य में देरी के चलते माता के कल्याणों ने भी नाराजगी जाहिर की थी। प्रशासन ने इसका संज्ञान लिया, पर काम फिर भी तय सीमा में नहीं हुआ। कल्याणों के मुताबिक माता मुहूर्त के मुताबिक अपने गर्भगृह में विराजमान हो जाएंगी। माता को पुनः गर्भगृह में विराजमान करने के लिए कार्यक्रम के अनुसार गर्भगृह का जीर्णोद्धार कार्य 31 मार्च को पूरा हो जाएगा। इसके बाद मंदिर में अनुष्ठान शुरू होंगे। जिसके तहत मंदिर में पाठ कराया जाएगा। इसके बाद 5 अप्रैल को माता की मूर्ति को विधि विधान के साथ गर्भगृह में स्थापित कर दिया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### एकेएम स्कूल ददाहू के मेधावी नवाजे



एकेएम पब्लिक स्कूल ददाहू में आयोजित समारोह में सम्मानित बच्चे।

**रेणुका जी।** एकेएम पब्लिक स्कूल ददाहू में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। इस दौरान स्कूल के बच्चों ने जहां रंगारंग संस्कृति कार्यक्रम प्रस्तुत करके समां बांधा, वहीं विभिन्न गतिविधियां में अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य रेणु शर्मा ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम स्कूल की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत से कार्यक्रम का आगाज किया। इससे पूर्व स्कूल के प्रिंसिपल सुरेंद्र ठाकुर ने स्कूल की उपलब्धियां व गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित अभिभावकों का आभार जताया। मुख्यातिथि ने बच्चों को पुरस्कार बांटे। इस मौके पर स्कूल के प्रबंध निदेशक विजय ठाकुर, एसएमसी के अध्यक्ष रमन ठाकुर, ददाहू पंचायत के उपप्रधान विजय पाल, नीलम अग्रवाल, शकुंतला देवी, सुनीता भट्टी सहित अभिभावक व अन्य लोग मौजूद थे।

### ठौड़ निवाड़ महायज्ञ का आयोजन 30 से

**राजगढ़।** आठ सौ साल पुराने ऐतिहासिक पारंपरिक एवं धार्मिक स्थल गुरु इतवार नाथ मठ ठौड़ निवाड़ में आगामी 30 व 31 मार्च व 1 अप्रैल को शांद महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। मठ के मुख्य पुजारी भूपेंद्र गिरि ने बताया कि 30 मार्च को कुरुड़ प्रस्थान बलसन घोड़ना से, गुरु ध्वजा यात्रा, कुरुड़ स्वागत, चरू स्थापना, 31 मार्च को रेखा पूजन, ज्वाला माता रवाना व शिरगुल देवता शाया का आगमन, कुरुड़ शोभायात्रा, शिखा पूजन, शुद्धि हवन, गुरु गद्दी प्रतिष्ठा व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यहां काबिलेजिक्र है कि शांद महायज्ञ यहां तभी आयोजित होता है, जब कहीं नए मंदिर का निर्माण पूर्ण हो या फिर देवता की स्नान यात्रा संपन्न हुई हो। कुरुड़ देवदार की लकड़ी का बनाया जाता है और इसे मंदिर के शिखर पर लगाया जाता है।

### चिकित्सा जांच शिविर में 869 लोगों का चेकअप

**राजगढ़।** कलगीधर ट्रस्ट बडू साहिब की ओर से संचालित अकाल चैरिटेबल अस्पताल बडू साहिब में आयोजित चिकित्सा शिवर में 869 लोगों को चेकअप किया गया। चेकअप के बाद विभिन्न रोगों के 9 बड़े व 12 छोटे ऑपरेशन किए गए। इस शिविर में रोगियों के साथ आए तीमारदारों के लिए रहने व खाने की व्यवस्था की कलगीधर ट्रस्ट की ओर से निशुल्क उपलब्ध कराई गई थी। इस शिविर में जालंधर और पटियाला से आए जिन डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं दीं, उसमें डॉ. गौतम सिकंद (ईएनटी विशेषज्ञ), डॉ. सतविंद्र (जनरल फिजिशियन), डॉ. जीपी सिंह (ऑर्थोपेडिशियन), डॉ. सुलखान सिंह (जनरल फिजिशियन), डॉ. मुकेश (एनेस्थेटिस्ट), डॉ. सुखविंद्र (एनेस्थेटिस्ट), डॉ. आहूजा (एनेस्थेटिस्ट), डॉ. रवि (जनरल सर्जन), डॉ. सुरिंद्र जगत (जनरल सर्जन), डॉ. सुभाष खन्ना (डेंटल सर्जन), डॉ. अमनजोत (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. सुरिंद्र (नेत्र रोग विशेषज्ञ) शामिल है। इसके साथ-साथ सहायक स्टाफ की समर्पित टीम के साथ-साथ अकाल कॉलेज ऑफ नर्सिंग के अटूट समर्थन ने इस शिविर के सुचारु संचालन को सुनिश्चित किया।

### नाहन मेडिकल कॉलेज की ओर चलने वाले वाहनों का मार्ग डायवर्ट : सुमित खिमटा

**नाहन।** जिला दंडाधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने नाहन के जीएसटी भवन से डॉ. यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल और मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से जीएसटी भवन मार्ग पर चलने वाले सभी प्रकार के वाहनों के रूट को 30 और 31 मार्च तक डायवर्ट करने के आदेश जारी किए हैं। जिला दंडाधिकारी की ओर से जारी आदेशों के अनुसार जीएसटी भवन के सामने स्थापित बैचिंग प्लांट की डिस्मेंटलिंग और लोडिंग के दृष्टिगत इस मार्ग पर वाहनों के परिचालन को डायवर्ट किया गया है। जारी आदेशों के अनुसार अब 30 और 31 मार्च को दो दिन के लिए जीएसटी भवन से मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की ओर तथा मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल से जीएसटी भवन की ओर चलने वाले सभी वाहनों के मार्ग को डायवर्ट करते हुए वाया गुन्नुघाट, अग्रसेन चौक, राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला होते हुए दोनों तरफ चलाने के निर्देश किए गए हैं। जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी इन आदेशों में कहा गया है कि आदेशों की उल्लंघना करने वालों पर नियमों के अनुसार कार्रवाई की जायेगी। यह आदेश 30 मार्च से 31 मार्च तक प्रभावी रहेंगे।

### अध्यापक प्रशिक्षण प्रवक्ताओं ने साझा किए अनुभव

**नाहन।** डाइट नाहन में अध्यापकों को प्रशिक्षण देने वाले प्रवक्ताओं के क्षमता निर्माण के लिए स्टार प्रोजेक्ट के तहत पांच दिवसीय कार्यशाला के तीसरे दिन स्रोत व्यक्ति डॉ. ईश्वर दास राही ने अपनी सिंगापुर शैक्षणिक भ्रमण के अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस तरह से सिंगापुर के नागरिकों के अंदर स्वानुशासन है और वे लोग अपने राष्ट्र को केंद्र में रखकर अपनी हर गतिविधि को अंजाम देते हैं। उन्होंने 21वीं सदी की शैक्षणिक पैड़ागोजी के अंतर्गत एक्सप्रिएंसियल लर्निंग पर चर्चा की। उन्होंने एक्सपीरियंशियल लर्निंग क्या है, इसके कितने प्रकार और प्रविधियां और कैसे हम छात्रों को इसके माध्यम से लर्निंग करवा सकते है, इन सब पहलुओं पर जानकारी देते हुए व्यवहारिक गतिविधियां प्रवक्ताओं के साथ साझा की। भारत की वर्तमान परिस्थितियों और उपलब्ध संसाधनों से हम किस प्रकार से एक्सपीरियंशियल लर्निंग लागू कर सकते हैं और किस तरह से पाठ्यक्रम में उसे स्थान दिया जाए, इन सभी बातों पर चर्चा की गई। बाद दोपहर के सत्र में दिनेश गुलाटी ने मापन, आकलन एवं मूल्यांकन विषय पर अपनी बात रखी। उन्होंने मूल्यांकन का राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदर्भ में 360 डिग्री रिपोर्ट कार्ड और छात्रों के समग्र मूल्यांकन पर चर्चा की।

# अवस्थी को प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाने पर अर्की में खुशी की लहर

**अनंत ज्ञान, अर्की**

मुख्य संसदीय सचिव एवं अर्की के विधायक संजय अवस्थी को हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी में कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त करने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अर्की एवं इसके सभी अग्रणी संगठनों में खुशी की लहर है।

ब्लॉक कांग्रेस अर्की मीडिया अध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि अर्की विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय अवस्थी के हिमाचल कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त होने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सतीश कश्यप ने मुख्य संसदीय सचिव को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

उन्होंने कहा कि इस नियुक्ति से ब्लॉक कांग्रेस अर्की और कांग्रेस कार्यकर्ता गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उनकी हिमाचल कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष पद पर नियुक्ति उनके द्वारा संगठन में कड़ी मेहनत और निष्ठावान कार्य को देखते हुए की गई है। उन्होंने मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी की इस नियुक्ति पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी, हिमाचल प्रदेश के प्रभारी राजीव शुक्ला, मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं समस्त कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं का ब्लॉक कांग्रेस अर्की एवं इसके सभी अग्रणी संगठनों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की तरफ से आभार व्यक्त किया गया है।



अर्की में संजय अवस्थी का स्वागत करते लोग।

# भाजपा के मंसूबों को पूरा नहीं होने देंगे : अवस्थी

## कहा-लोकसभा के साथ उपचुनाव भी जीतेगी कांग्रेस, भाजपा ने दिया महिला विरोधी होने का परिचय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त अध्यक्ष, सीपीएस और अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि भाजपा अपने मंसूबों में पूरी तरह विफल हुई है। प्रदेश सरकार अपने पांच साल का कार्यकाल पूरा कर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाएगी।

सोलन में आयोजित पत्रकार वार्ता में अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जनकल्याण नीतियों से हर वर्ग का कल्याण करने को लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने महिला सम्मान निधि को रोककर महिला विरोधी होने का परिचय दिया है। उन्होंने बागी विधायकों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को पांच साल चलाने का मेंडेट दिया है। पार्टी से विश्वासघात करने वालों को जनता नकार देगी। अवस्थी ने कहा कि प्रदेश में चारों लोकसभा सीटों के साथ-साथ उपचुनाव में भी कांग्रेस की जीत होगी। यही पार्टी का संकल्प है।

कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की भी यही अपेक्षा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के नाम अंतिम चरण में हैं, जल्द ही इनकी घोषणा कर दी जाएगी। संजय अवस्थी ने प्रदेश कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने पर शीर्ष नेतृत्व का आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सत्ता के मुंह में लोकतंत्र पर प्रहार कर रही है। विधानसभा में जो हुआ, उसे प्रदेश ने भी देखा और देश ने भी। देवी-देवताओं के इस प्रदेश की सरकार को गिरने व स्थिर करने में भाजपा ने जो प्रयास किए हैं, उसमें उन्हें विफलता मिली है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय चुनौती पूर्ण है, लेकिन उनका पूरा प्रयास रहेगा कि वह एक टीम की तरह काम करें। उन्होंने विपक्ष के नेताओं का भी धन्यवाद किया। उनके इस प्रयास से उन्हें कांग्रेस पार्टी की कुछ कमियां देखने को मिलीं और उन्हें हल भी किया गया।

अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस के प्रत्येक कार्यकर्ता को जिम्मेदारी मिलेगी। कांग्रेस सरकार ने अपनी पांच गारंटियों को पूरा कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा के मंसूबों को कभी भी पूरा नहीं होने देंगे। उन्होंने भाजपा से नाराज नेताओं को लेकर पूछे एक प्रश्न के जवाब में कहा की कांग्रेस के द्वार सबके लिए खुले हैं।



सोलन में पत्रकार वार्ता करते कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष संजय अवस्थी।

# कछुआ गति से चल रहा धरयार-नारग मरयोग सड़क के जीर्णोद्धार का कार्य

## सड़क में हैं गड्ढे या गड्ढों में सड़क, पता लगाना हुआ मुश्किल

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

सड़क मार्ग किसी भी क्षेत्र की भाग्य रेखाएं कहलाती हैं। अगर भाग्य रेखाएं ही कटी-फटी या आड़ी तिरछी होंगी, तो उस क्षेत्र का भाग्य और भविष्य भी अच्छा नहीं हो सकता। यह बात पच्छाद विधानसभा क्षेत्र में फिट बैठती है। इस क्षेत्र की सड़कों की हालत खस्ताहाल है। इन दिनों सबसे ज्यादा खस्ताहाल लगभग 40 किलोमीटर लंबी सड़क धरयार-नारग-मरयोग है।

इस सड़क का आज से लगभग दो वर्ष पहले शुरू हुआ जीर्णोद्वार का कार्य कछुआ गति से चल रहा है। पूर्व भाजपा सरकार के समय में इस सड़क के लिए 45 करोड़ रुपए की डीपीआर बनी थी। फिर बाद में इस राशि को घटाकर 38 करोड़ रुपए की डीपीआर बनाई गई। इसके बाद इस सड़क के नवीनीकरण कार्य का बजट 34 करोड़ रुपए रखा गया था। मगर इस कार्य का टेंडर 28 करोड़ रुपए में हुआ। इस सड़क के नवीनीकरण कार्य में जहां सड़क की चौड़ाई बढ़ाई जानी है, वहीं सड़क में पुलिया डालने, डंगे लगाने, रिटेनिंग वॉल, पैराफिट और नालियां बनाने का कार्य शामिल है।

पिछले कई सालों से लोक निर्माण विभाग में सड़क पर पेचवर्क भी नहीं किया है। इसके चलते सड़क की हालत बहुत खस्ता हो चुकी है। सड़क में गड्ढे हैं या गड्ढों में सड़क, इस बात का पता लगाना मुश्किल है। जानकारी मिली है कि जिस ठेकेदार ने सड़क का टेंडर लिया था, उसने आगे तीन हिस्सों में छोटे ठेकेदारों को काम बांट दिया। सड़क की खस्ता हालत वाहन चालकों के लिए परेशानी का सबब बन गई है।

वहीं, धरयार से लेकर मड़ीघाट तक ठेकेदार ने कटिंग कर पत्थर भी सड़क के किनारे ही रखे हैं। इससे सड़क बहुत तंग हो चुकी है। इस कारण वाहनों को पास देने में चालकों को भारी परेशानी हो रही है।

लोक निर्माण विभाग पच्छाद उपमंडल के अधिशाषी अभियंता दिलीप कौंडल के अनुसार ठेकेदारों की बैठक बुलाई गई थी। ठेकेदारों ने बताया कि उनकी मशीनरी खराब हो गई थी। अधिशाषी अभियंता ने बताया कि अगर जल्द काम शुरू नहीं होगा, तो ठेकेदारों के खिलाफ विभाग अगली कार्रवाई करेगा।

# स्वास्थ्य सुविधाओं की निगरानी के लिए समिति का किया है गठन : वर्मा





जिला गुणवत्ता आश्वासन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, नाहन**

अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर एलआर वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से समस्त स्वास्थ्य संस्थानों में रोगियों को उपलब्ध करवाई जा रही उच्च एवं गुणात्मक स्वास्थ्य सुविधाओं की निगरानी के लिए जिला गुणवत्ता आश्वासन समिति का गठन किया गया है।

यह समिति जिला के स्वास्थ्य संस्थानों में गुणात्मक स्वास्थ्य सेवाओं पर लगातार निगरानी बनाए रखती है और समय-समय पर अपनी रिपोर्ट भी प्रस्तुत करती है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी नाहन में स्वास्थ्य संस्थानों एवं अस्पतालों में गुणात्मक स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता की निगरानी के लिए गठित जिला गुणवत्ता आश्वासन समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

एलआर वर्मा ने इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की ओर से सिरमौर जिले में संचालित सभी स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध करवाई जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता की समीक्षा भी की। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक ने भी इस दौरान जानकारी उपलब्ध करवाई।

# नाहन के कुछ क्षेत्रों में आज रहेगी बिजली बंद

**नाहन।** जिला सिरमौर के मुख्यालय नाहन के कुछ क्षेत्रों में 29 मार्च को बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता बिजली उपमंडल-1 द्वारा यह जानकारी दी गई है। उन्होंने बताया कि विला राउंड, फाउंड्री, डीआरओ ऑफिस, डीपीआरओ ऑफिस, एसएफडीए हॉल, जिला परिषद हॉल, डिप्टी डायरेक्टर ऑफिस व इसके आसपास के क्षेत्रों में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

सहायक अभियंता ने बताया कि इस अवधि के दौरान आवश्यक मरम्मत व बिजली केबल डालने का कार्य किया जाना है। इस दौरान सभी आम जनता से सहयोग की अपील की जाती है। शट-डाउन पूर्ण रूप से मौसम के अनुकूल होने पर ही प्रभावी रहेगा। खराब मौसम के चलते कार्य में बदलाव किया जा सकता है।

**आयोजन** शूलिनी विवि में सारस्वतुला मेमोरियल अवार्ड विजेता महिला लेखक सम्मानित

# कामकाजी महिलाओं की जीत और कठिनाइयों पर डाला प्रकाश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय के साहित्य फेस्ट में साहस और नवीनतम लेखकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से पल्लवी सरस्वतुला मेमोरियल अवार्ड के विजेताओं का अनावरण किया। यह विशिष्ट सम्मान पल्लवी सारस्वतुला की स्मृति का सम्मान करता है, एक युवा महिला जिसने 2023 साहित्य फेस्ट में शूलिनी के मंच पर भाग लेने के ठीक दो महीने बाद कैंसर के कारण असामयिक निधन से पहले कई जिंदगियों को छुआ था।

पल्लवी की विरासत उनके उल्लेखनीय योगदान के माध्यम से जीवित है, विशेष रूप से उनकी सह-लिखित पुस्तक 'डोंट आस्क मी हाउ आई एम डूइंग', जिसमें युवा कैंसर से बचे लोगों और देखभाल करने वालों की सामूहिक यात्रा को दर्शाया गया है। उनकी कहानी ने जजों के पैनल को गहराई से प्रभावित किया, जिसमें पल्लवी के पिता एस प्रभाकर और शूलिनी विश्वविद्यालय में लिबरल आर्ट्स के प्रोफेसर शामिल थे।

पुरस्कार समारोह में प्रियदर्शनी नरेंद्र और अनीशा मोटवानी पल्लवी सारस्वतुला मेमोरियल पुरस्कार के योग्य प्राप्तकर्ता बनकर उभरे। उनका सहयोगात्मक कार्य, 'शी स्टामर्स द नॉर्म', उन कामकाजी महिलाओं की जीत और कठिनाइयों पर प्रकाश डालता है जो सामाजिक अपेक्षाओं को धता बताती हैं, जो महिला अनुभव में निहित लचीलेपन और विविधता का उदाहरण है। इसके अतिरिक्त, यामिनी प्रशांत को उनके आत्मनिरीक्षण कविता संग्रह 'फूड फॉर थॉट' के लिए विशेष उल्लेख मिला, जो मानसिक स्वास्थ्य संघर्ष और व्यक्तिगत विकास की खोज है। पुरस्कार ने नामकला चैपगैन, कामायनी, साची ढिल्लों और अंकिता श्रीवास्तव जैसे नामांकित व्यक्तियों के प्रभावशाली योगदान को भी स्वीकार किया, जिनके साहित्यिक प्रयासों ने सांस्कृतिक अन्वेषण, महिला पहचान, साहसिक कार्य और रूढ़िवादिता को तोड़ने जैसे विषयों को शामिल किया।

शूलिनी विश्वविद्यालय के ट्रस्टी और साहित्य महोत्सव के निदेशक डॉ. आशु खोसला ने महिला लेखकों के साहस और कथात्मक शक्ति को सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा 'शूलिनी लिटरेचर फेस्टिवल पल्लवी जैसी आवाजों को सम्मानित करने के लिए समर्पित है, जो कहानी कहने के माध्यम से प्रेरित और सशक्त बनाती हैं।' खोसला ने आगे कहा कि यह पुरस्कार उन महिलाओं के लिए प्रेरणा और समर्थन का प्रतीक है, जो प्रतिकूल परिस्थितियों को शक्तिशाली कहानियों में बदल देती हैं।



शूलिनी विवि में महिला लेखक विजेता पल्लवी को सम्मानित करते चांसलर।

# नागरिक चिकित्सालय अर्की को दिए 5 व्हीलचेयर और 5 स्ट्रेचर

**अनंत ज्ञान, अर्की**

अर्की के वार्ड नं. 6 के गिरधारी लाल शर्मा परिवार ने नागरिक चिकित्सालय अर्की को 5 व्हीलचेयर व 5 स्ट्रेचर दान किए हैं।

नगर पंचायत अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने बताया कि रोगी कल्याण समिति की बैठक के दौरान सिविल अस्पताल अर्की में चर्चा हुई थी कि अस्पताल के पास व्हीलचेयर व स्ट्रेचर की कमी है। इस बारे अर्की वार्ड नं. 6 के गिरधारी लाल शर्मा को पता चला तो उन्होंने अपने पुत्र विशाल शर्मा के जन्मदिन के मौके पर दान कर दिए।

गिरधारी लाल शर्मा ने कहा कि उनकी पत्नी रेवा शर्मा स्वास्थ्य विभाग से ही तीन वर्ष पहले सेवानिवृत्त हुए हैं व परिवार ने निर्णय लिया व अस्पताल को दान स्वरूप 5 व्हीलचेयर व 5 स्ट्रेचर दिए गए। नगर पंचायत अध्यक्ष अनुज गुप्ता ने शर्मा परिवार का इसके लिए धन्यवाद किया।





गिरधारी लाल शर्मा परिवार ने अर्की अस्पताल को जरूरत का सामान दिया।

# रिपन अस्पताल में फ्री मिलेगी डायलिसिस की सुविधा

## अप्रैल से शुरू होगा निशुल्क इलाज, निजी कंपनी के साथ करार, मरीजों को नहीं सताएगी पैसों की चिंता

**आशिमा वैरागी, शिमला**

शिमला के दीनदयाल उपाध्याय (डीडीयू) जोनल अस्पताल में किडनी रोगियों को डायलिसिस करवाने के लिए अब महंगे खर्च की चिंता नहीं सताएगी।

अस्पताल प्रबंधन ने आगामी एक अप्रैल से सभी रोगियों को डायलिसिस की सुविधा मुफ्त में उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया है। इसके लिए हंस फाउंडेशन संस्था के साथ कोड ऑफ कंडक्ट लगने से पहले ही करार हो चुका है। अभी स्वास्थ्य विभाग की ओर से कागजी कार्रवाई पूरी की जा रही है। आगामी अप्रैल से अस्पताल में मरीजों को सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी। कागजी प्रक्रिया पूरी होने के बाद दस दिन के भीतर यह संस्था यहां पर काम करना शुरू कर देगी। डीडीयू के सीनियर चिकित्सक डॉ. एचआर ठाकुर का कहना है कि अस्पताल में पुरानी कंपनी, जो कि डायलिसिस की सुविधा दे रही थी उसका अनुबंध पूरा हो गया है।



अस्पताल में अब हंस फाउंडेशन संस्था यह सुविधा शुरू करेगी, जो कि पूरी तरह निशुल्क रहेगी। डीडीयू जोनल अस्पताल में शिमला के अलावा सिरमौर, सोलन और किन्नौर से मरीज आते हैं। अस्पताल में रोजाना 1500 से ज्यादा ओपीडी होती है। ऐसे में मरीजों को मुफ्त सुविधा मिलने से फुट फॉल और ज्यादा बढ़ेगा। इसी को ध्यान में रखते हुए छह मशीनें लगाने का निर्णय लिया गया है, ताकि लोगों को अपने इलाज के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े। (अनंत ज्ञान)

### खराब किडनी वाले मरीजों के लिए डायलिसिस जरूरी

डायलिसिस शरीर से अपशिष्ट उत्पादों और अतिरिक्त फ्लूड को हटाने की एक कृत्रिम प्रक्रिया है। इसकी जरूरत तब होती है, जब किडनी ठीक से काम नहीं करती। कई कारणों से डायलिसिस की जरूरत हो सकती है, लेकिन रक्त से अपशिष्ट उत्पादों को पर्याप्त रूप से फिल्टर करने के लिए किडनी की अक्षमता (किडनी की विफलता) सबसे आम है। किडनी धीरे-धीरे अपशिष्ट उत्पादों को फिल्टर करने की अपनी क्षमता खो सकती है (जिसे क्रॉनिक किडनी डिजीज या क्रॉनिक किडनी फेलियर कहा जाता है)। किडनी के फेलियर से पीड़ित लोगों में रक्त परीक्षण से पता चलता है कि किडनी अब अपशिष्ट उत्पादों को पर्याप्त रूप से फिल्टर नहीं कर सकती है। इसके बाद डॉक्टर तब तक डायलिसिस जारी रखते हैं, जब तक किडनी की कार्यक्षमता पर्याप्त रूप से ठीक नहीं होती।

### हफ्ते में दो से तीन बार करवाना होता है डायलिसिस

किडनी फेल होने के दौरान मरीज को तुरंत डायलिसिस की जरूरत रहती है। मरीज को सप्ताह में दो से तीन बार भी डायलिसिस करवाना पड़ता है। यह प्रक्रिया तब तक होती है, जब तक वह स्टेबल नहीं हो जाता। वहीं मरीज को बिना स्टेबल किए डायलिसिस बंद नहीं किया जा सकता। नहीं तो उसकी जान भी जा सकती है। अधिकतर तीमारदार अपने पेशेंट को या तो चंडीगढ़ लेकर जाते हैं या फिर सुबह से ही आईजीएमसी और डीडीयू में अपनी बारी का इंतजार करते हैं।

### पहले देने पड़ते थे 1400

डीडीयू में अभी तक मरीजों को डायलिसिस के लिए 1420 रुपए देने पड़ते थे। इसके अलावा प्राइवेट लैब में तो हजारों की राशि लगानी पड़ती थी। हालांकि हिमकेयर और आयुष्मान कार्ड धारकों को डायलिसिस की निशुल्क सुविधा मिलती थी, लेकिन अब सभी मरीजों को यह सुविधा मुफ्त में दी जाएगी। मरीजों का सारा खर्चा संस्था उठाएगी। डीडीयू अस्पताल प्रबंधन पुराने भवन के मेडिसिन वार्ड में संस्था को जगह उपलब्ध करवाएगा, जिसमें छह डायलिसिस मशीनें लगाई जाएंगी। उसके तहत दिन में दो सेशन के दौरान मरीजों को डायलिसिस की सुविधा दी जाएगी।

# हाई कोर्ट ने सार्वजनिक शौचालय में सफाई रखने के दिए निर्देश

**सुलभ इंटरनेशनल सोशल आर्गेनाइजेशन और एमसी शिमला को लगाई फटकार**

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश हाई कोर्ट ने सार्वजनिक शौचालय में सफाई व्यवस्था के दृष्टिगत निगम शिमला व सुलभ इंटरनेशनल सोशल आर्गेनाइजेशन को जरूरी निर्देश जारी किए हैं।

न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान व न्यायाधीश सुशील कुकरेजा की खंडपीठ ने जनहित याचिका की सुनवाई के पश्चात निगम शिमला को बायोमेट्रिक मशीनों के माध्यम से सभी सफाई कर्मियों की उपस्थिति दर्ज करने के आदेश दिए। कोर्ट को बताया गया था कि शिमला निगम में सफाई कर्मियों की उपस्थिति और उनके कार्य करने की टाइमिंग का लेखा-जोखा रखने का कोई कारगर तंत्र नहीं है। बायोमीट्रिक हाजिरी से सफाई कर्मचारियों की संबंधित स्थान पर उपस्थिति सुनिश्चित की जा सकती है। कोर्ट ने निगम को आदेश दिए कि दो सप्ताह की अवधि के भीतर इस प्रक्रिया को शुरू किया जाए। निगम, शिमला को बायोमेट्रिक मशीनें खरीदने के प्रस्ताव पर विचार करने और इसे राज्य चुनाव आयोग के समक्ष प्रस्तुत करने और सुनवाई की अगली तारीख पर अनुपालना रिपोर्ट दायर करने के निर्देश दिए हैं। कोह्अर्ट ने सुलभ इंटरनेशनल सोशल ऑर्गनाइजेशन को भी यह सुनिश्चित करने के आदेश दिए कि शौचालय सुविधाओं के मुफ्त उपयोग को प्रदर्शित करने वाले पर्याप्त संख्या में नोटिस हिंदी भाषा में लगाए जाएं। कोर्ट ने इस बाबत दो सप्ताह का समय दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### भाषण प्रतियोगिता में मोहित पहले स्थान पर



**ठियोग।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल फागू के जमा दो के छात्र मोहित आनंद ने अहमदाबाद गुजरात के साबरमती में 22 से 26 मार्च तक आयोजित राष्ट्रीय स्तर की भाषण प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए पहला स्थान अर्जित कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। गुजरात के साबरमती में राष्ट्रीय स्तर की भाषण प्रतियोगिता में देश के विभिन्न प्रदेशों के छात्रों ने भाग लिया, जबकि इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भाग ले चुके छात्रों ने अपना प्रदर्शन किया था, जिन्हें पछाड़कर मोहित आनंद ने राष्ट्रीय स्तर पर पहला स्थान प्राप्त किया है। वीरवार को विद्यालय पहुंचने पर शिक्षकों तथा छात्रों ने मोहित का फूल मालाओं तथा तालियों के साथ भव्य स्वागत किया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाचार्य संतोष खाची तथा स्कूल के अध्यक्ष रमेश खाची ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर स्कूल के छात्र का यह प्रदर्शन काबिले तारीफ है।

### टीबी और एड्स रोग पर लोग किए जागरूक




**सुन्नी।** स्वास्थ्य विभाग एवं राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण सोसायटी की ओर से सुन्नी स्थित रेन बसेरा में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पर्यटन और वाटर स्पोर्ट्स व्यवसाय से जुड़े युवाओं के लिए आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी सुन्नी डॉ. कंवर गुलेरिया ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा की खंड में पहला मौका है जब टीबी और एड्स पर जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य युवा,महिलाओं और बुजुर्गों को टीबी और एड्स रोग के लक्षण और बचाव बारे जानकारी देना है। एड्स आपसी संबंधों से ही नहीं होता, बल्कि युवाओं द्वारा नशे में उपयोग की जाने वाले सीरिंज जिसे बार-बार उपयोग में लाया जाने से भी फैलता है। आज युवा वर्ग में एड्स रोग की ज्यादा संभावना बढ़ रही हैं। इस जागरूकता शिविर के दौरान लगभग 100 युवा, महिला और बुजुर्गों ने हिस्सा लिया।

### लोकसभा चुनाव के लिए खोला नियंत्रण कक्ष

**शिमला।** आगामी लोकसभा चुनाव, 2024 के लिए आयकर विभाग के नोडल अधिकारी, प्रदेश व अपर आयकर निदेशक चंडीगढ़ ने बताया कि प्रदेश के शिमला में आयकर विभाग ने आगामी लोकसभा चुनाव के लिए एक नियंत्रण कक्ष खोला है, जो विशेष रूप से 24 घंटे काम कर रहा है। किसी व्यक्ति या पार्टियों की ओर से नकदी वितरण, मुफ्त उपहार या किसी प्रलोभन के संबंध में कोई भी शिकायत टोल फ्री नंबरः 1800 180 8200 और व्हाट्सऐप नंबर 9816084117 पर संपर्क करके विभाग के साथ साझा की जा सकती है। जानकारी साझा करने वाले व्यक्तियों के नाम और विवरण गोपनीय रखे जाएंगे। उन्होंने सभी नागरिकों से अनुरोध किया कि वे इस सुविधा का उपयोग करें और वास्तविक जानकारी साझा करें।

### शिमला में कुत्ते को गोली मारने पर केस

**शिमला।** शिमला में एक व्यक्ति की ओर से कुत्ते को गोली मारने का मामला सामने आया है, जिससे कुत्ते की मौत हो गई। इस घटना की सूचना लोअर खलीनी में रहने वाले एक व्यक्ति ने पुलिस को दी। उसकी शिकायत पर न्यू शिमला पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कर ली। एफआईआर में आर्म्स एक्ट भी लगाया गया है। पुलिस मामले की पड़ताल में जुट गई है। लोअर खलीनी में रहने वाले सन्नी ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि उन्होंने फॉरेस्ट कॉलोनी के पास तेज आवाज सुनी और मौके पर पाया कि एक कुत्ता दर्द से तड़प रहा है और कुछ समय बाद कुत्ते की मृत्यु हो गई। उन्होंने पुलिस को बताया कि इस दौरान एक व्यक्ति फॉरेस्ट कॉलोनी में देखा गया, जिसके हाथ में बंदूक थी। न्यू शिमला के एसएचओ ने बताया कि इस घटना को लेकर आईपीसी की धारा 429 (पशु बध) और आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### रैली निकाल मतदाताओं को किया जागरूक

**रिकांगपिओ।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने स्वीप गतिविधियों के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए रिकांगपिओ से एक प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रिकांगपिओ में विभिन्न सरकारी, प्राइवेट स्कूल व आईटीआई के स्टूडेंट्स ने रिकांगपिओ में रैली निकाल कर मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक किया।

# पुराना जुन्गा रूट पर जल्द बहाल हो बस सेवा, नहीं तो होगा आंदोलन

**अनंत ज्ञान, जुन्गा**

होली पर जुन्गा में बस के चालक-परिचालक के साथ हुई मारपीट के उपरांत एचआरटीसी शिमला ने पुराना जुन्गा के लिए जाने वाली सभी बसें बंद कर दी गई हैं, जिस बारे जुन्गा क्षेत्र की जनता में एचआरटीसी के प्रति गहरा रोष व्याप्त है।

जुन्गा के पंकज सेन, पूर्व बीडीसी सदस्य सीमा सेन, कमल शर्मा, रामलाल, राकेश वर्मा, तरूण वर्मा, मनोज वर्मा सहित अनेक बुद्धिजीवी ने संयुक्त बयान में कहा कि एचआरटीसी का यह निर्णय बिलकुल जनविरोधी है, जिससे क्षेत्र के विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, मरीजों और बच्चों को काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। बीते कई सालों से इस रूट पर पांच बसें चल रही थी, जिसे चंद शरारती तत्वों की वजह से बंद करना तर्कसंगत नहीं है। पकंज सेन ने आरएम एचआरटीसी शिमला के बयान को तर्कहीन बताते हुए कहा कि स्थानीय पंचायत प्रधान और विधायक के पास कोई प्रशासनिक शक्तियां नहीं, जिससे वह चालक-परिचालक को सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने परिवहन मंत्री से आग्रह किया कि बसों को तुरंत प्रभाव से आरंभ किया जाए और इस रूट पर चलने वाले चालक-परिचालकों को पुलिस सुरक्षा प्रदान की जाए, ताकि इस क्षेत्र की जनता को कोई परेशानी न उठानी पड़े। यदि लोगों की इस मांग को अनसुना किया गया, तो लोग आंदोलन करने से भी गुरेज नहीं करेंगें। एचआरटीसी शिमला यूनिट-तीन के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कुमार से जब इस बारे बता कि गई तो उन्होंने बताया कि पुराना जुन्गा रूट पर पुन: बस सेवा आरंभ करने के लिए जब तक स्थानीय प्रधान अथवा विधायक चालक-परिचालक की सुरक्षा की जिम्मेदारी नहीं लेते हैं, तब तक इस रूट पर बसें चलाना जोखिम भरा कार्य है।

# केके शर्मा बैडमिंटन एसो. के अध्यक्ष




प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के चुनाव में चुने गए प्रतिनिधि।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन के सर्वसम्मति से संपन्न चुनाव में हिमाचल प्रशासनिक सेवा के अधिकारी केके शर्मा को लगातार दूसरी बार अध्यक्ष चुना गया।

इसके अलावा रमेश ठाकुर को लगातार दूसरी बार संगठन का महासचिव और संजय कालिया को कोषाध्यक्ष चुना गया। ये चुनाव चार साल के लिए मान्य होंगे। बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष व पर्यवेक्षक अजय सिंघानिया, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी आरएस नेगी तथा पर्यवेक्षक व सोलन जिला खेल अधिकारी सविंदर कैथ की देखरेख में हुए एसोसिएशन के चुनाव में विजय ठाकुर, चंद्रशेखर तुर्की, अशोक ठाकुर, विजय काचरु, सुनील मिनोचा और जितेंद्र को उपाध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा विभोर शर्मा, अशोक आंगरा, सुमित धौटा, नागेश नेगी, दातुल चौहान और विलास हंस को संगठन का संयुक्त सचिव चुना गया। संगठन के शेष पदों को भरने के लिए संगठन के अध्यक्ष व महासचिव को अधिकृत किया गया है। इस मौके पर संगठन के नव निर्वाचित अध्यक्ष केके शर्मा ने कहा कि वह राज्य में बैडमिंटन को और अधिक ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। हिमाचल बैडमिंटन के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रहा है और प्रदेश के खिलाड़ी बीते वर्ष ही नॉर्थ जोन बैडमिंटन चौंपियनशिप में सिल्वर मेडल विजेता रहे हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय खेलों में भी हिमाचल के बैडमिंटन खिलाड़ियों ने सराहनीय प्रदर्शन किया है और गोल्ड मेडल हासिल किए हैं।

# मतदान के अधिकार में प्रभाव डालने पर होगा जुर्माना, सजा

**शिमला।** डीसी शिमला ने लोगों के लिए यह निर्देश जारी किए हैं कि अगर भारतीय दंड संहिता की धारा 171 ख, 171 ग के अनुसार यदि कोई व्यक्ति निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान धनराशि या अन्य किसी प्रकार का परितोषण प्राप्त करता है या परितोषण देता है, जो कि किसी व्यक्ति के मतदान करने के अधिकार में प्रभाव डालता हो, तो उसको एक साल के कारावास या जुर्माना व दोनों की सजा हो सकती है।

रिश्वत लेने व देने वाले के खिलाफ मामला दर्ज करने के लिए प्रत्येक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार में उड़नदस्तों का गठन किया गया है। समस्त नागरिकों को सूचित किया जाता है कि वे निर्वाचनों के दौरान किसी भी प्रकार की रिश्वत लेने व देने से बचें और यदि 50 हजार रुपए से अधिक की राशि और 10 हजार रुपए से अधिक का सामान ले जाना हो तो उससे संबंधित दस्तावेज बिल अपने साथ रखें।

# प्रदेश के स्कूलों में वोकेशनल शिक्षा में दो नए ट्रेड शुरू करने की तैयारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में दी जा रही वोकेशनल शिक्षा में अब दो नए ट्रेड हॉर्टिकल्चर और फ्लोरीकल्चर शुरू होंगे।

इन नए ट्रेड के शुरू करने का उद्देश्य छात्रों को रोजगार उन्मुख शिक्षा प्रदान करना है, इसको लेकर विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। जल्द इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया जाएगा। प्रदेश में हॉर्टिकल्चर और फ्लोरीकल्चर क्षेत्र में आय के बेहतर विकल्प को ध्यान में रखते हुए समग्र शिक्षा ने इन ट्रेड्स को शुरू करने का फैसला लिया है। विभाग की मानें तो उक्त ट्रेड्स में छात्रों को एडवांस सिलेबस पढ़ाया जाएगा, ताकि उन्हें अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद रोजगार के लिए इधर-उधर न भटकना पड़े और हॉर्टिकल्चर और फ्लोरीकल्चर में चार वर्ष की पढ़ाई करने के बाद उन्हें आसानी से रोजगार मिले। हालांकि विभाग ने एग्रीकल्चर ट्रेड में भी एडवांस सिलेबस शामिल करने का मन बनाया है, ताकि इससे छात्रों को फायदा हो। अभी इस ट्रेड में बेसिक सिलेबस ही पढ़ाया जा रहा है।

### अभी पढ़ाए जा रहे 16 से अधिक ट्रेड

वोकेशनल शिक्षा में अभी 16 से अधिक ट्रेड पढ़ाए जा रहे हैं। शैक्षणिक सत्र 2023-24 में भी विभाग ने वोकेशनल शिक्षा में दो नए ट्रेड शुरू किए थे। इस दौरान विभाग वोकेशनल के छात्रों के लिए एक्सपोजर विजिट पर भी फोकस किया। छात्रों को राज्य से बाहर विजिट करवाए जाएंगे, जहां उन्हें संबंधित ट्रेड्स में ट्रेनिंग करवाई जाएगी।

# जल्द जमा करवाएं हथियार : डीसी

**अनंत ज्ञान, रिकांगपिओ**



भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 18वें लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही किन्नौर में भी आदर्श आचार संहिता तत्काल प्रभाव से लागू हो चुकी है इसके दृष्टिगत डीसी ने सीआरपीसी की धारा 144 के तहत आदेश जारी किए हैं।

आदेशों के अनुसार 18वीं लोकसभा के चुनाव की प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुचारु एवं शांतिपूर्ण ढंग से पूर्ण करवाने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशानुसार चुनावों की घोषणा से लेकर परिणाम घोषित होने तक किसी भी प्रकार के शस्त्र/गोला-बारूद आदि को लेकर चलने पर तत्काल रूप से पाबंदी रहेगी। आदेशों के तहत सभी लोगों को जिले के भीतर किसी भी प्रकार के हथियार आदि लेकर चलने पर पाबंदी रहेगी। हालांकि यह आदेश पुलिस, सुरक्षा बलों पर लागू नहीं होंगे। डीसी ने लाइसेंस धारकों से उनके हथियार पुलिस थानों में 26 मार्च तक जमा करवाने के आदेश दिए थे। डीसी ने हथियार जमा करने को लेकर अतिरिक्त दस दिन का समय दिया है।

### जनता को अनावश्यक यात्रा न करने की सलाह

**रिकांगपिओ।** मौसम विभाग ने 31 मार्च तक अधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों बर्फबारी और वर्षा की चेतावनी दी गई है। जिला प्रशासन ने भी लोगों को ऊपरी पहाड़ी व भूस्खलन चिन्हित क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी है। शाम के समय मौसम बदलते ही जिले में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी भी देखी गई। डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार ने कहा कि भारत मौसम विज्ञान केंद्र द्वारा 31 मार्च तक अधिक ऊंचाई वालें क्षेत्रों बर्फबारी और निचले क्षेत्रों में वर्षा की चेतावनी दी है। उन्होंने जिले की जनता से पहाड़ी से भूस्खलन होने की स्थिति को देखते हुए अनावश्यक यात्रा न करने की सलाह दी है।

### कल से नाटक 'नट सम्राट' का मंचन

**शिमला।** युवा पीढ़ी द्वारा अपने माता-पिता के तिरस्कार पर आधारित नाटक का मंचन किया जाएगा। नाटक नट सम्राट का मंचन गेयटी थियेटर में 30 व 31 मार्च को किया जाएगा। नट सम्राट नाटक के निर्देशक भूपेंद्र शर्मा ने कहा कि यह नाटक आज की युवा पीढ़ी की ओर से अपने माता-पिता के तिरस्कार पर आधारित है। बुजुर्गों की उपेक्षा से उनका जीवन इस कदर मानसिक पीड़ा से ग्रसित हो जाता है कि वे घर छोड़ने पर मजबूर हो जाते हैं। नट सम्राट नाटक विश्व विख्यात शिरवाड़कर लिखित चर्चित नाटक है, जिसकी रिहर्सल गेयटी में एक माह से की जा रही है। इस नाटक को देखने के लिए गेयटी ड्रेमेटिक सोसायटी की ओर से 100 रुपए की टिकट रखी गई है।

# अवैध डंपिंग से जंगलों व पर्यावरण को हो रहे नुकसान को रोकेगा एमसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला में अवैध डंपिंग आपदा में हुए नुकसान का एक बहुत बड़ा कारण रहा है। ऐसे में अब निगम शिमला अवैध डंपिंग से जंगलों और पर्यावरण को रहे नुकसान को रोकेगा।

निगम अवैध डंपिंग को लेकर अब सख्त हो गया है और एक प्लान तैयार कर लिया है। आने वाले समय में निगम डंपिंग के लिए कुछ साइट्स का चयन करेगा और केवल उन्हीं चिन्हित साइटों पर डंपिंग हो पाएगी। इसके एवज में डंपिंग करने वालों को निगम को एक मामूली फीस देनी होगी। इसके बाद यदि कोई भी व्यक्ति अवैध डंपिंग करता हुआ पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि अवैध डंपिंग गंभीर विषय है। इसके खिलाफ अब निगम सख्त हो चुका है। निगम कुछ साइट्स का चयन करने जा रहा है, जहां लोग एक मामूली फीस देने के बाद डंपिंग कर पाएंगे। यदि इसके बाद भी कोई अवैध तरीके से डंपिंग करता हुआ पाया जाता है, तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध डंपिंग आपदा में हुए नुकसान का बड़ा कारण

सुरेंद्र चौहान ने कहा कि अवैध डंपिंग आपदा में हुए नुकसान का एक बहुत बड़ा कारण रही है और इस पर सख्त कार्रवाई की आवश्यकता है। अवैध डंपिंग से जंगलों और पर्यावरण को बहुत ज्यादा नुकसान हो रहा है। इस कारण बरसात के दौरान नाले रुक जाते हैं। ड्रेनेज सिस्टम ब्लॉक हो जाते हैं। इसे लेकर फॉरेस्ट एक्ट बहुत स्ट्रांग है और उसमें पेनल्टी का भी प्रावधान है। साथ ही निगम के एक्ट में भी सख्त कार्रवाई को लेकर बदलाव किए जाएंगे। महापौर की ओर से फॉरेस्ट विभाग को भी लिखा गया है कि फ्लाइंग स्क्वायड बनाएं और ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई करें।

# शिक्षा मंत्री ने केवल राम बांश्टा की एल्बम हिम महक का किया विमोचन




म्यूजिक वीडियो का विमोचन करते शिक्षा मंत्री।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के रोहडू क्षेत्र से संबंध रखने वाले लोक गायक केवल राम बांश्टा की एल्बम हिम महक का शिमला में शिक्षा मंत्री रोहित ने विमोचन किया।

इस अवसर पर लोक गायक केवल राम बांश्टा ने बताया कि उनका कॉलेज टाइम से ही गाना गाने का शोक रहा है और इस दौरान उन्होंने कई वीडियो और ऑडिओ एल्बम्स को लांच किया है। उनका उद्देश्य अपनी प्राचीन और समृद्ध संगीत संस्कृति को बचाने का और इसे आगे बढ़ाने का है। केवल राम बांश्टा ने बताया कि आज के समय में जिस तरह से कई गायक प्रसिद्धि पाने के लिए संगीत के मूलभूत सिद्धांतों और इसकी प्राचीन परंपरा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं, वो सही नहीं है और गायकों को प्रसिद्धि सिर्फ अपनी संस्कृति के साथ जुड़कर ही मिल सकती है।

**आयोजन** क्रिकेट क्रांति सीजन-4 का रोहडू में आगाज, एसडीएम ने की खेल प्रेमियों से वोट करने की अपील

# खेलकूद के प्रति बढ़ रहा युवाओं का रुझान

**अनंत ज्ञान, रोहडू**

इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम रोहडू (समाला) में क्रिकेट क्रांति सीजन-4 में स्वीप एक्टिविटीज (स्वीप-सिस्टमैटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) के तहत लोकतंत्र के लिए क्रिकेट का आयोजन किया गया।



इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम रोहडू में क्रिकेट क्रांति सीजन-4 के आगाज पर मौजूद खिलाड़ी व मुख्यातिथि।

इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर रोहडू के एसडीएम विजय वर्धन सारस्वत ने शिरकत की और विधिपूर्वक कार्यक्रम का आगाज किया। इसके साथ-साथ सभी खिलाड़ियों ने और प्रबंधक कमेटी ने रोहडू के लोगों से वोट करेगा रोहडू नारे के उद्घोष के साथ क्रिकेट क्रांति सीजन-चार के मैच का विधिवत शुभारंभ किया। इस आयोजन में सभी टीमों ने वोट करेगा रोहडू का लोगों को अपनी टी शर्ट में लगाया और सभी खेल प्रेमियों से वोट करने की अपील की। इस कार्यक्रम में क्रिकेट क्रांति के आयोजन कर्ताओं ने मुख्यातिथि को शॉल व टोपी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इसके साथ-साथ अन्य सभी गणमान्य मौजूद अधिकारियों को भी शॉल व टोपी और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि एसडीएम रोहडू ने अपने संबोधन में कहा कि रोहडू में खेलकूद के प्रति युवाओं का आकर्षण दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। उनकी तरफ से जो भी कार्य खेल की उन्नति के लिए रोहडू में संभव हो पाएगा वे करने के लिए तत्पर हैं। आज की युवा पीढ़ी खेलकूद की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग ले रही है, जो एक उज्ज्वल भविष्य की ओर इंगित करता है। इस कार्यक्रम में स्वीप नोडल ऑफिसर प्रोफेसर भरत खेपान, इलेक्शन कानूनगो प्रणीत बदवाण, कार्यालय कानूनगो मेहर चंद फिष्टा व आयोजन कमेटी के लगभग सभी सदस्य मौजूद रहे।

# स्वास्थ्य समस्याओं के समाधान के लिए विज्ञान जागृति जरूरी : डॉ. आगर

**अनंत ज्ञान, रोहडू**

वेद माता गायत्री जन कल्याण समिति की ओर से आयोजित एक दिवसीय पर्यावरण एवं स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों के समाधान के लिए विज्ञान जागृति अति आवश्यक है।



वेद माता गायत्री जन कल्याण समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में मौजूद लोग।

विज्ञान जागृति पर आयोजित चौपाल अभियान के अंतर्गत चिड़गांव के खाबल में बतौर रिसोर्स पर्सन मौजूद सेवानिवृत्त बागवानी विकास अधिकारी डॉ. आगर दास ने जानकारी देते हुए कहा कि अगर हम अपनी आने वाली पीढ़ी के जीवन व वर्तमान में हमारे समक्ष आ रही पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटना है, तो हमें अपने जीवन जीने के तौर तरीकों को पर्यावरण के अनुकूल बनाना अति आवश्यक है। अन्यथा हमें इसके नकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं। वहीं, पिछले कुछ साल के अंदर कृषि एवं बागवानी के क्षेत्र में आए परिवर्तन अचानक से नहीं हुए हैं। इसके पीछे हमारी जीवनशैली है, जिसको हमने स्वीकार किया है। इस अवसर पर डॉ. दिव्या ने स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल व अनुकूल प्रभाव एवं जीवनशैली में आए परिवर्तन के ऊपर जनसमुदाय को जागरूक किया। वहीं कुछ भी व्यंजन खाने से पहले उसके स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ेगा। इस पर अपना वक्तव्य जारी करते हुए परंपरागत फसलों एवं मिलेट्स की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष अनिल बेथूवान, परियोजना अधिकारी एवं विजय कुमार ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने राष्ट्रीय विज्ञान व प्रौद्योगिकी संचार परिषद (एनसीएसटीसी) की भूमिका एवं सहयोग की जानकारी दी और कैसे हम इन समस्याओं के समाधान के लिए आगे आकर एक माध्यम स्थापित कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### खुलकर खेलने के टीम प्रबंधन के संदेश ने किया कमाल : अभिषेक

**हैदराबाद ।** सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा है कि मुंबई के खिलाफ रिकॉर्डतोड़ बल्लेबाजी



प्रदर्शन के पीछे टीम प्रबंधन का खुलकर खेलने का संदेश था। सनराइजर्स के बल्लेबाजों ने रिकॉर्ड की झड़ी लगाते हुए मुंबई के खिलाफ आईपीएल का सर्वोच्च स्कोर तीन विकेट पर 277 रन बनाक 31 रन से जीत दर्ज की। इससे पहले आईपीएल का सर्वोच्च स्कोर पांच विकेट पर 263 रन था जो 2013 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने बनाया था। मुंबई इंडियंस के बल्लेबाज टिम डेविड ने कहा ,''यह बेहद रोमांचक मैच था । हमें अपने बल्लेबाजों पर भरोसा है और पिछले साल हमने बड़े लक्ष्य हासिल किए थे। हमारे बल्लेबाजों ने भी अच्छा खेला लेकिन थोड़ा पीछे रह गए। सनराइजर्स को जीत का पूरा श्रेय जाता है जिसने आखिर में अच्छी बल्लेबाजी की।''

### वॉर्नर, स्टोइनिस, एगर सीए के केंद्रीय अनुबंध से बाहर

**मेलबोर्न ।** वनडे और टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह चुके अनुभवी सलामी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर, हरफनमौला एश्टोन एगर और मार्कस स्टोइनिस को वर्ष 2024-25 के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखा गया है। विक्टोरिया के सलामी बल्लेबाज मार्कस हैरिस और तेज गेंदबाज माइकल नासिर को भी अनुबंध नहीं मिल सका है।

**क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के अनुबंधित खिलाड़ियों की सूची**
सीन एबोट, जेवियर बार्टलेट, स्कॉट बोलैंड, एलेक्स कैरी, पैट कमिंस, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, आरोन हार्डी, जोश हेजलवुड, ट्रेविस हेड, जोश इंगलिस, उस्मान ख्वाजा, मार्नस लाबुशेन, नाथन लियोन, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, लांस मौरिस, टॉड मरफी, झाय रिचर्डसन, मैट शॉर्ट, स्टीवन स्मिथ, मिशेल स्टार्क, एडम जम्पा।

### बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हुए राजिथा

**ढाका ।** बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से पहले श्रीलंका को करारा झटका लगा है, तेज गेंदबाज कासुन



राजिथा 30 मार्च से जहूर अहमद चौधरी स्टेडियम में होने वाले सीरीज के आखिरी मैच से बाहर हो गए हैं। राजिथा के स्थान पर असिथा फर्नांडो को टीम में शामिल किया गया है।

श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने एक बयान में कहा, 'कासुन राजिथा दूसरे टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं होंगे क्योंकि खिलाड़ी को बायीं ऊपरी पीठ पर चोट लगी है।' सिलहट में बांग्लादेश के खिलाफ शुरुआती टेस्ट में आठ विकेट लेने वाली राजिथा ने दूसरी पारी में पांच विकेट लेकर श्रीलंका की जीत में अहम भूमिका निभाई। यह मैच श्रीलंकाई टीम ने 328 रन से जीता था।

**आईपीएल-2024**

### आरसीबी और केकेआर ने जीते हैं अपने आखिरी लीग मुकाबले

# कोलकाता के सामने बेंगलुरु की चुनौती

**एजेंसी, बेंगलुरु**

पिछले मैच में मिली जीत से उनका हौसला बढ़ा हैं, लेकिन प्रदर्शन में परिपक्वता लाना बाकी है और शुक्रवार को आईपीएल-2024 के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) तथा कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) अपेक्षा के अनुरूप खेल दिखाने के इरादे से उतरेंगी। आरसीबी ने पिछले मैच में पंजाब किंग्स को चार विकेट से हराया जबकि केकेआर ने सनराइजर्स हैदराबाद को चार रन से मात दी। इसके बावजूद दोनों टीमों की शीर्ष और मध्यक्रम की बल्लेबाजी की समस्याएं बनी हुई हैं।

पंजाब के खिलाफ 177 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के अर्धशतक से आरसीबी खेमे ने राहत की सांस ली होगी। कप्तान फाफ डु प्लेसिस, ग्लेन मैक्सवेल, कैमरन ग्रीन और रजत पाटीदार से अभी अच्छी पारी की उम्मीद है। पंजाब के खिलाफ आखिरी क्षणों में दिनेश कार्तिक का अनुभव और 'इंपैक्ट खिलाड़ी' महिपाल लोमरोर की उपयोगी पारी उनके काम आई।

केकेआर के पास अच्छा गेंदबाजी आक्रमण है और एक इकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने पर वे आरसीबी के बल्लेबाजों की परेशानी का सबब बन सकते हैं। आरसीबी के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल ने पंजाब के खिलाफ अच्छी गेंदबाजी की लेकिन बाकी गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज अलजारी जोसेफ ने पहले मैच में 38 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला जबकि दूसरे मैच में 43 रन देकर एक विकेट लिया। ऐसे में आरसीबी खेमा इंग्लैंड के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज रीसे टॉपली को उतार सकता है।

केकेआर के पास शीर्ष और मध्यक्रम में कप्तान श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, सुनील नारेन और नीतिश राणा हैं जो ईडन गार्डंस पर सनराइजर्स के खिलाफ चल नहीं सके थे। इंपैक्ट खिलाड़ी रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह और आंद्रे रसेल छठे, सातवें और आठवें नंबर पर उतरकर टीम को अच्छे स्कोर तक पहुंचा पाए।



रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की फाइल फोटो।

### संभावित टीमें

**रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु :** फाफ डु प्लेसिस (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत, दिनेश कार्तिक, सुयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाश दीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉपले, हिमांशु शर्मा, राजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम करन, लॉकी फर्ग्यूसन, स्वप्निल सिंह, सौरव चौहान।

**कोलकाता नाइट राइडर्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), नीतिश राणा, मनीष पांडे, रमनदीप सिंह, रिंकू सिंह, शाकिब अल हसन, अनुकूल रॉय, वेंकटेश अय्यर, शेरफाने रदरफोर्ड, अंगकृष रघुवंशी, आंद्रे रसेल, सुनील नारेन, केएस भरत, फिल साल्ट, रहमानुल्लाह गुरबाज, वैभव अरोड़ा, चेतन सकारिया, दुष्मंता चामीरा, वरूण चक्रवर्ती, मिचेल स्टार्क, मुजीब उर रहमान, हर्षित राणा, सुयश शर्मा।

### मैंने अभी तक संन्यास के बारे में नहीं सोचा : मेसी

**वॉशिंगटन।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अभी तक संन्यास के बारे में नहीं सोचा है और उनका कहना है कि उनके खेल करियर को



समाप्त करने के फैसले में उम्र निर्णायक कारक नहीं होगी। 36 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि वह अपने करियर को तभी अलविदा कहेंगे जब उन्हें लगेगा कि वह योगदान देने में असमर्थ हैं।

मेसी ने कहा, 'मुझे पता है कि जिस क्षण मुझे लगेगा कि मैं अब प्रदर्शन नहीं कर रहा हूं, मैं इसका आनंद नहीं ले रहा हूं या अपने साथियों की मदद नहीं कर पा रहा हूं, मैं संन्यास ले लूंगा।'

अपनी कप्तानी में अर्जेंटीना को कतर में 2022 फीफा विश्व कप खिताब दिलाने वाले मेसी ने कहा कि उन्होंने वह सब कुछ हासिल किया है जिसकी फुटबॉल में उम्मीद की गई थी। विश्व कप में मेसी ने फ्रांस के खिलाफ फाइनल में दो गोल किए और टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दी जाने वाली गोल्डन बॉल जीती।

### मुफ्त पढ़ाई के लिए खेल से जुड़े थे नांद्रे बर्गर

**जयपुर ।** दक्षिण अफ्रीका के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नांद्रे बर्गर कभी क्रिकेटर बनना नहीं चाहते थे, बल्कि मुफ्त पढ़ाई के लिए उन्होंने खेल को चुना। उन्हें 2014 में क्रिकेट ट्रायल के जरिए विटवाटर्सरेंड यूनिवर्सिटी में दाखिला और पूरी स्कॉलरशिप मिली। उसके बाद से उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। दक्षिण अफ्रीका के 28 वर्ष के तेज गेंदबाज बर्गर ने पिछले साल दिसंबर में राष्ट्रीय टीम में पदार्पण किया।



राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 50 लाख रुपए में खरीदा जबकि उन्होंने पिछले महीने एसए20 में भी जोहानिसबर्ग सुपर किंग्स के लिए खेला था। बर्गर ने कहा ,'' अजीब लगता है न। विट्स उन छात्रों को स्कॉलरशिप दे रहा था जो क्रिकेट खेलते हैं। मैं क्रिकेटर बनना नहीं चाहता था लेकिन मुफ्त पढ़ाई के लिए हाथ आजमाने में बुराई नहीं थी। क्रिकेट मेरी पढ़ाई के लिए बैकअप था।''

## इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी-20 मैच से बाहर हुईं सोफी डिवाइन

**एजेंसी, वेलिंगटन**

न्यूजीलैंड की कप्तान सोफी डिवाइन क्वाड इंजरी के कारण इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टी20 मैच से बाहर हो गई हैं। डिवाइन को चौथे टी20 मैच के दौरान गेंदबाजी करते समय चोट लगी थी।



न्यूजीलैंड क्रिकेट ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में कहा कि स्कैन से पुष्टि हुई है कि डिवाइन को ग्रेड वन क्वाड स्ट्रेन हुआ है जिसके लिए थोड़े समय के पुनर्वास की आवश्यकता होगी।

वह वेलिंगटन में टीम के साथ रहेंगी, जहां पांचवां टी-20 मैच खेला जाएगा। 1 अप्रैल से शुरू होने वाली तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज में उनकी भागीदारी पर बाद में फैसला लिया जाएगा।

जॉर्जिया प्लिमर, जो न्यूजीलैंड ए टीम के साथ थीं, को डिवाइन के प्रतिस्थापन के रूप में टीम में बुलाया गया है। न्यूजीलैंड चाहेगा कि जब एकदिवसीय मैच शुरू हो तो डिवाइन को टीम में शामिल किया जाए, क्योंकि टीम ने एक मैच बाकी रहते टी-20 सीरीज अपने नाम कर ली है। डिवाइन अब तक सीरीज में न्यूजीलैंड के लिए बेहतर प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में से एक रही हैं, उन्होंने दो पारियों में 150.98 की स्ट्राइक रेट से 77 रन बनाए और चार विकेट लिए।

### आईपीएल का उद्घाटनी मुकाबला 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने देखा

**एजेंसी,मुंबई**

आईपीएल के 17वें सत्र के पहले दिन उद्घाटन समारोह और मैच को रिकॉर्ड 16 करोड़ 80 लाख दर्शकों ने देखा। मेजबान प्रसारक ने यह जानकारी दी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आधिकारिक प्रसारक डिजनी स्टार ने कहा कि पहले दिन के खेल का 'वाचटाइम' (देखने का समय ) 1276 करोड़ मिनट रहा जो किसी भी सत्र में पहले दिन का रिकॉर्ड है।



आईपीएल के 17वें सत्र में पहले दिन डिजनी स्टार नेटवर्क पर छह करोड़ से अधिक दर्शकों ने प्रसारण देखा। गत चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हराया था।

स्टार स्पोर्ट्स के एक प्रवक्ता ने कहा ,'' यह बड़ी उपलब्धि है जिसे स्टार स्पोर्ट्स के दर्शकों के प्रेम ने संभव कर दिखाया। हम अपने सभी साझेदारों और बीसीसीआई के साथ टाटा आईपीएल को धन्यवाद देते हैं।''

### पंजाब के सीएम मान के घर गूंजी किलकारी, पत्नी ने दिया बेटी को जन्म

**चंडीगढ़।** पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के घर किलकारियां गूंजी हैं, उनकी पत्नी डॉ. गुरप्रीत कौर ने बेटी को जन्म दिया है।



मान ने खुद अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक पोस्ट साझा करते हुए लिखा कि परमात्मा की कृपा से बेटी हुई है। जच्चा एवं बच्चा दोनों तंदुरुस्त हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भगवंत मान ने जुलाई 2022 में डॉक्टर गुरप्रीत कौर के साथ दूसरा विवाह किया था। गुरप्रीत कौर कुरुक्षेत्र (हरियाणा) की रहने वाली हैं। साल 2015 में मान ने अपनी पहली पत्नी से तलाक ले लिया था।

### चीन ने ऑस्ट्रेलियाई शराब पर लगा शुल्क हटाया

**बीजिंग।** चीन ने तीन साल पहले ऑस्ट्रेलियाई शराब पर लगाए गए शुल्क को हटाने की वीरवार को घोषणा की। चीन का यह कदम दोनों के बीच संबंधों में सुधार का संकेत है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने बताया कि यह फैसला शुक्रवार से प्रभावी होगा। चीन ने राजनयिक तनातनी के बाद 2020 में ऑस्ट्रेलियाई शराब पर भारी शुल्क लगा दिया था, इससे आस्ट्रेलिया शराब बाजार को तगड़ा झटका लगा था क्योंकि आस्ट्रेलियाई शराब का भारी मात्रा में चीन को निर्यात किया जाता है।



### भारत से व्यापार को लेकर नीति में कोई बदलाव नहीं : पाकिस्तान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने वीरवार को स्पष्ट किया कि भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को फिर से शुरू करने की उसकी कोई योजना नहीं है। भारत सरकार द्वारा 2019 में जम्मू-कश्मीर की विशेष स्थिति को समाप्त करने के लिए संविधान के अनुच्छेद 370 को रद्द करने के बाद से पड़ोसी देश से व्यापारिक संबंध 'न के बराबर' हैं। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय की ओर से यह स्पष्टीकरण नए विदेश मंत्री इसहाक डार द्वारा लंदन में दिए उस बयान के कुछ दिन बाद आया है कि पाकिस्तान भारत के साथ व्यापार संबंधों को बहाल करने पर गंभीरता से विचार करेगा, जो अगस्त, 2019 से निलंबित हैं।

### वित्त वर्ष के अंतिम दिन सेंसेक्स 655 अंक चढ़ा, निफ्टी भी मजबूत

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों में वीरवार को चालू वित्त वर्ष (2023-24) के अंतिम कारोबारी सत्र में जोरदार तेजी आई और बीएसई सेंसेक्स 655 अंक उछल गया। वैश्विक बाजारों के सकारात्मक रुख के बीच बिजली, वाहन और बैंक शेयरों में भारी लिवाली से बाजार में लगातार दूसरे दिन तेजी रही। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 655.04 अंक यानी 0.90 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,651.35 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,194 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 203.25 अंक चढ़कर 22,326.90 अंक पर बंद हुआ। वित्त वर्ष 2023-24 में बीएसई सेंसेक्स 14,659.83 अंक यानी 24.85 अंक मजबूत हुआ। वहीं निफ्टी 4,967.15 अंक यानी 28.61 प्रतिशत चढ़ा।

### फिनलैंड दुनिया का सबसे खुशहाल देश

**लुंड ( स्वीडन )।** फिनलैंड लगातार दुनिया के सबसे खुशहाल देश के रूप में कायम है। मार्च 2024 में देश को लगातार सातवें साल खुशहाली चैंपियन का दर्जा दिया गया। रैंकिंग एक सरल प्रश्न पर आधारित है, सीढ़ी रूपक का उपयोग करते हुए यह सवाल दुनिया के लगभग हर देश में लोगों से पूछा जाता है, लेकिन मेरी टीम के नए प्रायोगिक अध्ययन से पता चलता है कि सीढ़ी का रूपक लोगों को शक्ति और धन के बारे में सोचने पर मजबूर करता है। साल 2005 से गैलप एनालिटिक्स संगठन पूरे ग्रह पर खुशी को मापने के लिए काम कर रहा है। यह मिशन विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, क्योंकि अधिक से अधिक सरकारें कहती हैं कि वे अपने लोगों की भलाई को प्राथमिकता दे रही हैं।



### तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान ने बेंगलुरु के आसमान में भरी पहली उड़ान

**नई दिल्ली।** रक्षा विमानन क्षेत्र में भारत का स्वर्ण युग गुरुवार को 4.5 पीढ़ी के तेजस एमके-1ए लड़ाकू विमान की पहली उड़ान के साथ शुरू हो गया है। पूरी तरह से स्वदेशी लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट ने आज दिन में 1.15 बजे के आसपास बेंगलुरु में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) के हवाई अड्डे से उड़ान भरी। भारत के नए एडवांस तेजस एमके-1ए ने आज पहली उड़ान के रूप में हवा में 18 मिनट बिताए और 1.33 बजे सुरक्षित वापस उतर गया।



### श्रीलंका के पीएम ने चीनी राष्ट्रपति शी चिनफिंग से की मुलाकात

**एजेंसी, कोलंबो**

चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने श्रीलंका की राजनीतिक और सामाजिक-आर्थिक प्रगति के प्रयासों के लिए प्रधानमंत्री दिनेश गुणावर्द्धने को लगातार सहयोग का आश्वासन दिया है। उन्होंने यह भी कहा कि श्रीलंका की क्षेत्रीय अखंडता और संप्रभुता को बचाने के लिए बीजिंग खड़ा रहेगा।



प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि चीन और श्रीलंका ने बुधवार को बीजिंग के ग्रेट हॉल में शी और गुणावर्द्धने के बीच एक बैठक के दौरान दोस्ती, शांति, आपसी सम्मान और किसी देश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं करने के अंतरराष्ट्रीय सिद्धांत के तहत कामकाज जारी रखने पर सहमति व्यक्त की।

## सिने जगत

### पूनम पांडे ने दिखाया अपना हॉट अंदाज

***बॉलीवुड** की बोल्ड एक्ट्रेस व मॉडल पूनम पांडे सोशल मीडिया पर कहर ढाने के लिए मशहूर है। एक्ट्रेस आए दिन अपने सिजलिंग अवतार से फैंस का दिल धड़कती रहती है। जिसे उनके फैंस भी काफी पसंद करते हैं। वहीं हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी हॉट फोटोशूट का एक वीडियो शेयर किया है, जिसे देखने के बाद आपका दिल धक-धक होने लग जाएगा। इस वीडियो में पूनम पांडे ने ब्लैक कलर की बिकनी पहनी है। इसके साथ ही एक्ट्रेस ने लाइट मेकअप के साथ बाल खुले छोड़े हैं और कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक सेक्सी पोज देती नजर आ रही है। एक्ट्रेस के इस हॉट वीडियो देखकर फैंस लट्टू हो रहे हैं और तारीफों के पुल बांध रहे हैं। वहीं फैंस को पूनम का बोल्ड अवतार काफी पसंद आ रहा है। एक्ट्रेस की तस्वीरों पर फैंस लगातार कमेंट कर रहे हैं।*





### आदित्य रॉय कपूर के साथ अपने रिश्ते पर अनन्या पांडे ने तोड़ी चुप्पी

***बॉलीवुड** स्टार अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर अकसर अपनी डेटिंग को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। हालांकि दोनों ने सार्वजनिक रूप से अपने रिश्ते का खुलासा नहीं किया है, लेकिन कई बार पैपराजी ने उन्हें एक साथ स्पॉट किया है। इंटरव्यू के दौरान अप्रत्यक्ष रूप से एक-दूसरे के बारे में बात करने से उनकी डेटिंग की चर्चाएं शुरू हो गईं। एक इंटरव्यू में जब अनन्या पांडे से पूछा गया कि क्या वह आदित्य रॉय कपूर को डेट कर रही हैं तो अनन्या ने कहा, 'मैंने ऐसा नहीं कहा, हम सिर्फ दोस्त हैं। यह सब आप बात करते हैं, आप कहते हैं।' अनन्या और आदित्य ने इस साल की शुरुआत में यूरोप की यात्रा की। इससे पहले, अनन्या और आदित्य एक कॉन्सर्ट में साथ गए देखा गया। आनंद अंबानी और राधिका मर्चेंट को अक्सर प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन के दौरान एक-दूसरे के साथ समय बिताते देखा गया।*

### जेल से बाहर आने के बाद एल्विश यादव पहुंचे सिद्धिविनायक मंदिर

**यू-ट्यूबर** और बिग बॉस ओटीटी-2 के विजेता एल्विश यादव कुछ दिन पहले ही जमानत पर जेल से बाहर आए हैं। उन्हें मुंबई के सिद्धिविनायक मंदिर में बप्पा का आशीर्वाद लेते देखा गया। कुख्यात सांप जहर मामले में जमानत मिलने के बाद एल्विश सिद्धिविनायक मंदिर पहुंचे। एल्विश की फैमिली फोटो सोशल मीडिया पर ट्रेंड कर रही है। एल्विश ने बुधवार देर रात अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर फोटो पोस्ट की। फोटो में एल्विश सिद्धिविनायक के चरणों में आशीर्वाद लेते नजर आ रहे हैं। उनके साथ दोस्त राघव शर्मा और लवकेश कटारिया भी थे। दूसरी फोटो में एल्विश का पूरा परिवार नजर आ रहा है। इस फोटो में एल्विश के माता-पिता, दादी-दादी, बहन और जीजू सब साथ में नजर आ रहे हैं। एल्विश ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, 'माय बैकबोन'। सांप के जहर मामले में नोएडा पुलिस ने 17 मार्च को एल्विश यादव को हिरासत में लिया था। एल्विश की संलिप्तता के सबूत मिलने का दावा करने के बाद पुलिस ने एल्विश को जेल भेजा। यह देखना है कि एल्विश का मामला क्या मोड़ लेगा।



### संजय लीला भंसाली की वेब सीरीज 'हीरामंडी' एक मई को होगी रिलीज

**अपनी** बिग बजट फिल्मों से दर्शकों का मनोरंजन करने वाले मशहूर डायरेक्टर संजय लीला भंसाली अब ओटीटी पर डेब्यू करेंगे। उनकी मल्टीस्टारर वेब सीरीज 'हीरामंडी: द डायमंड बाजार' की रिलीज डेट जानने के लिए फैंस काफी उत्साहित थे। हाल ही में मुंबई के महालक्ष्मी रेसकोर्स में ड्रोन कैमरे के जरिए इसके प्रीमियर की तारीख की घोषणा की गई। संजय लीला भंसाली की बहुप्रतीक्षित वेब सीरीज 1 मई 2024 से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। नेटफ्लिक्स इंडिया द्वारा आयोजित इस शानदार कार्यक्रम में अदिति राव हैदरी को छोड़कर 'हीरामंडी' की पूरी स्टारकास्ट मौजूद थी। संजय लीला भंसाली ने 'हीरामंडी' की अभिनेत्रियों सोनाक्षी सिन्हा, मनीषा कोइराला, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, शर्मीन सहगल और नेटफ्लिक्स इंडिया सीरीज की निर्देशक तान्या बामी के साथ 'हीरामंडी' की रिलीज डेट की घोषणा की। इस बीच कार्यक्रम के संचालक सचिन कुंभार ने अदिति राव हैदरी की शादी की खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि शादी के कारण अदिति इस भव्य समारोह में शामिल नहीं हो सकीं।

